हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08



**रुतुराज ने कार्तिक, कंबोज और नूर की जमकर...**

www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 04 मई 2026, वर्ष- 09, अंक- 69, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

## मिशन दृष्टि सफलतापूर्वक लॉन्च पीएम ने गैलेक्सीआई टीम को दी बधाई

### अब मौसम आपदा, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिलेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया। इस उपग्रह से मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- गैलेक्सीआई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक अहम उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार इमेजर लगा हुआ है। दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार को संयोजित करने वाली तकनीक है। परंपरागत रूप से उपग्रह या तो ऑप्टिकल सेंसर या फिर रडार पर निर्भर करते हैं। ऑप्टिकल सिस्टम तस्वीरों के समान विस्तृत और कलर्ड फोटो कैप्चर करते हैं, लेकिन बादल छाए रहने और अंधेरे से जमीनी तस्वीर स्पष्ट नहीं मिलती है। दूसरी ओर रडार सिस्टम बादलों के पार देखने के लिए रेडियो तरंगों का उपयोग करते हैं और रात में भी काम करते हैं, हालांकि वे आमतौर पर कम स्पष्ट छवियां उत्पन्न करते हैं। ऑप्टोसार एक ही उपग्रह में दोनों तकनीकों को एकीकृत करके इस अंतर को पाटता है। यह एक ही बार में ऑप्टिकल और रडार डाटा को एक साथ कैप्चर करता है, फिर आउटपुट को एक एकीकृत छवि में मिलाता है। परिणामस्वरूप हर मौसम में बादलों के रहते हुए भी पृथ्वी की अत्यंत विस्तृत तस्वीरें मिल सकेंगी। यह भारत के सबसे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले उपग्रहों में से एक है।

## बढ़ने लगी महंगाई: दूध 4 रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा

### प्रोसेसिंग और ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ने का दिया हवाला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश में बढ़ते ईंधन के दामों के साथ ही महंगाई बढ़ने की चिंता सभी को सता रही है, ऐसे में अब दूध के दाम बढ़ने से आम जनता की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ओडिशा में दूध की कीमतों में 4 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह फैसला ओडिशा मिल्क एंड डेयरी कोऑपरेटिव फेडरेशन (ओएमएफईडी) ने लिया है। जानकारी के अनुसार, दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का कारण प्रोसेसिंग और परिवहन लागत में वृद्धि को बताया जा रहा है। राज्य के पशु संसाधन विकास मंत्री गोकुलानंद मल्लिक ने नई कीमतों की घोषणा करते हुए बताया कि संशोधित दरें रविवार से लागू हो चुकी हैं। नई दरों के तहत टोंड दूध की कीमत 50 रुपये से बढ़ाकर 54 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह प्रीमियम दूध अब 54 रुपये से बढ़कर 58 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। गोल्ड प्रीमियम दूध की कीमत 56 रुपये से बढ़कर 60 रुपये प्रति लीटर और गोल्ड प्रीमियम प्लस वेरिएंट 60 रुपये से बढ़कर 64 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसके अलावा 500 मिलीलीटर पैक की कीमतों में भी बदलाव किया गया है, जहां टोंड दूध 27 रुपये और प्रीमियम दूध 29 रुपये में उपलब्ध होगा। मंत्री गोकुलानंद मल्लिक ने कहा कि दूध की कीमतों में लंबे समय से कोई संशोधन नहीं हुआ था, इसलिए यह बढ़ोतरी आवश्यक हो गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों के हित में दूध की खरीद कीमत बढ़ा रही है ताकि उन्हें बेहतर लाभ मिल सके। फेडरेशन ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध के दामों में भी वृद्धि की है। गाय के दूध की खरीद कीमत में 1 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 39.05 रुपये प्रति लीटर किया गया है, जबकि भैंस के दूध पर 1.60 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त दिया जाएगा। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि अन्य ब्रांडेड कंपनियों की तुलना में फेडरेशन अभी भी सस्ती दरों पर दूध उपलब्ध करा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं को गुणवत्ता में किसी तरह की कमी न होने का भरोसा भी दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ विश्लेषकों का कहना है कि दूध की कीमतों में इस बढ़ोतरी ने एक बार फिर आम उपभोक्ताओं पर महंगाई के दबाव को उजागर कर दिया है, जिससे घरेलू बजट पर असर पड़ना तय है।

## समुद्री डाकुओं ने तेल टैंकर को किया हाईजैक, 10 दिन में यह दूसरी घटना

### अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स पर बढ़ी चिंता, लाल सागर से गुजर रहे जहाजों पर खतरा

**एजेंसी। वॉशिंगटन**




अमेरिका-ईरान के तनाव के चलते होर्मुज बंद है। वहीं जो जहाज लाल सागर से गुजर रहे हैं उनके ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है। यमन के तट के पास एक बार फिर समुद्री लुटेरों का खतरा बढ़ता दिख रहा है। सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने एक तेल टैंकर को हाईजैक कर लिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स पर चिंता बढ़ गई है। यह तब हुआ है जब अमेरिकी नेवी अरब सागर में मौजूद है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि सोमाली सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक 'एमटी यूरेका' नाम के इस टैंकर को गल्फ ऑफ अदन में हथियारबंद लोगों ने कब्जे में ले लिया। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समय के मुताबिक सुबह करीब 5 बजे हुआ। टैंकर टोगो के झंडे के तहत चल रहा था और यमन के काना पोर्ट के पास समुद्री लुटेरों ने इसे अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि हमलावर सोमालिया के पुंटलैंड क्षेत्र के क़ंदाला इलाके से निकले थे और सीधे जहाज पर चढ़कर उसे अपने नियंत्रण में ले लिया। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक हाईजैक के बाद टैंकर अब यमन और सोमालिया के बीच गल्फ ऑफ अदन में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही सोमालियाई जलक्षेत्र में लंगर डाल सकता है। इस घटना ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पिछले 10 दिनों में दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले 22 अप्रैल को ऑनर 25 नाम के एक और तेल टैंकर को सोमाली समुद्री डाकुओं ने कब्जे में लिया था, जिसमें 18,500 बैरल तेल था और वह मोगादिशु जा रहा था। उसके क्रू में पाकिस्तानी और एक भारतीय भी थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से साफ है कि समुद्री लुटेरों की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक 2011 के बाद सोमालिया में समुद्री डकैती काफी कम हो गई थी, लेकिन 2023 के अंत से इसमें फिर उछाल आया है। इसकी बड़ी वजह यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से लाल सागर और गल्फ ऑफ अदन में जहाजों पर हमले हैं। इन हमलों के चलते अंतरराष्ट्रीय नौसेनाओं का ध्यान हूती खतरे पर चला गया, जिससे सोमाली समुद्री डाकुओं को फिर सक्रिय होने का मौका मिल गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल की खाड़ी में चीन का जासूसी जहाज शी यान 6 दाखिल



**नई दिल्ली।** जासूसी की अपनी पुरानी फितरत को दोहराते हुए चीन ने एक बार फिर बंगाल की खाड़ी में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बीजिंग का अत्याधुनिक रिसर्च वेसल और जासूसी जहाज 'शी यान 6' भारतीय समुद्री सीमा के करीब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में दाखिल हो चुका है। सैटेलाइट इमेजरी और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए नक्शों से इस बात की पुष्टि हुई है कि मालदीव के माले में ईंधन और रसद भरने के बाद यह जहाज अब सीधे भारत के रणनीतिक बैकयार्ड की टोह लेने के मिशन पर निकल पड़ा है। यह जहाज मार्च 2025 में हिंद महासागर क्षेत्र में दाखिल हुआ था और तब से लगातार भारत की समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहा है। शी यान 6 का यह मिशन केवल वैज्ञानिक शोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के ग्रेटर निकोबार प्रोजेक्ट के लिए एक बड़ा खतरा माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन का यह साइलेंट किलर जहाज चार प्रमुख तरीकों से भारत की सुरक्षा में सेंध लगा सकता है। सबसे बड़ा खतरा समुद्री सतह के नीचे का डेटा चोरी करना है, जो भविष्य में चीनी पनडुब्बियों के लिए गुप्त रास्ते बनाने में मदद कर सकता है। चीन की इस चालबाजी का दूसरा बड़ा कारण उसका मलक्का डिलेमा है। चीन का लगभग 80 प्रतिशत तेल व्यापार मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, जहाँ भारत का ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट एक गेटकीपर की भूमिका निभाता है।

### क्रूज हादसा: चौथे दिन मिले चाचा-भतीजे के शव, अब मरने वालों की संख्या हुई 13



**जबलपुर।** जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे में रविवार सुबह कामराज आर का शव निकाला गया। इससे पहले सुबह करीब 6 बजे उनके 8 साल के भतीजे मयूरन की डेडबॉडी मिली थी। वह त्रिची (तमिलनाडु) से आया था। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले शनिवार शाम 6 बजे दो बच्चों के शव मिले थे। इनमें से एक की पहचान श्रीतमिल पिता कामराज (5) और विराज पिता कृष्ण सोनी (5) के रूप में हुई थी। हादसे के पहले दिन 4 शव, दूसरे दिन 5, तीसरे दिन 2 और चौथे दिन दो शव मिले। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि एहतियात के तौर पर आज दिनभर सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा। बता दें 30 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे मप्र टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। उसमें करीब 47 पर्यटक सवार थे, जबकि टिकट सिर्फ 29 लोगों की ही कटी थी। हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ था। उस वक्त हवा की रफ्तार करीब 74 किमी/घंटा थी। बरगी क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले तमिलनाडु के पर्यटकों के शव उनके गृह राज्य भेजे गए। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से कार्गो विमान के जरिए शवों को त्रिची रवाना किया गया। शुरुआत में तकनीकी कारणों से एक कार्गो विमान में दिक्कत आई, जिसके बाद शवों को दूसरे विमान से भेजा गया। मृतकों के परिजन भी साथ में गए।

## जमैका दौरे पर किंग्स्टन पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर शीर्ष नेतृत्व और भारतीय समुदाय से करेंगे मुलाकात

**एजेंसी। किंग्स्टन**



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर जमैका की राजधानी किंग्स्टन पहुंच गए, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने जमैका की विदेश मंत्री कामिना जॉनसन स्मिथ के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वह जमैका की अपनी पहली यात्रा पर मिले स्वागत से अभिभूत हैं। अगले दो दिनों में वह जमैका के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक समुदाय और भारतीय मूल के लोगों से संवाद करेंगे। किंग्स्टन में उनके आगमन पर भारतीय मूल के लोगों और बच्चों ने विशेष रूप से उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि विदेशमंत्री का यह दो दिनों का दौरा है, जिसके दौरान विदेश मंत्री जमैका के वरिष्ठ नेताओं, व्यापारिक प्रतिनिधियों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा व्यापक कैरेबियाई दौरे का हिस्सा है। डॉ. जयशंकर जमैका के अलावा सूरीनाम तथा त्रिनिदाद और टोबैगो की भी आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दौरा 10 मई तक चलेगा। इस दौरान विदेश मंत्री तीनों देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी।

## बच्चों में मधुमेह प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय गाइडलाइन जारी, मुफ्त इंसुलिन और जांच सुविधा का ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान बच्चों में 'मधुमेह मेलिटस' (डायबिटीज) के प्रबंधन के लिए एक विस्तृत राष्ट्रीय मार्गदर्शिका जारी की। इस पहल के साथ भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने बचपन में होने वाले मधुमेह को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में शामिल किया है। मंत्रालय के अनुसार, इस दस्तावेज़ के जरिए पहली बार देश में बाल मधुमेह की जांच, निदान और उपचार के लिए एक मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की सार्वभौमिक जांच सुनिश्चित करना है। योजना के तहत सामुदायिक स्तर और स्कूलों में प्रारंभिक पहचान के बाद संदिग्ध बच्चों को जिला स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा जाएगा। सरकार ने इस पहल के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में व्यापक सहायता पैकेज की भी घोषणा की है। इसमें निःशुल्क स्क्रीनिंग और जांच सेवाएं, आजीवन मुफ्त इंसुलिन थेरेपी, ग्लूकोमीटर और टेस्ट स्ट्रिप्स जैसे जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका मकसद खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है। जल्दी पहचान को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने "4 टी" ढांचे पर जोर दिया है, ताकि माता-पिता और शिक्षक शुरुआती लक्षणों को आसानी से पहचान सकें। इनमें बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, अत्यधिक थकान या सुस्ती महसूस होना और अचानक वजन कम होना शामिल हैं। दिशा-निर्देशों में केवल उपचार ही नहीं, बल्कि परिवारों के सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें इंसुलिन देने की सही तकनीक, नियमित निगरानी और आपात स्थिति में प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मंत्रालय का मानना है कि इस समग्र दृष्टिकोण से देश में बाल मधुमेह के मामलों की समय पर पहचान और बेहतर उपचार संभव हो सकेगा, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता बेहतर होगी।

## भारत–कंबोडिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'सिनबैक्स' के लिए भारतीय दल रवाना

**नई दिल्ली।** द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'सिनबैक्स' के लिए भारतीय सेना का दल कंबोडिया रवाना हो गया है। यह अभ्यास 04 से 17 मई तक कंबोडिया साम्राज्य के कंम्पोंग स्पेयू प्रांत स्थित टेको सेन फ्नोम थॉम म्रीस प्रॉव रॉयल कंबोडियन एयर फोर्स प्रशिक्षण केंद्र (कैंप बेसिल) में होगा। भारत के रक्षा सहयोग के अंतर्गत कंबोडिया के साथ यह द्विपक्षीय अभ्यास 'सिनबैक्स-द्वितीय' वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिदृश्य के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अध्याय VII के ढांचे के अंतर्गत होगा, जिसमें उप-पारंपरिक वातावरण में अभियानों के संचालन का संयुक्त प्रशिक्षण प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय सेना के दल में 120 सैन्य कर्मी हैं, जिनमें अधिकांश मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन से हैं। कंबोडियाई दल 160 कार्मिकों का है, जो रॉयल कंबोडियन आर्मी से हैं। यह संयुक्त अभ्यास उन आतंकवाद-रोधी अभियानों की वर्तमान कार्य-प्रक्रिया के अनुरूप होगा, जिनका सामना संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों के दौरान शांति-रक्षक बल करते हैं। इस द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास के उद्देश्य की प्राप्ति विभिन्न व्यावहारिक एवं व्यापक विचार-विमर्शों तथा सामरिक अभ्यासों के माध्यम से की जाएगी।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर 21 मई को फिर वोटिंग; गड़बड़ी के लगे थे आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर मतदान में गड़बड़ी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने 29 अप्रैल को हुए मतदान को स्थगित करते हुए सभी पोलिंग बूथों पर दोबारा मतदान कराने की घोषणा की है। चुनाव आयोग के अनुसार, फलता विधानसभा क्षेत्र के कई पोलिंग स्टेशनों पर मतदान के दौरान गंभीर अनियमितताएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप की घटनाएं सामने आई थीं। इसे देखते हुए सहायक बूथों सहित सभी 285 पोलिंग स्टेशनों पर पुनर्मतदान कराया जाएगा। आयोग ने बताया कि 21 मई 2026 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक नए सिरे से मतदान होगा, जबकि मतगणना 24 मई 2026 को की जाएगी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान हुआ था। 29 अप्रैल को फलता सीट पर ईवीएम से छेड़छाड़ और मशीनों पर टेप लगाए जाने के आरोप सामने आए थे।

## दिल्ली का विवेक विहार लाक्षागृह, जलकर मरे 9 लोगों की पहचान, इनमें एक परिवार के पांच सदस्य शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार फेज-1 स्थित एक रिहायशी चारमंजिला इमारत में रविवार तड़के लगी आग में जान गंवाने वाले नौ लोगों की पहचान कर ली गई है। इस लाक्षागृह में एक ही परिवार के पांच सदस्य जिंदा जले हैं। पुलिस के अनुसार, दूसरी मंजिल पर पीछे वाले फ्लैट से एक परिवार के पांच लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ वर्षीय पोता मास्टर आकाश जैन के रूप में हुई है। पहली मंजिल से शिखा जैन (45) का शव बरामद किया गया। तीसरी मंजिल से एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले, जिनकी पहचान नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) के रूप में हुई है। हादसे में झुलसे नवीन जैन (48)को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत के बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस के अनुसार, तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग के अलावा अन्य टीमें तत्काल घटनास्थल (विवेक विहार फेज-1 स्थित मकान नंबर बी-13) पर पहुंचे।दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर ऊंची लपटें उठ रही थीं। दमकलकर्मियों और पुलिस ने संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए आग में फंसे करीब 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर नियंत्रण पाने के लिए 12 दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। आग बुझाई जा चुकी है। दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक के अनुसार, इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है।आग इमारत के छह फ्लैटों में रखे घरेलू सामान से फैली। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ झुलसे शव बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों से लगी हो सकती है।

## युद्ध या समझौता: मझधार में फंसे डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

**वार्ता के भविष्य पर संशय बरकरार**



अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी सैन्य तनाव अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से चर्चा के दौरान स्पष्ट किया है कि वर्तमान परिस्थितियों में अमेरिका के पास केवल दो ही विकल्प शेष हैं या तो ईरान के विरुद्ध एक व्यापक सैन्य अभियान छेड़ दिया जाए या फिर कूटनीतिक बातचीत के जरिए किसी ठोस समझौते पर पहुंचा जाए। ट्रंप ने संकेत दिया कि हालांकि वह व्यक्तिगत रूप से युद्ध के बजाय समाधान पसंद करेंगे, लेकिन ईरान द्वारा हाल ही में भेजा गया शांति प्रस्ताव अमेरिका की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने रक्षा अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका ऐसी कोई आधी-अधूरी डील स्वीकार नहीं करेगा जिससे कुछ वर्षों बाद पुनः संकट खड़ा हो। गौरतलब है कि ईरान ने पाकिस्तान की मध्यस्थता के जरिए अपना नया प्रस्ताव गुरुवार को इस्लामाबाद को सौंपा था, जिसे अमेरिकी प्रशासन ने फिलहाल अपर्याप्त माना है। याद रहे कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के बाद शुरू हुआ संघर्ष 8 अप्रैल से युद्धविराम की स्थिति में है, लेकिन कूटनीतिक गतिरोध अब भी बना हुआ है। इस तनाव का सबसे गंभीर असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पड़ रहा है, जहां ईरान की पकड़ के कारण वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति बाधित हुई है। जवाब में अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा की कीमतों में अस्थिरता देखी जा रही है। अमेरिका की मुख्य शर्त यह है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और समृद्ध यूरेनियम से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह बंद करे, जबकि ईरान के अधिकारियों का कहना है कि वे दबाव में आकर कोई समझौता नहीं करेंगे। वर्तमान में दोनों देश आंतरिक चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और युद्ध के अनिश्चित परिणामों के कारण ट्रंप प्रशासन पर राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है, वहीं ईरान में महंगाई की दर 50% के पार पहुंच गई है जिससे वहां की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। इसी बीच अमेरिका ने ईरान की तीन विदेशी मुद्रा कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाकर आर्थिक दबाव और बढ़ा दिया है। फिलहाल युद्धविराम तो कायम है, लेकिन शांति वार्ता के असफल होने की आशंका ने पूरी दुनिया को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। कूटनीतिक गलियारों में अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या दोनों देश युद्ध के विनाशकारी विकल्प को छोड़कर किसी साझा सहमति पर पहुंच पाएंगे।

## इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में 24 घंटे में किए 50 हमले, 41 की मौत, अभी भी मंडरा रहे ड्रोन

**बेरूत।** इजराइल ने 16 अप्रैल से लागू सैन्य विराम के बीच लेबनान पर हमले तेज कर दिए हैं। अकेले दक्षिणी लेबनान में पिछले 24 घंटों में इजरायल ने 50 हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 41 लोग मारे गए। इजराइली हमलों में अब तक अब तक 2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस समय समूचे लेबनान में इजराइली ड्रोन मंडरा रहे हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी लेबनान में इजराइली सैन्य गतिविधियां और तेज हो गई हैं। इजराइल ने शनिवार शाम से दक्षिणी लेबनान के अधिकांश इलाकों में बमबारी की है। रविवार सुबह कई शहरों में जबरदस्त धमाके हुए हैं। स्थिति बहुत तनावपूर्ण बनी हुई है। इस समय दक्षिणी लेबनान के ऊपर ड्रोन उड़ रहे हैं। बमबारी में चिहीन शहर में भारी तबाही हुई है। अल-तुफ्फाह जिले के अर-रयहान शहर में जोरदार विस्फोट हुआ है। बिगड़े हालात के बीच दक्षिणी लेबनान के लोग बाल-बच्चों के साथ पलायन कर रहे हैं। पिछले 24 घंटे से समूचा दक्षिणी लेबनान बमबारी का सामना कर रहा है। लेबनान और इजराइल के मध्य संघर्ष का पुराना इतिहास है।

## वृंदावन में आकार ले रहा दुनिया का सबसे ऊंचा चंद्रोदय मंदिर

**वृंदावन।** धर्म और आध्यात्म की नगरी वृंदावन में विश्व के सबसे ऊंचे देवालय चंद्रोदय मंदिर का निर्माण कार्य एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। मंदिर का दक्षिणी भाग (साउथ ब्लॉक) पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है, जिसके लोकार्पण की भव्य तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही अब मुख्य मंदिर के निर्माण के लिए आधारशिला रखने की योजना बनाई जा रही है। यह भव्य मंदिर न केवल स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना होगा, बल्कि इसकी ऊंचाई ऐतिहासिक कुतुब मीनार से भी लगभग तीन गुना अधिक होगी। कुतुब मीनार की ऊंचाई जहां 73 मीटर है, वहीं 70 मंजिला चंद्रोदय मंदिर 212 मीटर ऊंचा होगा। मंदिर प्रबंधन इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। संभावना जताई जा रही है कि यदि प्रधानमंत्री का आगमन होता है, तो वे साउथ ब्लॉक का लोकार्पण करने के साथ ही दुनिया के सबसे ऊंचे मुख्य मंदिर की आधारशिला भी रखेंगे। अक्षयपात्र फाउंडेशन के 110 एकड़ परिसर में बन रहे इस मंदिर के सबसे ऊपरी तल पर भगवान श्रीराधाकृष्ण विराजमान होंगे, जहां से पूरे ब्रजमंडल का विहंगम दृश्य देखा जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंदीय मंत्री आदि से शिष्टाचार मुलाकात किए

» हुआ बिहार के आर्थिक विकास, उन्नयन और प्रगति के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा



**पटना।**बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंदीय मंत्री आदि से शिष्टाचार मुलाकात कर बिहार के अर्थिक विकास, उन्नयन और प्रगति के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा किए l श्री सम्राट चौधरी दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ,वित्त मंत्री निर्मला रमण, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा , जीतन राम मांझी, ललन सिंह ,भाजपा के महामंत्री व बिहार प्रभारी बिनोद तावडे आदि से औपचारिक मुलाकात किए l

### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिकाः विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर बोले विधानसभा अध्यक्ष



**पटना।**बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि यह दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और जागरूक समाज को बढ़ावा देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1993 में की गई थी। यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा में मील का पत्थर माने जाने वाले "विंडहोक घोषणा पत्र" की वर्षगांठ का प्रतीक है। इसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लघंनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना है। यह दिवस मीडिया पेशेवरों के बीच प्रेस की स्वतंत्रता, प्रतिबद्धता और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2026 की थीम, "शांतिपूर्ण भविष्य को आकार देना" है,जो मीडिया पर कृत्रिम मेधा के प्रभाव से जुड़ी चुनौतियों में पत्रकारिता की भूमिका पर केंद्रित है।

### मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकारों की दी हार्दिक और शुभकामनाएं



**पटना।**लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपकी कलम सच्चाई, पारदर्शिता और जनहित की आवाज बनकर समाज को जागरूक करती रहे, साथ ही आपकी जनहित के प्रति सदैव प्रतिबद्धता बनी रहे, इसी विश्वास के साथ आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

### मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर में सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

» मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4-4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर में सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की हुयी असामयिक मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4-4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

### "विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस" पर श्रवण कुमार ने दी बधाई



**बिहारशरीफ।**जनता दत्त यू० विधायक दल के नेता श्री श्रवण कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये, "विश्व प्रेस स्वतंत्रा दिवस" के पावन अवसर पर आप सभी पत्रकार साथियों, रिर्पोटर, संपादक, फोटोग्राफर, मीडिया कर्मी, इलेक्ट्रोनिक मिडिया, प्रिन्ट मिडिया के सभी साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएँ देता हूँ। इस अवसर पर मैं कहना चाहता हूँ कि आपका कलम और आपकी आवाज ही आम जनता की ताकत बनती है, और शासन और प्रशासन को जबाबदेह बनाती है। आप विषम परिस्थितियों, दबावों और चुनौतियों के बीच भी सच्चाई को उजागर करने का जो संकल्प रखते हैं, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। "विश्व प्रेस स्वतंत्रा दिवस" पर मैं कामना करता हूँ कि आपकी कलम सदा सत्य के पक्ष में चले और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में आपकी भूमिका निरंतर बनी रहे।

### जनता के द्वार पहुंचेगा नेतृत्व, पश्चिमी चंपारण से निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा ऐतिहासिक : अंजुम

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने सोशल मीडिया संवाद करते हुए कहा कि पश्चिम चंपारण की पावन धरती से निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा का आगाज ऐतिहासिक क्षण है। यह यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संवाद, सामाजिक समरसता, विकास और जनविश्वास को मजबूत करने का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी चंपारण की धरती का चयन अपने आप में प्रेरणादायक है। यही वह ऐतिहासिक भूमि है जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सत्याग्रह का संदेश देकर देश में जनजागरण का नया अध्याय लिखा था। यही कारण है कि बिहार में सकारात्मक परिवर्तन और जनसंवाद की नई शुरूआत के लिए चंपारण से बेहतर स्थान कोई नहीं हो सकता। यह भूमि संघर्ष, सेवा, सद्भाव और परिवर्तन की प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा बिहार की राजनीति को जनता के बीच ले जाने वाली यात्रा है। यह अत्यंत सराहनीय है कि निशांत कुमार ने स्वयं स्पष्ट किया है कि वे इस यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकतार्ओं से सीधे संवाद करेंगे, संगठन को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा करेंगे तथा यह जानेंगे कि जनता दलयू के विचार और नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक और प्रभावी ढंग से कैसे पहुँचाया जाए।

# केंद्र सरकार की नीतियों से श्रम मूल्यों को कमजोर किया जा रहा : चंद्रप्रकाश

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर फूड एंड एलाइड वर्कर्स यूनियन का राज्य स्तरीय सम्मेलन प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद तारिक अनवर , डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह , मनोज कुमार , पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक एवं पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।सम्मेलन में राज्य खाद्य निगम के 543 प्रखंडों में कार्यरत लोडिंग-अनलोडिंग मजदूरों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने भागलपुर से वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्य अतिथि एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से श्रम मूल्यों को कमजोर किया जा रहा है। चार श्रम संहिताओं के लागू होने से श्रमिक सुरक्षा में कमी आई है, ट्रेड यूनियन अधिकार प्रभावित हुए हैं तथा ठेका प्रथा को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि पटना उच्च न्यायालय के 07 अगस्त 2025 के आदेश तथा राज्य खाद्य निगम के 17 मार्च 2026 के निदेर्शों के बावजूद श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, भविष्य निधि एवं ईएसआई जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कई स्थानों पर श्रमिकों के वेतन से 29 प्रतिशत तक की अवैध कटौती भी की जा रही है।तारिक अनवर ने इंटक के गौरवशाली इतिहास और श्रमिक आंदोलनों में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संगठन ने सदैव मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि इंटक गांधीवादी विचारधारा पर आधारित संगठन है, जो लोकतांत्रिक तरीके से श्रमिकों के हितों की रक्षा करता रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की अनदेखी देश के विकास को प्रभावित करती है। सांसद मनोज कुमार ने मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की। वर्चुअल संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कार्यस्थलों पर सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एवं ठेका प्रथा के कारण रोजगार अस्थिर हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी और इंटक मजदूरों के हर आंदोलन के साथ खड़ी रहेगी।कृपानाथ पाठक ने सरकार से समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की, जबकि नरेन्द्र कुमार ने मजदूरों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया।सम्मेलन के दौरान चंद्र प्रकाश सिंह पुनः यूनियन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बलराम सिंह को महामंत्री तथा नंदन मंडल एवं अखिलेश पांडे को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त 40 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया।

## निशांत कुमार की सद्भावना यात्रा की हुई शुरूआत

नई सोच एक्सप्रेस



» पटना से प्रस्थान के पूर्व पिता नीतीश कुमार का लिया आशीर्वाद

**पटना।**जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को बिहार में सद्भाव की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से पिता के आशीर्वाद के साथ "सद्भाव यात्रा" की शुरुआत की। सद्भावना यात्रा के साथ निशांत कुमार का बिहार की जमीनी राजनीति में पदार्पण हो रहा है। यह वास्तव में जेडीयू के लिए एक महत्वाकांक्षी यात्रा है जिसके जरिए यह पार्टी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। इस यात्रा की शुरुआत पारंपरिक वाद्य तुरही और शंख ध्वनि के साथ की गई। उनके यात्रा वाहन पर नीतीश कुमार की तस्वीर है और लिखा है- 'बहन-बेटियों के सपने साकार, धन्यवाद नीतीश कुमार।' इस वाहन के पीछे इसका नाम 'निश्चय रथ' लिखा है। उनकी इस यात्रा के शुभारंभ पर जेडीयू के कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह देखने को मिला। पटना में जेडीयू के दफ्तर से जब निशांत कुमार यात्रा पर निकले तो वहां भारी भीड़ मौजूद थी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन पर फूल बरसाए और नारे लगाए। पटना से प्रस्थान के पूर्व उन्होंने नीतीश का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया और बिहार के एकीकरण का संकल्प दोहराया।

## 4.82 करोड़ की 3.7 किमी सड़क योजना का शुभारंभ, एम्स पटना जाने में मिलेगी सहूलियत

नई सोच एक्सप्रेस



» सड़कों का निर्माण विकास की रीढ़ होता हैः श्याम रजक

**पटना।**फुलवारी शरीफ प्रखंड में रविवार को सुलभ संपर्कता योजना के तहत 3.7 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण योजना का शुभारंभ किया गया. इस योजना की कुल लागत 4 करोड़ 82 लाख 27 हजार 900 रुपये बताई गई है. विधायक श्याम रजक ने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दानापुर के तत्वावधान में बिहार राज्य ग्रामीण पथ विकास एजेंसी द्वारा संपोषित पटना-डोभी से बेतौरा रामसेवक सिंह रोड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया. इस सड़क के बन जाने से एम्स पटना जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी. शुभारंभ के मौके पर विधायक श्याम रजक ने कहा कि सड़कों का निर्माण विकास की रीढ़ होता है. यह सिर्फ सड़क नहीं बल्कि जनता के विश्वास की नींव है. उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किए गए वादे के तहत इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है और इसे समय पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने बताया कि सरकार की नीति के अनुसार कार्य शुरू होने के साथ ही उद्घाटन की तिथि भी निर्धारित कर दी जाती है, जिससे निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा हो सके. विधायक ने कहा कि उनका उद्देश्य विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचाना है. कार्यक्रम से पहले फुलवारी शरीफ प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, जदयू नेता सत्येंद्र पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया. इस अवसर पर जदयू के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे.

## हम पार्टी करेगी गरीब चौपाल और समाधान यात्रा : सुमन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संसद भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन ने की। बैठक में पार्टी के संरक्षक, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, संगठनात्मक चुनाव, सदस्यता अभियान, सामाजिक न्याय एवं शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी वर्षों की रणनीति तय की गई। संगठनात्मक चुनाव के माध्यम से प्रखंड स्तर से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक नई संरचना के निर्माण का निर्णय लिया गया। आगामी दो महीनों के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करने पर सहमति बनी। पार्टी के संरक्षक केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने समान शिक्षा प्रणाली को सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए कहा कि जब तक देश में अमीर और गरीब के बच्चों के लिए अलग-अलग शिक्षा व्यवस्था रहेगी, तब तक वास्तविक समानता स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि कॉमन स्कूल सिस्टम लागू होने से सामाजिक और आर्थिक असमानता कम होगी तथा सभी वर्गों के बच्चों को समान अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने ह्यसेपरेट इलेक्टोरलह्व (पृथक निर्वाचन) की मांग उठाते हुए कहा कि अत्यंत पिछड़े और वंचित समाज के लोगों की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाने होंगे। अध्यक्षीय भाषण में संतोष सुमन ने कहा कि पार्टी अब बिहार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि झारखंड सहित अन्य राज्यों में तेजी से विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 के चुनाव में पार्टी अपनी सशक्त भूमिका स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दो महीनों के भीतर प्रखंड स्तर से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक संगठनात्मक चुनाव कराए जाएंगे, जिससे पार्टी का ढांचा और अधिक मजबूत एवं लोकतांत्रिक बनेगा। उन्होंने गरीब चौपाल और समाधान यात्राह्व को पार्टी की जनसंपर्क की मुख्य धुरी बताते हुए कार्यकतार्ओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएं। बैठक में विधायक ज्योति मांझी, प्रफुल्ल मांझी, दीपा कुमारी, रोमित कुमार एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान महासचिव राजेश पाण्डेय ने किया। वहीं बैठक में पूर्व विधायक इजहार खान, केरल के पूर्व विधायक स्टीफेन मैथ्यू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्यामसुंदर शरण, निलेश सिंह, के अलावा उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड समेत विभिन्न राज्यों से आए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भी बैठक में शामिल हुए।

# निश्चय रथ से सद्भाव यात्रा के लिए रवाना हुए निशांत, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने की पुष्पवर्षा

नई सोच एक्सप्रेस

» सबको साथ लेकर चलने के भाव के साथ सद्भाव यात्रा पर निकल रहा हैः निशांत कुमार

**पटना।**जदयू नेता निशांत कुमार रविवार पार्टी कार्यालय से निश्चय रथ से सद्भाव यात्रा हेतु पश्चिमी चंपारण के लिए प्रस्थान किए। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार सहित कई गणमान्य नेतागण भी उनके साथ रवाना हुए। इस मौके पर पार्टी कार्यालय परिसर में इस अवसर पर कार्यकर्तओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जय निशांत के नारों से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। उत्साहित कार्यकतार्ओं ने पुष्पवर्षा कर एवं मंगलकामनाओं के साथ निशांत कुमार को सद्भाव यात्रा के लिए विदाई दी। इस अवसर पर निशांत कुमार ने कहा कि उनकी पहली राजनीतिक यात्रा पश्चिमी चंपारण से प्रारंभ हो रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने चंपारण की धरती से ही सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत की थी तथा नीतीश कुमार भी अपनी महत्वपूर्ण यात्राओं का शुभारंभ चंपारण से करते रहे हैं। निशांत कुमार ने आगे कहा कि सबको साथ लेकर चलने के भाव, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य तथा नीतीश कुमार के अधूरे सपनों को पूरा करने के संकल्प के साथ वे इस यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ उनका सीधा संवाद स्थापित होगा तथा वे नीतीश कुमार के बीते बीस वर्षो के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। सद्भाव यात्रा के तहत पश्चिमी चंपारण की ओर प्रस्थान के क्रम में जद(यू) नेता निशांत कुमार का सारण के सोनपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर के कांटी, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान कार्यकतार्ओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान अलग-अलग स्वागत स्थलों पर हजारों की संख्या में कार्यकतार्ओं का जुटान देखने को मिला। जेसीबी के माध्यम से पुष्पवर्षा की गई, जगह-जगह फूल-मालाओं एवं ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया तथा उनके समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए। इस दौरान स्वागत स्थलों पर महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। साथ ही, पश्चिमी चंपारण पहुँचने पर निशांत कुमार ने बेतिया के हरिवाटिका चैक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, रामसेवक सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार, विधानपार्षद संजय सिंह, विधायक विनय कुमार चौधरी, पंकज मिश्रा, रामविलास कामत, वशिष्ठ सिंह, मांजरिक मृणाल, ऋतुराज कुमार, चेतन आनंद, नचिकेता मंडल, रुहेल रंजन, अतिरेक कुमार, शुभानंद मुकेश, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, डॉ भारती मेहता, श्वेता विश्वास, अंजुम आरा, अनुप्रिया, डॉ. अमरदीप, अनिल कुमार, ई रामचरित्र प्रसाद, वासुदेव कुशवाहा, परमहंस कुमार, निहोरा प्रसाद यादव, अरविन्द निषाद, नीतीश पटेल, संतोष कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह दांगी, अरविंद सिंह उर्फ छोटू सिंह, कमल नोपानी, राजीव रंजन पटेल, मनोज कुमार सिंह, मालती सिंह, श्र् किरण रंजन, विनीता स्टेफी, प्रतिभा सिंह सहित अनेक गणमान्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 17 मई को मनेगा सोशलिस्ट पार्टी का 92वां स्थापना दिवस

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**आगामी 17 मई 2026 को सोशलिस्ट पार्टी के 92वें स्थापना दिवस के अवसर पर पटना में एक विचारपूर्ण कार्यक्रम सोशलिस्ट संवाद का आयोजन किया जा रहा है।हालाँकि सोशलिस्ट पार्टी का एक रजिस्टर्ड राजनीतिक पार्टी के रूप में निबंधन वर्ष 1948 में हुआ था जब कॉंग्रेस पार्टी ने यह कहते हुए इसकी सदस्यता पर प्रतिबंध लगा दिया था कि पार्टी के भीतर अब दोहरी सदस्यता का प्रावधान नहीं होगा। किंतु असल मायनों में देखें तो समाजवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाली इस पार्टी की असली शुरूआत 17 मई 1934 को ही पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में हो गई थी।यह दिन केवल एक संगठन की स्थापना का प्रतीक नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता, सामाजिक न्याय और समानता के उस ऐतिहासिक संकल्प का स्मरण भी है, जिसकी नींव वर्ष 1934 में पटना की धरती पर आचार्य नरेन्द्र देव, अब्दुल बारी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ. राम मनोहर लोहिया, सत्यवती देवी, फरीद अंसारी, पंडित इन्द्रा, प्रकाश, बालकृष्ण शर्मा, मीनू मसानी, पुरुषोत्तमदास त्रिकमदास, सी. के. नारायणस्वामी, पी. घोष, किरण दास, सम्पूणार्नंद, चारु बनर्जी, हरि मोहन चटर्जी, रजनी मुखर्जी जैसे महान समाजवादी चिंतकों ने रखी थी। आज जब देश की राजनीति अनेक चुनौतियों, असमानताओं और वैचारिक विचलनों से जूझ रही है, तब समाजवादी विचारधारा की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। ह्लसोशलिस्ट संवादह्व का उद्देश्य केवल अतीत को याद करना ही नहीं, बल्कि वर्तमान को समझते हुए भविष्य की एक न्यायपूर्ण, समावेशी और लोकतांत्रिक राजनीतिक दिशा तय करना भी है।

## राज्य में स्व–गणना अभियान को मिली बड़ी सफलता, 48.50 लाख लोगों ने लिया हिस्सा

नई सोच एक्सप्रेस




» अब 2 मई से घर-घर सर्वे, प्रगणक पूछेंगे 33 प्रश्न

**पटना।**राज्य में भारत की जनगणना 2027 के तहत चल रहे स्व–गणना अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला है। 17 अप्रैल से 1 मई के बीच चले इस अभियान में कुल 48,50,848 लोगों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसमें 1,68,564 लोगों ने स्व–गणना की शुरुआत की, जबकि 46,82,284 लोगों ने प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। राज्य के विभिन्न जिलों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मधुबनी 6,05,824 स्व–गणना के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि वैशाली 5,86,220 और दरभंगा 4,95,331 क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा गोपालगंज (3,06,491), पटना (2,38,750) और भोजपुर (2,09,462) जैसे जिलों में भी उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज की गई। अन्य जिलों की बात करें तो औरंगाबाद (1,64,143), खगड़िया (1,63,190), पश्चिम चंपारण (1,34,434), पूर्णिया (1,19,743), कटिहार (1,20,292) तथा जमुई (1,13,975) में भी बड़ी संख्या में लोगों ने स्व–गणना पूरी की। मुजफ्फरपुर (1,09,797), सिवान (1,07,806), समस्तीपुर (1,03,443) और रोहतास (99,831) भी प्रमुख जिलों में शामिल रहे। वहीं गया (89,270), मधेपुरा (82,294), सारण (74,989), नालंदा (71,915), बक्सर (70,945) और नवादा (70,507) में भी संतोषजनक प्रगति देखने को मिली। सुपौल (65,233), सीतामढ़ी (62,064), भागलपुर (50,600), शेखपुरा (48,088) और सहरसा (48,362) जैसे जिलों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कम संख्या वाले जिलों में शिवहर (43,398), किशनगंज (42,140), जहानाबाद (39,165), बांका (29,978), बेगूसराय (29,724), कैमूर (26,609), मुंगेर (18,415), अरवल (18,871) और लखीसराय (14,415) शामिल रहे। अब अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत 2 मई से हुई है, जो 31 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और प्रत्येक परिवार से 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र करेंगे। जिन परिवारों ने पहले ही स्व–गणना कर ली है, उन्हें अपना एस एस आईडी प्रगणकों को देना होगा, जिससे उनकी जानकारी को सत्यापित किया जा सके। इससे काम आसानी से कम समय में पूरा हो सकेगा।

## नीट परीक्षा में बिहार के 1.6 लाख परीक्षार्थी शामिल,मेटल डिटेक्टर से हुई जांच, जूतों के बिना एंट्री, सेंटर्स पर लंबी कतार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**रविवार को नीट यूजी-2026 परीक्षा हो रही है। बिहार के 35 जिलों में 150 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 1.60 लाख अभ्यर्थी एग्जाम में शामिल हुए।। सेंटर्स पर डेढ़ बजे के बाद छात्रों की एंट्री बंद हो गई थी। कड़ी चेकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया गया। परीक्षा केन्द्रों पर में छात्राओं की नोज पिन उतरवाई गई है। वहीं छात्रों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई है। जूतों के बिना एंट्री दी गई। पानी की बोतल में लगे रैपर हटाकर अंदर ले जाने की अनुमति मिली। सेंटर के पास से अभिभावकों को हटाया दिया गया है। सेंटर्स के बाहर पोस्टर लगाया गया है, जिसमें बताया गया है कि सेंटर में क्या-क्या चीजें बैन हैं। परीक्षा का आयोजन भारत के 552 शहरों और विदेश के 14 शहरों में किया गया है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:20 बजे तक चली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस बार परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए कई अहम बदलाव किए हैं।एनटीए ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या आभूषण को परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं है। नीट परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की सख्त जांच के लिए परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, हेडफोन, माइक्रोफोन, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, डिजिटल घड़ी, फिटनेस बैंड, स्पाई कैमरा, चिप आधारित गैजेट्स और किसी भी तरह के वायरलेस उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। यहां तक कि छोटे इलेक्ट्रॉनिक सर्किट या छिपे हुए डिवाइस की भी जांच की जा रही है। नीट परीक्षा में इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम ने परीक्षार्थियों को चौंका दिया है। एग्जाम सेंटर पर प्रवेश से पहले छात्रों को सख्त चेकिंग से गुजरना पड़ रहा है। जूते तक उतरवाए जा रहे हैं, लड़कियों के जूड़े खुलवाकर जांच की जा रही है।नोज पिन, बैंड, घड़ी और अन्य एक्सेसरीज हटवाकर ही अंदर जाने की अनुमति मिल रही है। प्रशासन का दावा है कि नकल और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए ये कदम जरूरी हैं। वहीं पटना के मगध महिला कॉलेज में एक छात्रा को एग्जाम देने से रोका गया। कॉलेज का कहना है कि एडमिट कार्ड में सेंटर कोड, हमारे पास दिए गए सेंटर कोर्ट से मैच नहीं हो पाया है। इस कारण आधे घंटे के बाद छात्रा इकरा नवाज खान को एग्जाम हॉल से बाहर कर दिया गया। उनके पिता शाहनवाज खान ने बताया कि मेरी बच्ची पिछले कई सालों से नीट की तैयारी कर रही थी, लेकिन एनटीए की गड़बड़ी के कारण उसका पूरा साल बर्बाद हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता का निधन, व्यापार जगत में शोक



**पटना।** देश की प्रमुख होजरी एवं परिधान कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस दीनदयाल गुप्ता के निधन पर व्यापारिक और उद्योग जगत में शोक व्यक्त किया गया है। उनका कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। दीनदयाल गुप्ता भारतीय होजरी उद्योग के प्रमुख स्तंभ माने जाते थे। उन्होंने वर्ष 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज की स्थापना की थी। उनके नेतृत्व में कंपनी ने छोटे स्तर से शुरुआत कर देश की अग्रणी होजरी कंपनियों में स्थान बनाया। आज कंपनी 1700 करोड़ से अधिक कारोबार वाले बड़े समूह के रूप में स्थापित है। पटना के कपड़ा व्यवसायियों ने कहा कि दीनदयाल गुप्ता जैसे उद्योगपति नई पीढ़ी के उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत थे। सीमित संसाधनों से व्यापार शुरू कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना उनकी मेहनत, दूरदर्शिता और ईमानदारी का उदाहरण है। हरियाणा के भिवानी जिले के मनहेरू गांव में जन्मे श्री गुप्ता ने वर्ष 1962 में कोलकाता जाकर कारोबार की शुरुआत की थी। बाद में उन्होंने अपने अथक प्रयासों से कंपनी को देशभर में स्थापित किया। बिहार सहित पूर्वी भारत के बाजारों में डॉलर ब्रांड की मजबूत पहचान बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। व्यापार के साथ-साथ वे शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर उन्होंने जनसेवा के कार्यों में योगदान दिया। व्यापारिक संगठनों ने उनके निधन को उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उनके परिवार में पत्नी, चार पुत्र और पोते-पोतियां हैं, जो वर्तमान में कंपनी के कारोबार का संचालन

### बिहार के युवा समुद्री क्षेत्र के लिए बन रहे मजबूत प्रतिभा स्रोत : कैप्टन सावियो




**पटना।** मैरीटाइम यूनियन ऑफ इंडिया के महासचिव कैप्टन सावियो रामोस ने कहा कि बिहार के युवा अब वैश्विक समुद्री उद्योग के लिए एक मजबूत प्रतिभा स्रोत के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के संदर्भ में वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य के युवाओं के आत्मविश्वास, क्षमता और प्रतिभा को दशार्ता है। शिपिंग टी20 मैच की तरह नहीं, बल्कि टेस्ट मैच की तरह है। इसमें धैर्य, अनुशासन, निरंतरता और मानसिक मजबूती की जरूरत होती है। सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण मिले तो बिहार के युवा दुनिया के बेहतरीन सीफेयरर्स बन सकते हैं,ह्व कैप्टन सावियो रामोस ने कहा।उन्होंने बताया कि हाल ही में सीफेयरर्स वेलफेयर फंड सोसाइटी ने युद्ध क्षेत्रों में जान गंवाने वाले सीफेयरर्स के परिवारों को रू 10 लाख की सहायता दी है, जबकि मैरीटाइम यूनियन ऑफ इंडिया ने मृत अधिकारियों के लिए रू 12 लाख की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को सहायता दी जा रही है, जो इस क्षेत्र की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कैप्टन सावियो रामोस ने कहा कि मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 और अमृत काल जैसी पहलों के तहत भारत समुद्री क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें सीफेयरर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विश्वास जताया कि सही जागरूकता, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के साथ बिहार वैश्विक समुद्री कार्यबल में अहम योगदान दे सकता है। उन्होंने डीजी शिपिंग के कैप्टन नितिन मुकेश के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सीफेयरर्स आज भी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और वैश्विक व्यापार को सुचारू बनाए हुए हैं। कोविड-19 के दौरान भी उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। हालांकि, उन्होंने हाल के हादसों पर चिंता जताते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत समुद्री सुरक्षा व्यवस्था और सेफ्टी कॉरिडोर की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री रामोस ने कहा कि मैरीटाइम यूनियन ऑफ इंडिया लगातार सीफेयरर्स के हित में काम कर रहा है, जिसमें रिपैट्रिएशन, कानूनी सहायता, उत्पीड़न और परित्याग जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने गोवा, माथेरान, मसूरी, राइचक, महाबलेश्वर, लोनावला और वलसाड में स्थित मैरीटाइम यूनियन ऑफ इंडिया के विश्राम गृहों का भी उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं को फर्जी एजेंटों से सावधान रहने की सलाह दी।

### राजद नेता संजय यादव को पुनपुन में भावभीनी श्रद्धांजलि



**पुनपुन।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पुनपुन प्रखंड परिवार की ओर से दिवंगत राजद नेता एवं धनरूआ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय संजय यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित हुए। राजद पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि स्वर्गीय संजय यादव का निधन 28 अप्रैल 2026 को सड़क दुर्घटना में हो गया था। वह अपने क्षेत्र में पार्टी के कार्य से जा रहे थे, तभी धनरूआ थाना क्षेत्र के किस्तचक के पास सड़क हादसे में उनका असामयिक निधन हो गया।उन्होंने कहा कि संजय यादव धनरूआ प्रखंड में पांच बार प्रखंड अध्यक्ष रहे। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और कार्यशैली अनुकरणीय थी। वे हमेशा संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से राजद परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। उदय कुमार ने कहा कि संजय यादव जैसे समर्पित और कर्मठ नेता विरले ही होते हैं। उनके कार्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष दीनानाथ यादव, अशोक कुमार यादव पूर्व मुखिया कल्याणपुर,अनिल यादव, कुमार विमल, विनय यादव, करुणानिधि, दिलीप यादव, विजय यादव, अवधेश भारती, भूतपूर्व प्रखंड अध्यक्ष सिद्धेश्वर प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सतीश यादव सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

# चलने-फिरने में लाचार लोगों ने घुटना प्रत्यारोपण के बाद लगाई दौड़, वॉकाथॉन में उमड़ा जनसैलाबः पारस हेल्थ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** घुटनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पारस हेल्थ, पटना द्वारा आयोजित "लेट्स वॉक फॉर नी" वॉकाथॉन का सफल आयोजन रविवार सुबह किया गया। सुबह 6:00 बजे पारस हेल्थ परिसर से शुरू हुई यह वॉकाथॉन आईजीआईएमएस तक आयोजित की गई, जिसमें 3000 से ज्यादा की संख्या में शहरवासियों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, एनसीसी, एसएसबी के जवान, स्वास्थ्यकर्मियों और 300 से ज्यादा ऐसे लोगों ने भाग लिया जो कभी चलने-फिरने में लाचार घुटना के दर्द से जूझ रहे थे और जिनका घुटना प्रत्यारोपण हुआ था अब पूरी तरह स्वस्थ्य जीवन का आनंद ले रहे हैं और दौड़ लगाकर यह संदेश दिया कि सही इलाज और समय पर घुटना प्रत्यारोपण से जीवन पूरी तरह बदला जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑर्थोपेडिक्स विभाग के निदेशक डॉ. जॉन मुखोपाध्याय, जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार एवं निदेशक जेनेरल सर्जरी डॉ. अहमद अब्दुल हई ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर डॉ. जॉन मुखोपाध्याय ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में घुटनों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। नियमित वॉकिंग, संतुलित आहार और समय-समय पर जांच से इन समस्याओं से बचा जा सकता है। पारस हेल्थ, पटना के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पारस हेल्थ समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के साथ-साथ

**» मजबूत घुटनों के लिए उठे हजारों कदम**

जागरूकता अभियानों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया। वॉकाथॉन के दौरान चीफ कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. विनोद कुमार ठाकुर , चीफ कंसल्टेंट स्पाइन सर्जरी डॉ. गौतम आर. प्रसाद, चीफ कंसल्टेंट स्पोर्ट्स इंजरी डॉ. अरविंद प्रसाद गुप्ता, चीफ कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. रत्नेश सिंह, चीफ कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स एवं स्पोर्ट्स इंजरी डॉ. राजीव रंजन, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. जानकी शरण भदानी, सीनियर कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. जसविंदर सिंह, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स (जॉइंट्स एवं लिगामेंट्स) डॉ. रवि कुमार, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. राजू कुमार ने प्रतिभागियों को घुटनों की देखभाल, सही एक्सरसाइज और चोट से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पूरे कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखने लायक था और "हर कदम मजबूत घुटनों की ओर" का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

**पारस हेल्थ के बारे में:** पारस हेल्थ पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। इस अस्पताल की बेड क्षमता 400 से ज्यादा की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं साथ ही 2 LINAC मशीन एंव PET-CT की सुविधा भी उपलब्ध है।

## पटना में आईसीएफएम- अग्रणी शेयर मार्केट अकादमी का भव्य शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** देश की अग्रणी शेयर मार्केट प्रशिक्षण संस्थाओं में से एक आईसीएफएम (ICFM) का पटना के कंकड़बाग क्षेत्र में विधिवत शुभारंभ किया गया। यह संस्थान सेकेंड फ्लोर, A-54, लोहिया पार्क के सामने, पी.सी. कॉलोनी, कंकड़बाग में स्थित है, जो छात्रों, युवाओं एवं कार्यरत पेशेवरों के लिए सुगम एवं सुलभ स्थान है। पटना फ्रेंचाइज़ी का संचालन श्री दीपक राज द्वारा किया जा रहा है, जो आईआईटी से स्नातक एवं एमबीए डिग्रीधारी हैं। वे अपने शैक्षणिक अनुभव एवं दूरदर्शिता के माध्यम से युवाओं को शेयर बाजार की व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह संस्थान बीएफएसआई सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमोदित है, जिससे यहां संचालित पाठ्यक्रम उद्योग मानकों के अनुरूप हैं। आईसीएफएम में इक्विटी मार्केट, टेक्निकल एवं फंडामेंटल एनालिसिस, डेरिवेटिव्स तथा लाइव ट्रेडिंग जैसे विषयों पर आधुनिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संस्थान की प्रमुख विशेषताओं में इसका जॉब असिस्टेंस प्रोग्राम शामिल है, जिसके माध्यम से छात्रों को बीएफएसआई सेक्टर में रोजगार के अवसरों से जोड़ने में सहायता प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम छात्रों को स्टॉक ब्रोकिंग, वित्तीय परामर्श एवं निवेश सेवाओं जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने में सहायक होगा। शुभारंभ अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें एमएलसी श्रीमती अनामिका सिंह पटेल, श्री अरविंद सिंह (फ्रेंचाइज़ी ओनर, पूर्व जिला परिषद सदस्य, नालंदा एवं पूर्व उप प्रमुख, गिरियक), श्री प्रशांत भारद्वाज (कंट्री सेल्स हेड, नई दिल्ली) तथा श्री मयूल राज शामिल रहे। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधन ने बताया कि आईसीएफएम का उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक बाजार अनुभव के बीच की दूरी को कम करना है। संस्थान में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रैक्टिकल आधारित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं करियर सपोर्ट प्रदान किया जाएगा। पटना में आईसीएफएम के शुभारंभ के साथ ही यह संस्थान बिहार में वित्तीय शिक्षा एवं करियर निर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है।

## फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज के साथ जैन यूनिवर्सिटी दे रही बच्चों के करियर को नई दिशा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** बदलते समय में करियर चुनना युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए जैन यूनिवर्सिटी द्वारा पटना के स्थानीय होटल रेड वेलवेट में एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया जहां छात्र-छात्राओं को भविष्य के अनुरूप कोर्स और करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस काउंसलिंग सत्र में जैन यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और मॉडर्न मैनेजमेंट जैसे फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि किस प्रकार इंडस्ट्री की बदलती मांग के अनुसार सही कोर्स का चयन कर वे अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए जैन यूनिवर्सिटी के अधिकारी ने कहा कि जैन यूनिवर्सिटी का पाठ्यक्रम केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि छात्र वास्तविक जीवन की पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। विश्वविद्यालय नैक ए प्लस प्लस मान्यता प्राप्त है और इसका प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी काफी मजबूत है, जहां छात्रों को 81.25 लाख रुपये प्रति वर्ष तक का उच्चतम पैकेज प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट में इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड कोर्सेज भी उपलब्ध हैं, जो आईबीएम, पीडब्लूसी, सीमेंस आदि के सहयोग से संचालित किए जाते हैं। जैन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स साइंस, मनोविज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, हेल्थ केयर आदि क्षेत्रों में भी पाठ्यक्रम प्रदान करता है। साथ ही यूनिवर्सिटी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड में भी उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि यह काउंसलिंग सत्र उन छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा जो अपने करियर को लेकर असमंजस में हैं या नए और आधुनिक कोर्सेज के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। उन्होंने बच्चों से जैन यूनिवर्सिटी के साथ अपने करियर की सही शुरुआत कर अपने भविष्य की ओर मजबूत कदम बढ़ने की अपील की।

## मिट्टी जांच में बिहार अग्रणी, विगत दो वित्तीय वर्षों में 8 लाख मिट्टी के नमूनों की हुई

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** मिट्टी जांच में राज्य ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कृषि विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, विगत दो वित्तीय वर्षों में 8 लाख मिट्टी के नमूनों की जांच की गई है, तीन वर्ष में एक बार मिट्टी की जांच की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5 लाख और वर्ष 2025-26 में 3 लाख मिट्टी के नमूनों की जांच की गई है। यह आंकड़ा राज्य को मिट्टी के स्वास्थ्य जांच में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करता है। साथ ही, राज्य सरकार कृषि के तेज विकास के लिए मिट्टी जांच की सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुमंडल स्तर पर 25 जिलों में कुल 32 मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। वहीं, राज्य में पहले से 14 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के स्तर से संचालित मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में भी नमूनों की जांच की जाती है। किसानों को अपने जिले में ही यह सुविधा मिले, इसके लिए राज्य के सभी 38 जिलों में जिला स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रमंडल में एक-एक, अर्थात कुल 9 चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं भी संचालित हैं। साथ ही, ग्राम स्तर पर 72 मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं भी कार्य कर रही हैं। जांच की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए केंद्रीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला के अतिरिक्त, राज्य में स्थित दोनों कृषि विश्वविद्यालयों की मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं को रेफरल प्रयोगशाला के रूप में अधिसूचित किया गया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक दस्तावेज है, जिसके माध्यम से उन्हें उनके खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की सटीक जानकारी दी जाती है। जांच परिणामों के आधार पर किसानों को उनके खेत के रकबे एवं फसल के अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग की अनुशंसा की जाती है, जिससे अनावश्यक और अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी आती है। रासायनिक उर्वरकों के स्मार्ट उपयोग से जहां फसलों का उत्पादन बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर गैर-जरूरी उपयोग कम होने से कृषि लागत में भी कमी आ रही है। इससे किसानों की आय बढ़ रही है और उनमें खुशहाली आ रही है। यह पहल राज्य में कृषि क्षेत्र में एक मौन क्रांति का कार्य कर रही है। राज्य सरकार की सभी मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में 12 पैरामीटर—pH, EC, OC, N, P, K, Zn, Cu, Mn, Fe, S और B—पर मृदा नमूनों का विश्लेषण किया जाता है। नमूना लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सॉफ्टवेयर आधारित संग्रहण प्रणाली अपनाई गई है। कृषि विभाग के कर्मी खेत पर जाकर किसान के प्लॉट का फोटो, अक्षांश एवं देशांतर के साथ पूरा विवरण ऐप पर अपलोड करते हैं। मिट्टी नमूनों की जांच के बाद किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑनलाइन उपलब्ध इस कार्ड में लगभग 106 फसलों के लिए अनुशंसाएं दर्ज होती हैं। मिट्टी जांच की वैधता तीन वर्ष की होती है।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन में फ्री इंटर्नशिप आरंभ



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** नई शिक्षा नीति में इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है देश के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन ने 30, 60 एवं 120 घँटा का फ्री इंटर्नशिप करा रहा है । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय ने बताया कि फाउंडेशन चार दशक से युवाओं के मुद्दों पर काम कर रहा है । नई शिक्षा नीति में इंटर्नशिप को अनिवार्य कर बहुत सराहनीय प्रयास किया गया है । अब छात्र छात्राए खेत खलिहान, नदी एवं तलाव, पहाड़ एवं जंगल मे जाकर जमीनी हकीकत को जानेंगे और समझेंगे किताब की दुनिया से निकल कर वास्तविक दुनिया का दर्शन करेगे । फाउंडेशन खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ साथ आपदा प्रवंधन, एनजीओ मैनेजमेंट, डिजाइन फॉर चेंज, क्लाइमेट एक्शन, साइवर सुरक्षा के विषय पर इंटर्नशिप का पाठ्यक्रम बनाया है । इंटर्नशिप कर रहे छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट की भी व्यवस्था है साथ भारत के दूसरे प्रान्तों में एक्सपोजर विजिट कराया जाता है । उन्होंने स्पस्ट कहा कि कोई भी छात्र छात्राए इंटर्नशिप के लिए सम्पर्क कर सकते है ।

## एम्स पटनाः 'गोल्डन आवर' में जीवन बचाने की कला और विज्ञान का संगम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** एम्स पटना के आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा 2 एवं 3 मई को नर्सिंग कॉलेज परिसर में विधार्थी एवं विशेषज्ञ मीट 4.0 का भव्य आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय अकादमिक मंच देशभर के युवा चिकित्सा विद्यार्थियों और अनुभवी विशेषज्ञों के बीच ज्ञान, कौशल और अनुभव के सशक्त आदान-प्रदान का साक्षी बना। कार्यक्रम का केंद्रबिंदु रहा 'गोल्डन आवर', वह महत्वपूर्ण समय जब त्वरित और सटीक उपचार किसी भी मरीज के जीवन और मृत्यु के बीच अंतर तय करता है। पहले दिन आयोजित इमरजेंसी मेडिकल ट्रेनिंग (EMT) कार्यशाला में "हृदय एवं तंत्रिका संबंधी आपात स्थितियां" विषय पर गहन चर्चा हुई। कार्डियक अरेस्ट, स्ट्रोक, STEMI, अतालता और हाइपरटेंसिव क्राइसिस जैसी जटिल स्थितियों में त्वरित निर्णय और प्रभावी उपचार के तरीकों पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में डॉ. दीपक कुमार द्वारा आयोजित ECG क्विज ने विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और सीखने की उत्सुकता को नई ऊर्जा दी जबकि डॉ. दिवेंदु भूषण ने इमरजेंसी मेडिसिन के महत्व और उसके व्यापक दायरे पर प्रकाश डाला। एम्स नई दिल्ली एवं एम्स पटना के विशेषज्ञों ने मरीजों के त्वरित मूल्यांकन और आपात स्थितियों के प्रभावी प्रबंधन पर

**» आपातकालीन चिकित्सा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें टीमवर्क, त्वरित निर्णय क्षमता और प्रभावी संवाद की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है : डॉ. अग्रवाल**

व्याख्यान दिए। दिन का समापन व्यावहारिक प्रशिक्षण और सॉफ्ट स्किल्स सत्रों के साथ हुआ जहां संवाद और संवेदनशीलता को उपचार का अभिन्न हिस्सा बताया गया। दूसरे दिन "गोल्डन आवर में विभिन्न विशेषज्ञताओं के समन्वय" विषय पर सीएमई सम्मेलन आयोजित हुआ जिसने चिकित्सा के विभिन्न आयामों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य किया। उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के डॉ. रवि कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। वैज्ञानिक सत्रों का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल, डीन (एकेडमिक्स) डॉ. पूनम प्रसाद भदानी तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें टीमवर्क, त्वरित निर्णय क्षमता और प्रभावी संवाद की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आपातकालीन विभाग किसी भी अस्पताल की पहली छवि प्रस्तुत करता है इसलिए यहां कार्यरत प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन में डॉ. दीपक कुमार एवं उनकी टीम द्वारा अंडरग्रेजुएट क्विज का अंतिम चरण भी आयोजित किया गया जिसने प्रतिभागियों के ज्ञान और कौशल की परख की। इस आयोजन में एम्स मंगलागिरी, SGPGI लखनऊ, मेदांता पटना, एम्स नई दिल्ली एवं एम्स पटना सहित देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही जो राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा और सहयोग की मजबूत तस्वीर प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम का समापन वेलिडिक्टरी सत्र, पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ लेकिन अपने पीछे यह संदेश छोड़ गया कि 'गोल्डन आवर' में सही प्रशिक्षण, समन्वय और संवेदनशीलता ही सबसे बड़ी जीवनरक्षक शक्ति है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम और दानवीरता के लिये भामा साह का प्रेम इतिहास के पन्नो में अमर रहेगा-अशोक साहू



**रक्सौल।** गोपाल साह पार्वती देवी तैलिक ट्रस्ट के तत्वाधान में दानवीर भामा शाह की जयंती एक कार्यक्रम के बीच धूमधाम से मनाई गई। उपस्थित लोगों ने संयुक्त रूप से केक काटा कर जयंती मनाई।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे कार्यक्रम आयोजक अशोक साहू ने कहा की मातृ भूमि के प्रति अगाध प्रेम और दानवीरता के लिये भामा शाह का नाम इतिहास के पन्नो में अमर रहेगा। उन्होंने कहा की भामा शाह का निष्ठापूर्ण सहयोग महाराणा प्रताप के जीवन मे अत्यंत महत्वपूर्ण व निर्णायक साबित हुआ था। जब महाराणा प्रताप कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर रहे थे तब भामा शाह ने अपनी सम्पूर्ण धन सम्पति अर्पित कर उनके संघर्ष को नई दिशा दी थी। इस अवसर पर अरविन्द कुमार,शंभु डालमिया,महिला नेत्री पूर्णिमा भारती,मनोज कुमार,शम्भू साह ,रामेश्वर साह ,सुनील कुमार,सूरज कुमार,प्रशांत कुमार,संतोष कुमार, सचितानन्द सिंह,अशोक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सद्भाव यात्रा में उमड़ी भीड़, प्रशासन की मुस्तैदी से कार्यक्रम सफल

**बेतिया/मझौलिया।** प्रखंड के जौकटिया स्थित होटल सुहानी शौर्य के समीप निशांत कुमार द्वारा आयोजित चम्पारण सद्भाव यात्रा में बड़ी संख्या में नेताओं और स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी,जेसीवी से फूलों की बारिस की गई,कार्यकर्ताओं और नेताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया,कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया।जदयू के बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी कार्यकर्ता इस सद्भाव यात्रा में शामिल थे ।प्रतिनिधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी इस यात्रा में शामिल हुए और एकता व भाईचारे का संदेश दिया। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रूप से नियंत्रित किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। आयोजकों ने प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से सद्भाव यात्रा सफल रही और समाज में सकारात्मक संदेश गया। इस सद्भाव यात्रा में बाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार,जदयू के वरीय नेता अभय कुमार राय,शंभू गुप्ता , जिला अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा, सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा,विजय गुप्ता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल, अशोक कुशवाहा , सुदर्शन भारती अरविंद कुमार आदि जातियों के सैकड़ो महिला सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### सुगौली पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**सुगौली।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, सुगौली थाना कांड संख्या 335/20 जिसमें 2000 लीटर से अधिक शराब बरामदगी से जुड़ा मामला के अभियुक्त विक्रम साह निवासी दुबौलिया, थाना मझौलिया, जिला पश्चिमी चंपारण को गिरफ्तार किया। वहीं, जमीनी विवाद से जुड़े मामले में दिनेश सहनी निवासी गोरीगांवा, थाना सुगौली, जिला पूर्वी चंपारण को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### सुगौली में 90 लीटर देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**सुगौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिलझपटी में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने गुड्डु कुमार पिता – खिरोधन सहनी, निवासी चिलझपटी, थाना सुगौली, जिला पूर्वी चंपारण को 90 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ पकड़ लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया और एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही अवैध शराब के धंधे में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश जारी है।

### एलपीजी आपूर्ति सामान्य, उपभोक्ता पैनिक बुकिंग से बचें



**जहानाबाद\(हसनैन दीवाना)।** जिला पदाधिकारी, अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों, गैस एजेंसी संचालकों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लेकर आम नागरिकों से अपील की गई है कि एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है, अतः किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं पैनिक बुकिंग से बचें और आवश्यकतानुसार ही गैस बुकिंग करें। किसी भी समस्या हेतु तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है। जिले में 12882 बुकिंग के विरुद्ध 5427 सिलेंडर स्टॉक उपलब्ध है। आज 3036 सिलेंडर की होम डिलीवरी की गई, जबकि औसत डिलीवरी समय घटकर 3.1 दिन रह गया है। जिला प्रशासन द्वारा सख्त निगरानी के तहत आज भी 13 स्थानों पर निरीक्षण किया गया, वहीं अब तक कुल 547 स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है। जिले में 24*7 कार्यरत जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06114-2230 है जिसमें आज कोई नई शिकायत नहीं प्राप्त की गई है। साथ ही,वैवाहिक कार्यक्रम हेतु गैस आपूर्ति से संबंधित भी आज कोई आवेदन अनुमंडल कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ। रेस्टोरेंट, होटल एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा बिल में "एलपीजी शुल्क" या अन्य अनुचित शुल्क वसूली पर रोक लगाने हेतु अधिकारियों को सख्त निगरानी का निर्देश दिया गया है। उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से पुनः अपील की है कि एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है, अतः घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। अफवाहों से बचें एवं किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# जनगणना में मगही दर्ज कराने को लेकर लोगों से अपील

नई सोच एक्सप्रेस\ (हसनैन दीवाना)



**जहानाबाद।** अरवल मोड़ पर मगही चौपाल का भव्य आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य मगही भाषा को संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल कराने और जनगणना के दौरान मातृभाषा के रूप में "मगही" दर्ज कराने के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, बुद्धिजीवी और भाषा प्रेमी शामिल हुए। चौपाल के दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि मगही भाषा मगध की पहचान है और इसे उसका संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुधाकर राजेंद्र ने कहा कि भाषा हमारी संस्कृति की आत्मा होती है, इसलिए मगही को उसका उचित सम्मान मिलना जरूरी है। वहीं विश्वजीत कुमार अलबेला ने अपनी रचनाओं के माध्यम से लोगों को मगही भाषा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सत्री कुमार कश्यप ने मगध के इतिहास और मगही भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही संजय कुमार, अजय विश्वकर्मा और मगही के गोल्ड मेडलिस्ट कमलेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे जनगणना के दौरान अपनी मातृभाषा के रूप में मगही को ही दर्ज कराएं, ताकि इस भाषा को उसका उचित संवैधानिक अधिकार मिल सके। कार्यक्रम का सफल आयोजन गौतम पाराशर के संयोजन में किया गया। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। चौपाल के अंत में यह संकल्प लिया गया कि मगही भाषा को उसका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रामगढ़वा में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, 'संगठन सृजन साथी' अभियान को लेकर बनी रणनीति

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के आह्वान पर चलाए जा रहे संगठन सृजन साथी जनसंपर्क अभियान के तहत रामगढ़वा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रखंड कांग्रेस कमेटी की यह बैठक रामगढ़वा गांव स्थित वरीय कांग्रेसी नेता गिरिशदेव ओझा के आवास पर संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष प्रो. डॉ. अखिलेश दयाल के दिशा-निर्देशों के आलोक में आयोजित इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित नेताओं ने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिवेश में संगठन का एकजुट होना अनिवार्य है ताकि आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके। इस दौरान कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन सृजन साथी अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरीय कांग्रेसी नेता गिरिशदेव ओझा, संजय पांडेय, उपेंद्र झा, प्रमोद पांडेय , सज्जन पासवान, नफीस आलम और प्रदेश नेता धीरज सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के अंत में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भागलपुर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए निकले हैं सद्भाव यात्रा पर : निशांत कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

» कांटी के धरती पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र सह जदयू के वरिष्ठ नेता निशांत कुमार का भव्य स्वागत किये जदयू विधायक अजीत कुमार

कांटी विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत किशुनगर वार्ड 5 स्तिथ एनएच 27 के समीप रविवार को राजकुमार चौधरी के आवास पर कांटी के जदयू विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री सह जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के पुत्र व जदयू के वरिष्ठ नेता ई. निशांत कुमार का भव्यता तरीकों से स्वागत किया। विधायक अजीत कुमार ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री सह जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के पुत्र व जदयू के वरिष्ठ नेता ई. निशांत कुमार सदभाव यात्रा की शुरुआत बापूजी के धरती चंपारण से कर रहे हैं जिसको लेकर वे पटना से पश्चमी चंपारण जाने के क्रम में कांटी में उनका भव्य स्वागत किया गया है साथ ही उनके साथ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा व जदयू के विधायक दल के नेता श्रवण कुमार का भी स्वागत किया गया। वही, पूर्व मुख्यमंत्री सह जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के पुत्र व जदयू के वरिष्ठ नेता ई. निशांत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जदयू विधायक अजीत कुमार के स्वागत समारोह से वे काफी अभिभूत हुए है एवं उन्होंने कहा कि वे अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए सद्भाव यात्रा पर निकले हैं साथ ही अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जो सोच है कि देश - दुनिया के मानचित्र पर बिहार सबसे आगे रहे एवं प्रगति की राह पर हमेशा बढ़ते रहे उस सोच को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता निशांत कुमार ने कहा कि सद्भाव यात्रा से जदयू के कार्यकर्ताओं को हौसला बढ़ेगी एवं पार्टी बिहार में और मजबूत होगी। वही, विधायक अजीत कुमार ने कहा कि जदयू के वरिष्ठ नेता निशांत कुमार के आगमन को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों में काफी खासा उत्साह था एवं वे उनका स्वागत करने के लिए काफी आतुर थे इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भीषण बारिश के बीच भी हजारों समर्पित कार्यकताओं व क्षेत्र के लोग उनके दीदार करने को लेकर मौजूद रहे एवं निशांत कुमार के संबोधन को सुनकर उनके विचारधारा में अपनी आस्था जताई। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारधारा व उनके नक़्शे कदम पर उनके पुत्र निशांत कुमार अवश्य चलेंगे और वे काफी जिम्मेदार व जबाबदेह भी है इसका स्पष्ठ झलक भी देखने को मिल रही है जहां वे जाते हैं हजारों - हजार लोगों की मौजूदगी रहती है। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि सद्भाव यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है यह यात्रा बिहार की राजनीति में एक नए युग का आरंभ करेंगी इस यात्रा के दौरान पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद होना है इससे संगठन को भी काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार यह कहते रहे हैं कि नीतीश कुमार ने विगत दो दशकों में बिहार के लोगों के लिए जिन योजनाओं पर काम किये है वे उसकी चर्चा लोगों के बीच भी करेंगे। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि इस यात्रा से बिहार का भविष्य, विकास, सद्भाव और सामाजिक न्याय के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। पार्टी का संकल्प स्पष्ट है कि तीर निशान, तय निशांत। इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा , जदयू के विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, मीनापुर विधायक अजय कुशवाहा , गायघाट विधायक कोमल सिंह, रूनीसैदपुर विधायक पंकज मिश्रा , जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार, हरिओम कुशवाहा , गणेश भारती, नरेंद्र पटेल , गोपाल शाही, अमरनाथ चंद्रवंशी , कुंदन शांडिल्य, चन्द्र भूषण प्रसाद, अखिलेश यादव , सौरभ सुमन , पिंकी शाही , अजय शंकर सिंह , रामेश्वर सहनी , विनय पटेल, अजय चौधरी , राम कलेवर , गौरव कुमार नन्हे , जदयू नेता इरशाद हसन उर्फ गुड्डु, पंडित शंभूनाथ चौबे, राजकुमार चौधरी, मुखिया इंद्र मोहन झा, ज्ञान कौशिक होरिल, मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, पूर्व मुखिया नंदकिशोर सिंह, रमेश ठाकुर, मनीष कुमार, रजनीश सिंह उर्फ फौजी, निशांत भास्कर, रमेश कुमार ठाकुर, पार्षद संतोष पासवान, इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, राम मोहन पासवान, शिवेंद्र ठाकुर, नीरज मिश्रा, मुन्ना सिंह, पंकज कुमार, मुरारी झा, प्रिंस ठाकुर , सुनील शर्मा, यशवंत उर्फ जय बाबू, आलोक मिश्रा, महेश चौधरी, पप्पू गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, दीपक कुमार उर्फ टुन्ना, सुजीत कुमार, मनमोहन सिंह, रमन कुमार, विवेक कुमार , रंजीत ठाकुर, बिट्टू चौधरी , राजीव कुमार पांडे, श्याम किशोर साह समेत जदयू के हजारों कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों भी उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के वीर शहीद इम्तियाज को 10 मई को दी जाएगी भावभीनी श्रद्धांजलि



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** कश्मीर बॉर्डर पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए बीएसएफ जवान एवं वीर चक्र से सम्मानित वीर शहीद मोहम्मद इम्तियाज की शहादत दिवस दस मई को गड़खा प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, कदना में मनाई जाएगी। इसको लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व वायुसेना अधिकारी कैप्टन लक्ष्मण सिंह ने की। इस दौरान कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक तैयारी समिति का गठन किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शहादत दिवस समारोह में कई गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह गरखा विधायक सुरेंद्र राम ने कहा कि सारण की धरती के वीर सपूत मोहम्मद इम्तियाज ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत हमेशा देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। बैठक में शिक्षक शमीम अहमद, पूर्व मुखिया खुर्शीद सेराज, वरिष्ठ जदयू नेता ओमप्रकाश शर्मा, युवा नेता राहुल कुमार यादव, जेपी सेनानी योगेंद्र माकवाना, शिक्षक सोहैल अख्तर, युवा नेता कुणाल यादव, सलाम साह, शहीद पुत्र इमरान रजा, मो. नईमुद्दीन, ललन राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## जमुई में जनगणना 2027 प्रथम चरण का काम चालू , प्रगणक घर-घर जाकर जुटा रहे हैं जानकारी

नई सोच एक्सप्रेस



**जमुई।** जमुई में जनगणना 2027 प्रथम चरण का काम शुरू हो गया है प्रगणक घर-घर जाकर जाकर जानकारी इकठ्ठा करने लगे हैं प्रथम चरण में मकानों की गणना हो रही है लोगों की गणना बाद में होगी इस चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है यह कार्य 31 मई तक जारी रहेगा इस दौरान प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर जाकर डेटा संग्रह करने लगे हैं जिन निवासियों ने स्व-गणना पूरी कर ली है वे अपनी स्व-गणना आईडी को तैयार रखेंगे और प्रगणक के आने पर इसे उनसे साझा करें जिन परिवारों ने स्वयं जनगणना का विकल्प नहीं चुना है उन्हें जनगणना करने वालों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना में शामिल किया जाएगा जनगणना पहली बार डिजिटल साधनों के माध्यम से आयोजित की जा रही है जबकि व्यापक एवं सटीक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए पारंपरिक घर-घर गणना प्रणाली को भी यथावत रखा गया है फील्ड विज़िट के दौरान प्रगणक आंकड़ों को डिजिटल रूप से एकत्र करने के लिए डेडीकेटेड मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करेंगे जिससे अधिक सटीक और त्वरित प्रोसेसिंग सुनिश्चित हो सकेगी प्रथम चरण के तहत प्रगणक 33 अधिसूचित प्रश्नों पर आधारित संरचित प्रश्नावली के माध्यम से आवास की स्थिति परिवारों का विवरण तथा उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित करेंगे यह चरण जनगणना 2027 के आगामी जनसंख्या गणना चरण के लिए भी नींव तैयार करेगा जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत एकत्रित समस्त आंकड़े पूर्णतः गोपनीय रखे जाएंगे उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों एवं विकास योजना निर्माण के लिए किया जाएगा उधर जनगणना 2027 शुरू होने से नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है लोग मुदित होकर प्रगणक को जानकारी दे रहे हैं अंकित करने वाली बात है कि इसके पूर्व देश में 2011 में जनगणना हुई थी

## आर एस एस के 100 वर्षों के उपरांत प्रमुख जन संगोष्ठी आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**मुंगेर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर प्रमुख जन गोष्ठि का आयोजन किया गया! जिसमें नगर के अधिवक्ता, चिकित्सक, प्रोफेसर, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए! विदित हो कि संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे वर्ष में 7 कार्यक्रम समाज के बीच तय किया है, जिसमे एक प्रमुख जनगोष्ठी एक है! कार्यक्रम के सुभारम्भ श्रीमान बालमुकुंद जी, सहकार्यवाह दक्षिण बिहार व मुंगेर विभाग के सह संघचालक मा० श्री अमरनाथ केशरी जी, सह जिला संघचालक श्री विनेश शर्मा जी के द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया! सहकार्यवाह के कहा कि संघ 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर ली है, आज भी संघ एक है! डॉ हेडगेवार ने जो राष्ट्र निर्माण मार्ग बताए स्वयं सेवकों उस मार्ग पर आज भी चल रहे हैं, उन्होंने कहा कि संघ समाज से पंच परिवर्तन का आह्वान किया है, जिसमे सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी आदि पर विस्तार से अपनी बात रखें! उन्होंने कहा कि आज परिवार टूट रहा है, कारण है एकल परिवार, घर मे सभी सदस्य एक साथ रहकर भी सवांद नही कर पा रहे हैं, इसलिए संघ में आवाहन किया है सप्ताह में एक दिन और एक समय सामुहिक भोजन करें! इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह अभय पाल, जिला प्रचार प्रमुख श्री बसन्त राणा, विश्वजीत राघव, आकाश कुमार,प्रीतम,नीरज कुमार, निर्मल सिंह,प्रीतम जी,अंजनी जी आदि समाज के सैकड़ो नागरिक सज्जन उपस्थिति थे!

# महिला सिपाही के प्रेम-प्रसंग में चली गोली

नई सोच एक्सप्रेस




**गया।** गया जी पुलिस महकमे में उस समय हड़कंप मच गया जब एक महिला सिपाही से जुड़े प्रेम-प्रसंग में दो थानों के गाड़ी चालकों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब चार बजे परैया थाने के एक निजी ड्राइवर ने कोतवाली थाने में तैनात सिपाही ड्राइवर को गोली मार दिया। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पितामहेश्वर इलाके स्थित हिसुआ कोठी गली का बताया जाता है जहां महिला सिपाही किराये पर रहती है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गोलीबारी में कोतवाली थाने के सिपाही नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। आरोपी ने उनके बांये सीने में देसी कट्टे से गोली मारी है लहूलुहान होने के बावजूद नीरज ने हिम्मत नहीं हारी और खुद बाइक चलाकर सीधे कोतवाली थाना पहुंचे गये जहाँ उन्हें पुलिस कर्मियों ने तुरंत जयप्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला सिपाही पहले परैया थाने में तैनात थी उस दौरान उसका परैया थाने के निजी ड्राइवर गौतम निवासीः पुनाकला गांव परैया के साथ कथित तौर पर प्रेम-प्रसंग चल रहा था। हाल ही में महिला सिपाही का तबादला कोतवाली थाने में लिपिक के पद पर हो गया। इसी बीच उसकी नजदीकियां कोतवाली थाने के सिपाही ड्राइवर नीरज के साथ बढ़ने लगीं। शुक्रवार की देर रात नीरज महिला सिपाही के किराये के मकान पर पहुंचा था। इस बात की खबर परैया थाने के निजी ड्राइवर गौतम को लगी गुस्से में गौतम सुबह महिला सिपाही के कमरे पर पहुंच गया और उसने नीरज पर फायर कर दिया। सिटी डीएसपी सरोज कुमार शाह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा है उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित गौतम को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। डीएसपी शाह ने कहा, घटना बेहद गंभीर है. घायल सिपाही नीरज के बयान पर सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। हम हर बिंदु पर सबूत इकट्ठा कर रहे हैं। महिला सिपाही से भी सघन पूछताछ की जा रही है और उसके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई किया जाएगा है।

## अवैध देह ब्यापार के धंधे का पुलिस ने किया भंडाफोड़



नई सोच एक्सप्रेस

**रक्सौल।** अनुमंडल के सौनहा गांव में चल रहा देह ब्यापार के अवैध धंधे का पलनवा थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। आर्केस्टा के आड़ में देह ब्यापार का धँधा चल रहा था है। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली। प्राप्त सूचना को वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए टीम गठन कर छापेमारी की गई। इसकी जानकारी पलनवा थानाध्यक्ष ने दी। उन्होंने बताया की छापेमारी में 7 महिला व दो पुरुष को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिलाओं में 5 नेपाल व 2 पच्छिम बंगाल की महिलाएं शामिल है। वही दो पुरुष की हुई है। गिरफ्तार लोगों के पास से 7 मोबाइल बरामद किया गया है। उन्होंने बताया की छापेमारी दल में प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक सह रक्सौल थानाध्यक्ष हेमंत कुमार,पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,पुअनि सुबोध कुमार, रवि कुमार, नीरज कुमार,अभिनन्दन कुमार,मधु कुमारीं व अन्य सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार भवन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की शिष्टाचार मुलाकात



**नई दिल्ली**। जनता दल (यू) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने रविवार को दिल्ली स्थित बिहार भवन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और बिहार के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।मुलाकात के दौरान सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद बनने के बाद उनके द्वारा बिहार के विकास में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं।वहीं, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने भी नीतीश कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके योगदान को बिहार की जनता कभी नहीं भूल सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में नीतीश कुमार की भूमिका ऐतिहासिक रही है और आने वाली पीढ़ियां भी इसे याद रखेंगी।इस मुलाकात को संगठनात्मक समन्वय और बिहार के विकास को लेकर सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर शिक्षक फोरम (जेकेटीएफ) कुपवारा ने सीआरसी और एएवाई के लिए स्थायी नियुक्ति आदेशों में देरी की निंदा की, तत्काल कार्रवाई की मांग की



**कुपवारा**। जम्मू-कश्मीर शिक्षक फोरम (जेकेटीएफ) कुपवारा के जिला अध्यक्ष श्री साहिल बशीर ने शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत सीआरसी और एएवाई के लिए स्थायी नियुक्ति आदेश जारी करने में लंबे समय से हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। जेकेटीएफ कुपवारा ने कहा कि औपचारिक आदेशों के अभाव के बावजूद, ये सीआरसी और एएवाई प्रतिदिन अपने-अपने विद्यालयों में उपस्थित होकर ईमानदारी, समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर रहे हैं। उनका मौन धैर्य शिक्षा प्रणाली के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है, लेकिन निरंतर अनिश्चितता उन्हें गंभीर मानसिक और आर्थिक आघात पहुंचा रही है। "वर्षों से, स्थायी नियुक्ति आदेश समय पर जारी किए जाते रहे हैं। "इस वर्ष की अस्पष्ट देरी केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर हमारे स्कूलों को सुचारू रूप से चलाने वाले लोगों की गरिमा और आजीविका पर सीधा हमला है," फोरम ने कहा। जिला अध्यक्ष श्री साहिल बशीर ने केंद्र शासित प्रदेश के नेतृत्व — अध्यक्ष श्री मोहम्मद शफी राथर, केंद्र शासित प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुनीर अहमद खान और प्रांतीय अध्यक्ष श्री भट जाविद — से आग्रह किया है कि वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष तत्काल उठाएं और तत्काल आदेश जारी करवाएं।

### उसलापुर में ऐतिहासिक 'श्रमोत्सव': 13 साल बाद गुड्स शेड पुनरुद्धार की घोषणा, हजारों श्रमिकों की मौजूदगी

» विधायक धरमजीत सिंह बोले— "श्रमिक का पसीना राष्ट्र निर्माण की नींव"; साइडिंग को पूर्ण क्षमता से शुरू करने का ऐलान



**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**।अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर उसलापुर गुड्स शेड वेलफेयर ट्रक ओनर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित भव्य 'श्रमोत्सव' ने बिलासपुर के औद्योगिक परिदृश्य में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर हजारों श्रमिकों, ड्राइवरों और ट्रक मालिकों की उपस्थिति के बीच तखतपुर विधायक ठाकुर धरमजीत सिंह ने वर्ष 2013 से बंद पड़े उसलापुर गुड्स शेड को पुनः पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने की घोषणा की। विधायक ठाकुर धरमजीत सिंह ने कहा कि उसलापुर रेलवे साइडिंग केवल एक लोडिंग पॉइंट नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक धुरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर शेड निर्माण, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और श्रमिकों के लिए बेहतर सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जाएगा। संरक्षक नरेश अग्रवाल ने श्रमिक एकता की ताकत पर बल देते हुए कहा कि इतिहास गवाह है—अधिकार संघर्ष से ही प्राप्त होते हैं। अध्यक्ष ईश्वर सिंह चंदेल ने श्रमिकों को "रेलवे सैनिक" बताते हुए अनिवार्य दुर्घटना बीमा और ईएसआई जैसी सुविधाओं की मांग रखी। नेता जीत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि लंबे संघर्ष का परिणाम है और अंतिम श्रमिक तक लाभ पहुंचाना ही उनका लक्ष्य है। एकता और भाईचारे का संदेश हाजी सैयद राशिद अली ने कहा कि श्रमिक का पसीना धर्म से परे होता है और यही एकता क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत है। इम्तियाज अली (राजू नाज) ने श्रमिक एकजुटता को शोषण के खिलाफ सबसे मजबूत हथियार बताते हुए हर संघर्ष में साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और विकास की रूपरेखा सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (CBT) सदस्य डॉ. दीपक जायसवाल ने EPF और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। वहीं पार्षद प्रतिनिधि संजय सिंह ने क्षेत्र में सड़क, बिजली और स्वच्छता जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम में अशोक श्रीवास्तव, इस्माइल भाई, राजू खान, डब्लू राना, राजू बाली, मिर्जा आरिफ बेग, शशिम खान, मंजीत सिंह, रामकिशोर यादव 'उक्कू', हाजी मो. अकबर बक्शी, सरदार परमजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, राजेश टंडन, बिहारी लाल, राजेंद्र कौशिक, सलाम अली, धीरज यादव, सलीम भाई, महावीर सिंह, गुड्डू झा, अजयपाल सिंह, पंकज सिंह, रामसिंह यादव, संतोष कौशिक, महेन्द्र सिंह छाबड़ा, विशाल मरावी, अजय अग्रवाल और बंटी छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मोहनलाल गिहारा तरुण चुग के 55,वें जन्मदिन पर शुभकामना देने पहुंचे

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली**।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर के पार्टी प्रभारी तरुण चुग के 55वें जन्मदिन के अवसर पर, देश के कोने-कोने से आए सैकड़ों भाजपा समर्थक और मित्र उन्हें बधाई देने के लिए साउथ एवेन्यू स्थित उनके आवास पर एकत्रित हुए। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट हस्तियों में अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा, महामंत्री रूपेश मेहरा, कार्यालय मंत्री सुमेश लिलोठिया, ज्योति बडिवाल लीला बहन, सहित गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम के दौरान, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने अपने राष्ट्रीय नेता तरुण चुग को एक पारंपरिक अंग वस्त्रम (सम्मान-वस्त्र) और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया; उन्होंने उनके साथ मिलकर जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं इस जन्मदिन के अवसर पर, मोहनलाल गिहारा ने कहा कि तरुण चुग जी भारत माता के सच्चे सपूत हैं और संघ परिवार के एक कर्मठ, समर्पित कार्यकर्ता हैं।" मोहनलाल गिहारा ने आगे कहा कि तरुण चुग के पिता जी पंजाब में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सबसे सम्मानित और विशिष्ट व्यक्तियों में से एक थे—एक ऐसे व्यक्ति जिन्होंने तरुण चुग ने बेहतरीन मूल्यों का संचार किया और उनकी एक विशिष्ट पहचान बनाने में मदद की। "वे भाजपा के लिए एक अनमोल रत्न से कम नहीं हैं; वे गहरी जड़ों वाले मूल्यों और संस्कारों से ओत-प्रोत हैं। वे समाज के हर वर्ग के साथ सम्मान और गरिमा से पेश आते हैं, हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अथक परिश्रम करते हैं,

## सारनाथ स्टेशन का डीआरएम आशीष जैन ने किया गहन निरीक्षण,यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी**।मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने सारनाथ स्टेशन का निरीक्षण किया | स्टेशन निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने सारनाथ स्टेशन पैनल,ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट,क्रैंक हैण्डिल,वीडर काउंटर,विफलता,कैंसिलेश एवं संरक्षा पुस्तिका का अवलोकन किया और स्टेशन अधीक्षक से स्टेशन पर परिचलनिक व्यवस्था का संज्ञान लिया | इसके उपरान्त मंडल रेल प्रबंधक स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख सुविधाओं का संज्ञान लिया और यात्री सुविधाओं यथा यात्री शेड, बेंचेस,वाटर बूथ,प्लेटफॉर्म,शौचालय, पैदल उपरिगामी पुल,यात्रियों के लिए स्टेशन पर लगे पंखे और लाइट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक उपस्थित थे । इसके पूर्व मंडल रेल प्रबंधक वारणसी आशीष जैन वाराणसी सिटी-सारनाथ रेल खण्ड पर स्थित समपार संख्या 19 सी का संरक्षा निरीक्षण किया | इस दौरान उन्होंने बूम लॉक,हाइट गेज,गेट फोन गेट सिगनल, सेफ़्टी उपकरण और सड़क की सरफेस की जांच की। इस क्रम में उन्होंने समपार पर कार्यरत गेट मैन का सक्षमता प्रमाण पत्र,पीएम ई प्रमाण पत्र की जांच की तथा संरक्षा ज्ञान परखा ।

## अंतरराष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी आयोजित, प्रेस की स्वतंत्रता पर वक्ताओं ने रखे विचार

नई सोच एक्सप्रेस




**गोरखपुर**।अंतरराष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति, प्रेस की स्वतंत्रता तथा पत्रकारों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों ने भाग लेकर लोकतंत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता राष्ट्र की मजबूती का आधार है। यदि पत्रकार निर्भीक होकर सत्य को सामने लाएंगे तभी समाज में पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला प्रभारी दुर्गेश मिश्र ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, जो जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। आज आवश्यकता है कि पत्रकारों को सम्मान, सुरक्षा और निष्पक्ष वातावरण मिले, ताकि वे बिना किसी दबाव के अपना दायित्व निभा सकें। जिला महासचिव ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, फिर भी सच्चे पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। प्रेस की स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार का अंकुश लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रेस दिवस हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम सत्य, निष्पक्षता और जनहित की पत्रकारिता को मजबूत बनाएंगे। साथ ही पत्रकारों के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। अंत में सभी पत्रकार साथियों ने एकजुट होकर प्रेस की गरिमा बनाए रखने तथा पत्रकार हित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में परिषद के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## लापरवाही के चलते पार्षद ने आम जनमानस के साथ कार्य रुकवाया, दी चेतावनी

नई सोच एक्सप्रेस



नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 के पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा दामोदर नगर क्षेत्र में चल रहे सीवर लाइन के कार्य में ठेकेदार और उसके कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कार्य को रुकवाकर मानक के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी गई। पार्षद योगेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्य के दौरान अवैध रूप से खुदाई की गई और निकली हुई मिट्टी को नालियों में डाल दिया गया, जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई। नालियां जाम होने के कारण क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश या पानी के बहाव में ही सड़कों पर जलभराव हो जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और गंदगी फैलने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों में इस समस्या को लेकर खासा रोष देखने को मिल रहा है और उन्होंने जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल ठेकेदार और प्रोजेक्ट हेड शैलेंद्र को मौके पर बुलाकर कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य को व्यवस्थित और मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पार्षद ने कहा कि नालियों में डाली गई मिट्टी को तुरंत साफ कराया जाए और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कार्य में लापरवाही जारी रही तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से दीपक दुबे संजय दुबे राजीव गुप्ता विकास बाजपेई अंकित सुमित अमित तिवारी विकास बाजपेई ऋतिक शर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

» सीवर लाइन के कार्य में ठेकेदार की लापरवाही के चलते पार्षद ने दी प्रोजेक्ट हेड को चेतावनी

# सुलतान-उल-कौम जस्सा सिंह अहलूवालिया की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

नई सोच एक्सप्रेस




नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की जयंती मनाते अहलूवालिया समाज के लोग

**कुरूक्षेत्र**।अहलूवालिया सभा द्वारा आज 3 मई को अहलूवालिया चौक पर महान सिख योद्धा और कपूरथला रियासत के संस्थापक जस्सा सिंह अहलूवालिया की जयंती अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सभा के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। अहलूवालिया सभा के संरक्षक राजिंदर मोहन वालिया ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जस्सा सिंह का जन्म 3 मई 1718 को लाहौर के पास अहलू गाँव में हुआ था। पिता बदर सिंह के निधन के बाद उनका पालन-पोषण गुरु गोविंद सिंह जी की धर्मपत्नी माता सुंदरी जी की देखरेख में दिल्ली में हुआ। वहां उन्होंने शस्त्र विद्या के साथ-साथ अरबी, फारसी और धर्मग्रंथों का ज्ञान प्राप्त किया। 1748 में बैसाखी के दिन उन्हें *'दल खालसा'* का सर्वोच्च सैन्य कमांडर नियुक्त किया गया। सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया ने कहा कि जस्सा सिंह जी की वीरता के कारण ही सिख समुदाय ने उन्हें सुल्तान-उल-कौम की उपाधि दी। उन्होंने 1761 में अहमद शाह अब्दाली को हराकर लाहौर पर विजय प्राप्त की और सिखों के सिक्के जारी किए। यही नहीं, 1762 के 'वड्डा घल्लूघारा' (नरसंहार) के दौरान उन्होंने अद्भुत साहस दिखाते हुए सिख कौम का नेतृत्व किया और 1772 में कपूरथला राज्य की स्थापना की। उप प्रधान अशोक रोशा ने उनके मानवीय पक्ष को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अहमद शाह अब्दाली के चंगुल से 2200 कन्याओं को मुक्त कराकर उनके घर पहुँचाया। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि श्री हरिमंदिर साहिब के पुनर्निर्माण में जस्सा सिंह जी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज को संदेश दिया कि युवाओं को सेवा क्षेत्र, अस्पतालों और धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, वैवाहिक और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आना चाहिए, सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि समाज के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## झरिया चिल्ड्रेन पार्क में गांधी प्रतिमा स्थल क्षतिग्रस्त, जनजागरूकता अभियान चलाने की घोषणा

नई सोच एक्सप्रेस



**झरिया**।कोयलांचल के हृदयस्थल झरिया स्थित चिल्ड्रेन पार्क में पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के सौजन्य से स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। गांधी प्रतिमा के ऊपर बना छत टूटकर गिर गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। झरिया विधानसभा क्षेत्र का यह एकमात्र प्रमुख पार्क है, जहां बच्चे, बुजुर्ग और आम नागरिक मनोरंजन एवं सैर-सपाटे के लिए पहुंचते हैं। पार्क में गांधी प्रतिमा स्थल क्षतिग्रस्त होने के बावजूद अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा मरम्मत की दिशा में कोई पहल नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि गांधी जयंती जैसे अवसरों पर जनप्रतिनिधि प्रतिमा पर माल्यार्पण और भाषण तो देते हैं, लेकिन प्रतिमा स्थल के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता। झारखंड मानव कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष रामा शिष चौहान एवं महासचिव राजेश गोस्वामी ने संयुक्त रूप से कहा कि महात्मा गांधी देश के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे हैं और उनके सम्मान में स्थापित स्थल की सुरक्षा एवं मरम्मत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा और स्थानीय लोगों को साथ लेकर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से प्रतिमा स्थल की मरम्मत की मांग की जाएगी। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक गांधी प्रतिमा स्थल का छत पुनर्निर्मित नहीं हो जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा। स्थानीय लोगों से भी इस मुहिम में जुड़ने की अपील की गई है।

## मीटिंग में लिया निर्णयः पक्षियों के पानी के लिए जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि0) राहगीरों को बांटेगा कसोरे

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र**।आज स्थानीय निजी होटल नजदीक ब्रह्मासरोवर के सभागार में जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था के प्रधान दलबीर सिंह मलिक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने किया। बैठक में कई गंभीर मामलों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा ने कहा कि आजकल धूप बहुत तेज हो रही है और बाहर पड़ा पानी सूख रहा है इसलिए पक्षियों की जान बचाने हेतु लोगों के बीच में जाकर प्रेरित किया जाए तथा पानी के लिए संस्था की ओर से कसोरे बांटे जाएं । संस्था के आडिटर के.सी.वर्मा व मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया ने कहा कि संस्था की सदस्यता में वृद्धि करने के लिए सभी सदस्य हर संभव प्रयास करें। कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगनाखेड़ा ने सभी सदस्यों से काटी गई सदस्यता का ब्यौरा एकत्रित किया। प्रेस प्रवक्ता शिव किरमच ने प्रतिभाशाली बलिकाओं को सम्मानित करने के लिए सूची बनाने की ज़िम्मेदारी ली। प्रचार सचिव संजय शर्मा ने पक्षियों के पानी के लिए कसोरे खरीदने तथा सभी सदस्यों के सहयोग से बांटने की जिम्मेदारी ली। प्रोजेक्ट एडवाइजर हेमंत यादव तथा सलाहकार स्वतंत्र शर्मा ने बैठक में सभी से आग्रह किया किया कि जुलाई-अगस्त के महीने में संस्था द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाए। सभी विषयों पर बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। संस्था के प्रधान दलबीर सिंह मलिक ने संस्था द्वारा जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक किए गए कार्यों का ब्यौरा विस्तार से दिया गया। इस अवसर पर प्रधान दलबीर मलिक के अतिरिक्त सरदार बलदेव सिंह सैनी, रमेश दत्त शर्मा, राजकुमार वालिया, के.सी.वर्मा, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, हेमंत यादव,शिव किरमच, संजय शर्मा, स्वतंत्र शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया और अपने बेहतरीन सुझाव समाज हित में दिए।

## मनीष कुमार की पत्नी को सरकारी नौकरी मिल अपराधियों को मिले से सख़्त से सख़्त सज़ा - सांसद वीरेंद्र सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी**।समाजवादी पार्टी चंदौली सांसद बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मनीष सिंह के घर ग्राम घमहा पहुंचे,सहयोगी दल नेशनल इक्वल पार्टी संयोजक शशिप्रताप सिंह भी अपने नेताओं के संग पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिला | सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्य आरोपियों को अगर सरेंडर कराया गया तो समझा जायेगा प्रशासन की मिली भगत है सरकार तत्काल अपराधियों का इनकाउंटर करे | प्रदेश के दो केबिनेट मंत्री का संरक्षण प्राप्त दिखाई दे रहा तभी आठ दिन हो गया मुख्य मुजरिम पुलिस के पकड़ से बाहर है | शशिप्रताप सिंह ने मांग किया कि दरिंदो को फास्ट कोर्ट के माध्यम से तत्काल फांसी पर चढ़ाया जाए | पुलिस अहम मुजरिम को पकड़ने में हीलाहवाली कर रही है यह सरकार अपराध रोकने और अपराधी पकड़ने में फेल है | मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में फर्क है राजनैतिक वोट के लिए मृत मनीष कुमार के आत्मा के साथ मजाक किया जा रहा है बुल्डोजर कहा खराब हो गया है | सरकारी नौकरी पत्नी को मिलना चाहिए अपराधियों की सजा फांसी कम से कम होना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य जिलाध्यक्ष सपा सुजीत यादव लक्कड़,पूजा यादव, लालाबाबू सोनकर,पूर्व विधायक उदयलाल मौर्या,आकाश मौर्या,बाबूलाल यादव,पूर्व प्रमुख रामबालक पटेल, दयाशंकर सिंह,सोनू लाल सहित इत्यादि सैकड़ों लोग रहे।

## अधिकारों का सार्थक ढंग

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत में समस्या अधिकारों का अभाव नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारों का सार्थक ढंग से उपभोग किया जा सके। भारत की जमीनी हकीकत से परिचित लोग सहज ही इस राय से इत्तेफ़ाक रखेंगे।

अधिकारों पर जारी बहस के बीच प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने यह महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है कि 'जिस अधिकार का व्यवहार में उपभोग ना किया जा सके, वह कागजी वायदे के ज्यादा कुछ नहीं है।ó उन्होंने कहा कि भारत में समस्या अधिकारों का अभाव नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि अधिकारों का सार्थक ढंग से उपयोग किया जा सके। भारत की जमीनी हकीकत से परिचित लोग सहज ही प्रधान न्यायाधीश की इस राय से इत्तेफ़ाक रखेंगे। बेशक, अपने देश में नागरिकों के लिए संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की लंबी सूची है। मगर ये कड़वी हकीकत है कि अधिकांश नागरिकों के लिए वे अधिकार ज्यादा मायने नहीं रखते। मसलन, जिन नागरिकों को उपयुक्त शिक्षा-दीक्षा और ऐसी परिस्थितियां प्राप्त नहीं हुईं, जिनसे वे राजकाज एवं सार्वजनिक मुद्दों पर कुछ कहने योग्य विचार विकसित कर पाएं, उनके लिए अभिव्यक्ति की आजादी महज ऐसा गहना है, जिसे वे कभी पहन नहीं पाते। फिर आसपास भयमुक्त वातावरण ना हो, तो उनके इस अधिकार के लिए खतरा सिर्फ सरकार के फरमानों से नहीं, बल्कि स्थानीय सामाजिक- आर्थिक ढांचे से भी पैदा होता है। जस्टिस कांत ने भी कहा कि भौगोलिक स्थितियों, इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी कमियों और आर्थिक बाधाओं के कारण बड़ी संख्या में लोग अदालत और उन संस्थाओं के पास नहीं पहुंच पाते, जिनका मकसद उनके अधिकारों की रक्षा है। सार यह कि अधिकारों का विमर्श तभी अपनी मंजिल तक पहुंचेगा, जब अधिकारों के उपभोग की परिस्थितियों को चर्चा में शामिल किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं होता, क्योंकि अधिकारों के हनन की सारी बहस सभ्रांत वर्ग के दायरे में सिमटी रहती है। संभवतः यही कारण है कि नागिरक अधिकारों पर हमले और संविधान बचाओ जैसी बातें आम जन मानस को नहीं छू पातीं। जो तबके ऐसे अधिकारों से वंचित हैं, उनमें वोट की ताकत उन हकों की रक्षा करने का जज्बा गायब रहता है। उलटे नकदी ट्रांसफर की योजनाएं उन्हें लुभा लेती हैं, क्योंकि उनसे भले ही सीमित, लेकिन वास्तविक फायदा उन्हें मिलता है। अतः जस्टिस कांत की टिप्पणियों को उनकी सही भावना में देखा जाना चाहिए। ऐसा करना अधिकारों को उनके असल संदर्भ में देखना होगा।

# सच, सत्ता और संघर्ष के बीच पत्रकारिता



आरती कुमारी




अगर सच बोलने वालों को हतोत्साहित किया जाता रहा तो सच भी धीरे-धीरे हाशिए पर चला जाएगा। यह स्थिति न तो किसी समाज के लिए शुभ कही जा सकती है और न ही किसी देश या दुनिया के लिए। तय हमें ही करना है कि हम क्या चाहते हैं?

हर साल तीन मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस आते ही बयान जारी होतेहैं। प्रतिबद्धताओं को दोहराया जाता है और प्रेस की स्वतंत्रता को लोकतंत्र की रीढ़ बताया जाता है लेकिन सवाल यह है कि क्या यह रीढ़ अब भी सीधी खड़ी है या धीरे-धीरे झुक चुकी है? हालात ऐसे बन रहे हैं कि अब खबर लिखना ही जोखिम का काम होता जा रहा है। जिस प्रकार पत्रकारों को मौत के घाट उतारा जा रहा है, उन पर घातक हमले हो रहे हैं, उन्हें जेलों में बंद किया जा रहा है, इसे देखते हुए लगता है कि प्रेस अब कहने मात्र के लिए स्वतंत्र रह गई है। बड़ा सवाल है कि क्या विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने की औपचारिकता पूरी करके प्रेस की स्वतंत्रता का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है? क्या सच कहने की कीमत चुका कर पत्रकारिता सिमटती नहीं जा रही है? हम कहते हैं कि प्रेस स्वतंत्र है। लेकिन जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग कहानी सुनाती है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क ने हाल में जो बयान दिया है, उससे पता चलता है कि दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश बचा हो जहां पत्रकार पूरी तरह सुरक्षित हों। यह किसी एक देश की कहानी नहीं है। यह लगभग पूरी दुनिया का हाल है जहां सच लिखना धीरे-धीरे खतरनाक होता जा रहा है। दुनिया के युद्धग्रस्त क्षेत्रों में यह जोखिम साफ तौर पर नजर आता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार गाजा में जारी संघर्ष के दौरान करीब तीन सौ पत्रकार मारे जा चुके हैं। ये पत्रकार किसी पक्ष का हिस्सा नहीं थे बल्कि केवल घटनाओं की तथ्यपरक जानकारी को आम लोगों तक पहुंचाने का अपना दायित्व पूरा कर रहे थे। युद्ध क्षेत्रों में पत्रकारों को अक्सर जान बूझकर निशाना बनाया जाता है और हाल के समय में मारे गए पत्रकारों की संख्या में तेजी देखी गई है लेकिन पत्रकारों पर खतरा केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। अन्य इलाकों में भी इस साल की शुरुआत से अब तक कई पत्रकारों की हत्या हो चुकी है और कुछ देशों को आज मीडिया के लिए सबसे खतरनाक जगहों में गिना जा रहा है। यह भी चिंताजनक है कि पत्रकारों की हत्या के मामलों में न्याय की दर बेहद कम है। जब अपराध होते हैं और सजा नहीं होती तो यह केवल एक व्यक्ति के खिलाफ अन्याय नहीं रहता बल्कि एक ऐसा माहौल बनता है जिसमें लोगों का डरना धीरे-धीरे सामान्य हो जाता है। सोचिए, दस में से नौ मामलों में आज तक किसी को जवाबदेह नहीं ठहराया गया। दुनिया भर में लगभग 330 मीडिया कर्मी और 500 नागरिक पत्रकार इस समय जेलों में बंद हैं। वर्तमान में पत्रकारों पर खतरे का स्वरूप भी बदल रहा है। पहले खतरा केवल मैदान में दिखता था, जो अब कागज और स्क्रीन के जरिए भी सामने आता है। मानहानि और साइबर अपराध जैसे कानूनों का इस्तेमाल असहमति को दबाने के लिए किया जा रहा है। दूसरी ओर, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मीडिया कर्मियों, खासकर महिला पत्रकारों, को जिस तरह की धमकियों और उत्पीडऩ का सामना करना पड़ रहा है उससे एक अलग तरह का दबाव पैदा हो रहा है। यह दबाव दिखाई कम देता है लेकिन असर गहरा छोड़ता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि युद्ध में सबसे पहले सत्य की हत्या होती है लेकिन अब यह बात और ज्यादा व्यापक अर्थों में सच लगने लगी है। क्योंकि अब सत्य की हत्या केवल युद्ध में नहीं बल्कि उन तमाम परिस्थितियों में हो रही है जहां सच को सामने लाने की कोशिश की जाती है। बड़ा सवाल है कि अगर पत्रकार सुरक्षित नहीं हैं तो समाज कितना सुरक्षित है? क्योंकि पत्रकार केवल खबर नहीं लिखते, वे समाज को हकीकत के बारे में बताते हैं। अगर यह प्रक्रिया बाधित होती है तो जानकारी भी सीमित होती जाती है और फैसले भी आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर लिए जाने लगते हैं। प्रेस की स्वतंत्रता बनी रहे, इसके लिए सिद्धांततः सब सहमत होते हैं लेकिन अब इसे एक अनिवार्यता के रूप में देखने की जरूरत है। अगर पत्रकार डर के माहौल में काम करेंगे तो सच भी डर जाएगा। और जब सच डरता है तो लोकतंत्र कमजोर होता है। पत्रकार बिना डर के काम कर सकें, इसके लिए वैसा माहौल बनाने की जिम्मेदारी सरकारों की है। पत्रकारों को सुरक्षा देने वाले कानूनों की जरूरत है। असहमति को अपराध बताकर परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पत्रकारों के खिलाफ होने वाले अपराधों में जवाबदेही तय करना अपरिहार्य है। इस काम में समाज की सजग भूमिका भी जरूरी है। समाज को भी यह तय करना चाहिए कि उसे किस तरह की पत्रकारिता की दरकार है। क्या हम केवल वही सुनना चाहते हैं जो हमें सहज लगे या वह भी सुनने की इच्छा रखते हैं जो हमें असहज भले ही कर दे लेकिन सच हो? हम इस बात को भूलते जा रहे हैं कि पत्रकारिता का काम केवल सूचना देना नहीं है बल्कि सवाल उठाना भी है। सवाल कई बार विचलित भी करते हैं। तीन मई को प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने की औपचारिकता पूरी करने के बजाय इस दिन को एक चेतावनी की तरह भी देखा जाना चाहिए। अगर सच बोलने वालों को इसी प्रकार हतोत्साहित किया जाता रहा तो सच भी धीरे-धीरे हाशिए पर चला जाएगा। यह स्थिति न तो किसी समाज के लिए शुभ कही जा सकती है और न ही किसी देश या दुनिया के लिए। तय हमें ही करना है कि हम क्या चाहते हैं?

# सम्राट चौधरी का नेतृत्वः बिहार में विश्वास, गति और विकास की नई कार्यसंस्कृति का उदय

**आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी**
**कटिहार बिहार**

बिहार की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था लंबे समय से परिवर्तन की प्रतीक्षा में रही है। यह परिवर्तन केवल सत्ता परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि कार्यशैली, प्राथमिकताओं और जनविश्वास के स्तर पर अपेक्षित था। हाल के समय में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जो शुरुआती संकेत सामने आए हैं, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार एक नई प्रशासनिक ऊर्जा और कार्यसंस्कृति की ओर बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रारंभिक स्तर पर ही सक्रियता, जवाबदेही और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के रूप में दिखाई दे रहा है। किसी भी नए नेतृत्व की सबसे बड़ी पहचान उसके पहले कुछ दिनों के कार्यों से होती है। यही वह समय होता है जब वह अपनी प्राथमिकताएँ स्पष्ट करता है और प्रशासन को दिशा देता है। सम्राट चौधरी ने अपने शुरुआती पंद्रह दिनों में जिस प्रकार की सक्रियता दिखाई है, उसने यह संदेश दिया है कि बिहार अब केवल योजनाओं की घोषणा का प्रदेश नहीं रहेगा, बल्कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। यह सत्य है कि बिहार में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले वर्षों में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। राज्य की आधारभूत संरचना में सुधार ने विकास की नींव मजबूत की है। लेकिन विकास की वास्तविक कसौटी यह होती है कि वह निरंतरता बनाए रखे और उसे नई गति मिले। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यही प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है—पूर्व उपलब्धियों को आधार बनाकर उन्हें और आगे बढ़ाने का प्रयास। सड़क और बिजली जैसे क्षेत्रों में उन्होंने आते ही समीक्षा बैठकों की श्रृंखला प्रारंभ की, लंबित परियोजनाओं की स्थिति का आकलन किया और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित करने की दिशा में पहल की। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक स्पष्ट संदेश है कि अब कार्यों में ढिलाई या अनिश्चितता के लिए स्थान नहीं होगा। बिहार जैसे राज्य में सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों की जीवनरेखा है। बेहतर सड़कें व्यापार को गति देती हैं, कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुँचाती हैं और निवेश के अवसर बढ़ाती हैं। इसी प्रकार बिजली केवल सुविधा नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास की आधारशिला है। यदि बिजली आपूर्ति स्थिर और पर्याप्त हो, तो उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र सभी में वृद्धि होती है। सम्राट चौधरी ने इन दोनों क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वे विकास को मूल आधार मानकर आगे बढ़ना चाहते हैं। यह दृष्टिकोण बिहार की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप है। उनकी कार्यशैली का एक महत्वपूर्ण पहलू है—निरंतर निगरानी और समीक्षा। अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें, कार्यों की प्रगति की समीक्षा और समयसीमा तय करना—ये सभी संकेत हैं कि प्रशासनिक ढांचे को अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बदलाव केवल कागजी नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव धीरे-धीरे जमीन पर भी दिखाई देने लगा है। योजनाओं के क्रियान्वयन में गति, अधिकारियों की सक्रियता और कार्यों के प्रति गंभीरता—ये सभी संकेत जनमानस में विश्वास पैदा कर रहे हैं। बिहार में लंबे समय तक यह धारणा रही है कि योजनाएँ बनती हैं, लेकिन उनका प्रभाव सीमित रहता है। यदि यह धारणा बदलती है और लोगों को यह महसूस होता है कि सरकार वास्तव में काम कर रही है, तो यह अपने आप में एक बड़ा परिवर्तन है। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यही मनोवैज्ञानिक परिवर्तन दिखाई दे रहा है—एक सक्रिय सरकार की छवि, जो निर्णय लेती है और उन्हें लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक सुधार की दिशा में भी संकेत दिए हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर, कार्यों की समयबद्धता और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करना—ये सभी कदम शासन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। यदि यह प्रक्रिया निरंतर बनी रहती है, तो बिहार में प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में एक सकारात्मक बदलाव संभव है। रोजगार और पलायन का मुद्दा बिहार के लिए लंबे समय से चुनौती रहा है। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यदि उद्योग, निवेश और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, तो यह समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। उन्होंने प्रारंभिक स्तर पर ही यह संकेत दिया है कि बिहार को केवल उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ाकर उत्पादन और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना होगा। कृषि आधारित उद्योग, MSME सेक्टर और स्थानीय संसाधनों का उपयोग—ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ बिहार तेजी से प्रगति कर सकता है। यदि इन क्षेत्रों में ठोस नीतियाँ बनती हैं और उनका प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तो यह राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकता है। कृषि के क्षेत्र में भी परिवर्तन की आवश्यकता है। केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे बाजार, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जोड़ना आवश्यक है। यदि किसान को उसके उत्पाद का उचित मूल्य




मिलेगा, तो उसकी आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं, तो यह बिहार के लिए एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकता है। शिक्षा और कौशल विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। बिहार के युवाओं में क्षमता की कमी नहीं है, लेकिन उन्हें सही दिशा और अवसर की आवश्यकता है। यदि कौशल प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जाए और शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाया जाए, तो यह राज्य की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार की आवश्यकता बनी हुई है। यदि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाए और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाए, तो यह राज्य के समग्र विकास में योगदान देगा। पर्यटन के क्षेत्र में भी बिहार के पास अपार संभावनाएँ हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का विकास, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और प्रचार-प्रसार—इन सभी के माध्यम से पर्यटन को आय के एक बड़े स्रोत के रूप में विकसित किया जा सकता है। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यदि इन सभी क्षेत्रों में संतुलित और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाता है, तो बिहार की विकास यात्रा को नई दिशा मिल सकती है। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन जो दिखाई दे रहा है, वह है—जनविश्वास का निर्माण। जब जनता यह महसूस करती है कि सरकार सक्रिय है, निर्णय ले रही है और परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है, तो उसका विश्वास बढ़ता है। यही विश्वास विकास की सबसे बड़ी पूंजी होता है। नेतृत्व परिवर्तन का वास्तविक अर्थ यही है कि वह नई ऊर्जा, नई सोच और नई दिशा लेकर आए। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि बिहार अब केवल अतीत की सीमाओं में बंधा नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य की संभावनाओं की ओर बढ़ेगा। सम्राट चौधरी का नेतृत्व बिहार के लिए एक सकारात्मक मोड़ के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। शुरुआती पंद्रह दिनों की सक्रियता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो परिवर्तन की प्रक्रिया तुरंत शुरू हो सकती है। यह केवल शुरुआत है, लेकिन यह शुरुआत दिशा तय करती है। यदि यही गति, यही प्रतिबद्धता और यही स्पष्टता बनी रही, तो बिहार विकास के एक नए अध्याय की ओर बढ़ सकता है। सड़क, बिजली, प्रशासन, रोजगार और निवेश—इन सभी क्षेत्रों में निरंतर सुधार ही राज्य को आगे ले जाएगा। जनमानस का बढ़ता विश्वास इस बात का संकेत है कि लोग बदलाव महसूस कर रहे हैं और उसे स्वीकार भी कर रहे हैं। अब आवश्यकता है कि इस विश्वास को ठोस परिणामों में बदला जाए। नेतृत्व की वास्तविक परीक्षा समय के साथ होती है, लेकिन उसकी दिशा शुरुआत में ही तय हो जाती है। और वर्तमान संकेत यह बताते हैं कि बिहार सही दिशा में कदम बढ़ा रहा है।




**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से बड़ी खुशखबरी मिलेगी और आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शांतिपूर्ण बीतेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप कुछ नया सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत और कार्य करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नई गतिविधियों में भाग लेंगे और पढ़ाई की तरफ रुझान बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में बढ़िया मुनाफा होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिलायेगा। पारिवारिक रिश्तों में गहराई और अपनापन महसूस हो सकता है। आज आपकी पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे। साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान देंगे। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है।

कर्क राशिः आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। आज आपको नयी जानकारी मिलेगी यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। आज अध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने लिए अच्छा मौका मिलेगा। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की सख्त जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। नई तकनीक के इस्तेमाल पर अपने सीनियर्स से विचार-विमर्श करेंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए लकी साबित होगा। असंभव सा लगने वाला काम भी आज पूरा हो जाएगा साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से ख़ुशी मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी भाषा में मधुरता बनाये रखें।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहने वाला है। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। अपने स्वभाव में धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आज आपको किसी समस्या का समाधान भी मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते है। किसी विशेष काम में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज जरूरी काम को लेकर उस विषय के जानकार व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे और योजना बनाएंगे। आपकी कार्य योजनाएं सफल होने के योग हैं।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज किसी फिल्म में गाने का मौका मिल सकता है। आज किसी सामाजिक कार्यशाला में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें तो आपको अच्छी जानकारी मिल सकती है जो आपके बहुत ही काम आएगी। आज कुछ पुरानी बातें आपको याद आ सकती हैं।आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिये फेवरेबल होने वाला है। आज आपको बड़ी उपलब्धि मिल सकती है जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट विषय में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप अपने सभी काम मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। जिसकी वजह से आपको खुद के लिए समय निकल पाना मुश्किल होगा। लेकिन काम समय से पूरा होने से आपको ख़ुशी भी होगी। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता मिलने के योग भी हैं। आपके लिए जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी।

# भारतीय राजनीति और नारी-शक्ति



**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**

भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है, लेकिन उनकी वास्तविक राजनीतिक भागीदारी और सशक्तिकरण के बीच एक गहरी खाई दिखाई देती है। लंबे समय से महिलाओं को राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय नागरिक के रूप में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन जब बात प्रतिनिधित्व और निर्णय लेने की शक्ति की आती है, तो स्थिति उतनी उत्साहजनक नहीं दिखती। हाल के वर्षों में महिलाओं से जुड़े विधेयकों, विशेषकर आरक्षण से संबंधित प्रस्तावों, ने राजनीतिक विमर्श को नई दिशा दी है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि इन विधेयकों का इस्तेमाल कई बार वास्तविक परिवर्तन की बजाय राजनीतिक रणनीति के रूप में किया गया दिखता है। 1990 के दशक तक भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति सीमित थी। वे मुख्यतः प्रतीकात्मक भूमिकाओं में दिखाई देती थी। पंचायत स्तर पर आरक्षण ने पहली बार महिलाओं को राजनीतिक मंच पर आने का अवसर दिया। 73वें और 74वें संविधान संशोधन ने महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया। लाखों महिलाएं पहली बार सत्ता में किसी रूप से जुड़ी। इससे सामाजिक संरचना में भी बदलाव आया। लेकिन यह भी देखा गया कि कई मामलों में महिलाएं "प्रॉक्सी" के रूप में काम कर रही थी, जहां वास्तविक निर्णय उनके पुरुष परिजन लेते थे। महिला आरक्षण विधेयक लंबे समय से चर्चा में रहा है। इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम माना गया है, लेकिन इसके बार-बार लटकने और अंततः राजनीतिक परिस्थितियों में इस्तेमाल होने ने कई सवाल खड़े किए हैं। जैसा कि देखा गया है कि बिल के गिरते ही पोस्टरों का छपना यह संकेत देता है कि यह केवल एक नीति नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक गतिविधि थी। क्या राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को सशक्त करना चाहते हैं? या यह केवल चुनावी लाभ के लिए उठाया गया मुद्दा था? आज महिला मतदाता भारतीय चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। कई राज्यों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक हो गया है। राजनीतिक दल अब उन्हें एक "निर्णायक वोट बैंक" के रूप में देख रहे हैं। क्या इस विधेयक के गिरने का असर राज्यों के चुनावों पर पड़ेगा। संभवत कुछ हद तक भावनात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है। लेकिन चुनावी परिणाम कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करते हैं, जिसमें स्थानीय मुद्दे, नेतृत्व, गठबंधन आदि। क्या महिलाओं को छल का एहसास है? यह एक महत्वपूर्ण और जटिल प्रश्न है। आज की महिला अधिक शिक्षित है। सूचना तक उसकी पहुंच अधिक है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए वह राजनीतिक रूप से अधिक जागरूक है। नब्बे के दशक की तुलना में आज महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर अधिक सजग हैं। राजनीतिक निर्णयों पर सवाल उठा रही हैं और केवल "लाभार्थी" नहीं, बल्कि "निर्णायक" बनना चाहती हैं। हर चुनाव में महिलाओं के लिए योजनाएं घोषित की जाती हैं। लेकिन उनका क्रियान्वयन अधूरा रहता है। महिला नेताओं को आगे करना, महिला सशक्तिकरण के नाम पर अभियान चलाना। लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव धीमा रहता है। मीडिया इस पूरे विमर्श को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिल के गिरते ही पोस्टरों का छपना यह दर्शाता है कि यह एक पूर्व नियोजित रणनीति थी। जनता की भावनाओं को तुरंत प्रभावित करने का प्रयास किया गया। भारतीय राजनीति में नारी-शक्ति का सवाल अब केवल एक "मुद्दा" नहीं रहा, बल्कि यह लोकतंत्र की गुणवत्ता का पैमाना बन चुका है। महिलाओं को लंबे समय तक प्रतीकात्मक रूप से इस्तेमाल किया गया, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। महिलाएं अब केवल वोटर नहीं, बल्कि विचारशील नागरिक और संभावित नेता हैं। उन्हें लगातार छला नहीं जा सकता। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि अब "प्रदर्शन" नहीं, बल्कि "परिवर्तन" की राजनीति करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### घर लौटने के दौरान रास्ते से किशोरी लापता, सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**पाकुड़**।जानकारी के अनुसार, अलियारा खातून बीते 6 अप्रैल 2026 की शाम करीब 5 बजे अपनी बहन के ससुराल से लौट रही थी। वह इलामी होते हुए अपने घर रामचंद्रपुर आ रही थी, लेकिन रास्ते में ही वह अचानक गायब हो गई। जब काफी देर तक वह घर नहीं पहुँची, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, परंतु उसका कहीं पता नहीं चला।मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव से एक 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। लापता किशोरी अलियारा खातून की मां अम्बिया बीबी ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने सात नामजद व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।परिजनों ने अपनी शिकायत में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके बेटे के ससुराल पक्ष के लोगों ने किशोरी का अपहरण किया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।मुफस्सिल थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लापता किशोरी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### हजारीबागः सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट मामले में मेयर ने साइबर थाना में किया प्राथमिकी दर्ज



**हजारीबाग**।नगर निगम के महापौर अरविंद राणा के विरुद्ध में सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे झूठे एवं साम्प्रदायिक पोस्ट के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दे दिया है। बताया गया है कि नगर निगम चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार रह चुके महापौर प्रत्याशी सुदेश चंद्रवंशी (पिता बैजनाथ चंद्रवंशी, निवासी बड़ा बाजार) एवं हितेश रंजन (पिता राजेश ठाकुर) द्वारा एक भ्रामक पोस्ट प्रसारित की गई, जिसमें वार्ड 16 में कथित रूप से स्लॉटर हाउस को पुनः चालू कराने के लिए 5 करोड़ का फंड पास कराने का आरोप लगाया गया। महापौर अरविन्द कुमार राणा ने इस आरोप को पूरी तरह झूठा, निराधार और मनगढ़ंत बताया है। महापौर अरविन्द कुमार राणा के अनुसार, यह पोस्ट उनकी छवि धूमिल करने के साथ-साथ समाज में वैमनस्य फैलाने की सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अफवाहें शहर की शांति व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं और जनता को गुमराह करती हैं। लिखित आवेदन में भारतीय दंड संहिता की धारा 153A, 295A, 499/500, 505(2), 120B तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही आरोपितों के सोशल मीडिया अकाउंट एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। महापौर अरविन्द कुमार राणा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास कार्यों को लेकर किसी भी प्रकार का दुष्प्रचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संदर्भ में महापौर अरविन्द कुमार राणा ने बताया कि "हजारीबाग की शांति, सौहार्द और विकास से कोई समझौता नहीं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई तय है।

### गंगा को निर्मल बनाने का संकल्पः मुक्तेश्वर धाम घाट पर स्वच्छता अभियान में उमड़ा जनसैलाब




**साहिबगंज**।निर्मल गंगा, अविरल गंगा" के संकल्प को साकार करने की दिशा में रविवार को मुक्तेश्वर धाम गंगा घाट पर एक प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय गंगा मिशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रह्लाद रॉय गोयनका की प्रेरणा तथा मॉडल कॉलेज राजमहल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम में नगर परिषद साहिबगंज की भी सक्रिय भागीदारी रही।सुबह 6:30 बजे शुरू हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर गंगा घाट की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया और जल प्रदूषण के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा तट को स्वच्छ रखना, जलीय जीवों का संरक्षण करना तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना रहा।इस अवसर पर शिक्षा केंद्र निदेशक अनिकेत कुमार सिंह, सिटी मैनेजर रवि कुमार, वार्ड पार्षद रंजीत प्रसाद साहा, डॉ. रणजीत कुमार सिंह, डॉ. रमजान अली, डॉ. अमित कुमार (एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी, मॉडल कॉलेज राजमहल) एवं डॉ. शैलेश कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया और अपील की कि गंगा में कचरा, प्लास्टिक या पूजन सामग्री न डालें। साथ ही साबुन, शैम्पू या कपड़े धोने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई।इसी क्रम में डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "गंगा हमारी माँ है, और हमें माँ के समान ही उसका सम्मान करना चाहिए। जिस जल से हम पूजा करते हैं, उसे गंदा करना हमारी आस्था के विपरीत है।" इस अभियान में प्रिया कुमारी, निती कुमारी, अंकिता दास, रोश परवीन, नेहा कुमारी, आशिया परवीन, मधु कुमारी, रजनी कुमारी, इशा कुमारी, बबली कुमारी, चांदनी कुमारी, घंटी कुमारी, निशा कुमारी, सचिन कुमार, जय कुमार एवं आदेश कुमार सहित कई छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने गंगा की स्वच्छता बनाए रखने और इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रण लिया। यह आयोजन समाज में स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# झारखंड कांग्रेस ने नई प्रदेश कमिटी व विभिन्न समितियों की घोषणा की

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मंजूरी के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शनिवार को कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस कमिटी समेत विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची जारी की। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड सह-प्रभारी भूपेंद्र मरावी, सतीश पॉल मुंजनी, अभिलाष साहू, सोनल शांति और राजन वर्मा भी मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कई अहम समितियों का गठन किया गया है। इनमें पीसीसी कार्यकारी समिति, राजनीतिक मामलों की समिति, समन्वय समिति, अभियान समिति, परिसीमन समिति, चुनाव प्रबंधन समिति और एसआईआर समिति शामिल हैं। नई कार्यकारिणी में एक कोषाध्यक्ष, 16 उपाध्यक्ष, 43 महासचिव, 44 पीसीसी कोऑर्डिनेटर, 81 सचिव और 44 संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। इनमें से 14 उपाध्यक्षों को राज्य की एक-एक लोकसभा सीट की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जबकि दो उपाध्यक्षों को पीसीसी विभागों और फ्रंटल संगठनों के समन्वय का दायित्व दिया गया है। प्रदेश नेतृत्व के अनुसार 34 महासचिवों को जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर जिलों और नगर निकायों में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं अन्य महासचिवों को संगठन, मीडिया- कम्युनिकेशन, प्रशिक्षण, मॉनिटरिंग, कांग्रेस संपत्तियों की सुरक्षा एवं शिकायत निवारण जैसे कार्य सौंपे जाएंगे। इसके अलावा 34 पीसीसी कोऑर्डिनेटर को जिलों और नगर निकायों में तथा 10 को पूरे राज्य में समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। 81 सचिवों को विधानसभा क्षेत्रों में और 44 संयुक्त सचिवों को महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगले 48 घंटों में एक अधिसूचना जारी कर सभी पदाधिकारियों और समितियों को भौगोलिक एवं कार्यात्मक जिम्मेदारियां आवंटित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी में सभी समुदायों, महिलाओं और 45 वर्ष से कम आयु के युवाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा, हालांकि प्रत्येक वर्ष जून में वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि जिन नेताओं और कार्यकर्ताओं को फिलहाल पीसीसी में स्थान नहीं मिला है, उन्हें भविष्य में विभागों और फ्रंटल संगठनों की राज्यस्तरीय समितियों में जिम्मेदारी दी जाएगी। राजनीतिक मामलों की समिति (PAC) में 34 सदस्य होंगे, जो राज्य की राजनीतिक रणनीति तय करने में मार्गदर्शन करेंगे। वहीं अभियान समिति आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेगी। चुनाव प्रबंधन समिति को ग्रामीण निकाय चुनाव और आगामी बड़े चुनावों की तैयारी का जिम्मा सौंपा गया है। प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष पांचों संभागों में त्रैमासिक समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें पीसीसी और डीसीसी पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही मासिक समीक्षा बैठकों के जरिए संगठनात्मक गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस ने ग्राम पंचायत और नगर पालिका वार्ड स्तर तक कांग्रेस समितियों को सक्रिय करने पर विशेष जोर देने की बात कही है।

## विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले नन्हे तैराक इशांक कुमार का कांग्रेस नेताओं ने किया सम्मान




नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।कम उम्र में तैराकी के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने वाले नन्हे तैराक इशांक कुमार को शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर रमा खलखो, मीडिया विभाग अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, सूर्यकांत शुक्ला, हटिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, सोशल मीडिया प्रतिनिधि संजय कुमार तथा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार मौजूद थे। नेताओं ने इशांक कुमार को पुष्पगुच्छ एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर उनकी उपलब्धि की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि इतनी कम उम्र में इशांक की यह उपलब्धि पूरे समाज और राज्य के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि झारखंड और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि इशांक भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। साथ ही कहा कि इशांक जैसे प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन और उचित मंच उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को और निखार सकें। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि इशांक कुमार की सफलता यह साबित करती है कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इशांक की उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी और उत्साह का माहौल है।

## सत्ता–कॉर्पोरेट गठजोड़ से जंगल और आदिवासी अस्तित्व पर खतरा : विजय शंकर नायक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय शंकर नायक ने केंद्र सरकार की विकास नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश में विकास के नाम पर जंगलों, प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी समुदायों के अस्तित्व पर गंभीर संकट पैदा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान दौर में विकास मॉडल "सत्ता–कॉर्पोरेट गठजोड़" में बदलता दिख रहा है, जहां बड़े उद्योगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि संस्कृति, सभ्यता और जीवन का आधार हैं। विशेषकर आदिवासी समुदायों के लिए जंगल उनकी पहचान और आजीविका का प्रमुख स्रोत हैं। लेकिन बीते वर्षों में बड़ी परियोजनाओं के नाम पर व्यापक पैमाने पर वन भूमि का डायवर्जन किया गया है। विजय शंकर नायक ने दावा किया कि पिछले एक दशक में बड़ी संख्या में वन भूमि को कोयला खनन, हाईवे, रेलवे और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाया गया। इससे प्राकृतिक जंगलों और जैव विविधता को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कागजों पर वन क्षेत्र बढ़ने का दावा किया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता में प्राकृतिक घने जंगलों की जगह प्लांटेशन लगाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट, हसदेव अरण्य, चारधाम हाईवे प्रोजेक्ट, अरावली क्षेत्र, पूर्वोत्तर हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स और पश्चिमी घाट में हो रही परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जंगल प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि विकास परियोजनाओं का सबसे अधिक असर आदिवासी समुदायों पर पड़ा है। विस्थापन, आजीविका संकट और सांस्कृतिक क्षरण जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यावरण कानूनों को कमजोर कर कॉर्पोरेट हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। नायक ने कहा कि कांग्रेस संतुलित विकास की पक्षधर है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, ग्रामसभा की सहमति, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल जंगलों की नहीं, बल्कि भारत के भविष्य और पर्यावरणीय संतुलन की लड़ाई है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र के लिए भाजपा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के लिए समय नहीं मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलकर राज्य में विशेष सत्र बुलाने और प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह करना चाहती थी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी के महामंत्री अमर कुमार बाउरी द्वारा 30 अप्रैल से मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लगातार समय मांगा जा रहा था, ताकि 3 मई को मुलाकात हो सके। उन्होंने कहा कि विषय की जानकारी स्पष्ट रूप से दिए जाने के बावजूद मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से समय नहीं दिया गया और न ही कोई स्पष्ट जवाब मिला। मरांडी ने कहा कि समय नहीं मिलने के कारण भाजपा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपनी मांगों से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि पार्टी चाहती है कि राज्यपाल की सहमति से विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया जाए और इसे केंद्र सरकार को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। साथ ही सीटों की संख्या में भी वृद्धि हो सकती है। बाबूलाल मरांडी के अनुसार, यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो झारखंड में लोकसभा सीटों की संख्या 14 से बढ़कर 21 और विधानसभा सीटें 81 से बढ़कर 121 हो सकती हैं, जिससे महिलाओं और अन्य वर्गों को अधिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस विधेयक का समर्थन नहीं किया, जबकि राज्यहित में इसे समर्थन मिलना चाहिए था। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी उपस्थित थीं।

# शांतिपूर्ण माहौल में नीट 2026 परीक्षा संपन्न




नई सोच एक्सप्रेस

**पाकुड़**।नीट 2026 का जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जिले में कुल दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षा पूरी पारदर्शिता और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को लेकर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी केंद्रों पर सघन जांच की व्यवस्था की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पर्याप्त पुलिस बल तथा सीसीटीवी कैमरों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग और सुदृढ़ प्रबंधन के कारण परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा संचालन को प्राथमिकता दी जाएगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष सत्र बुलाने की मांग, भाजपा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची**।नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर झारखंड भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राज्यपाल की अनुमति से विशेष सत्र आहूत करने और अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने का आग्रह किया गया है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने 16 से 18 अप्रैल 2026 तक विशेष सत्र बुलाकर देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक पेश किया था, लेकिन विपक्ष के अपेक्षित सहयोग के अभाव में विधेयक पारित नहीं हो सका। भाजपा की ओर से कहा गया है कि यदि यह विधेयक पारित होता है तो 2029 से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। साथ ही झारखंड में लोकसभा सीटों की संख्या 14 से बढ़कर 21 और विधानसभा सीटें 81 से बढ़कर 121 होने की संभावना जताई गई है। इससे क्रमशः 7 लोकसभा और 41 विधानसभा सीटों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सकेगा। पत्र में झारखंड की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा गया कि राज्य में महिलाओं को हमेशा निर्णय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वीरांगना फूलो-झानो की धरती झारखंड में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की परंपरा रही है। मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा गया कि वे महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर पहल करते हुए विशेष सत्र बुलाएं और इस प्रस्ताव को पारित कर केंद्र सरकार से पुनः विधेयक लाने का आग्रह करें। भाजपा नेताओं ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस सामाजिक महत्व के विषय पर गंभीर निर्णय लेंगे।

## सुदेश महतो ने किया 'आयरन टेंपल जिम' का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को रांची के लोअर चुटिया, सामलौंग स्थित मुद्गल मेंशन के द्वितीय तल पर स्थापित 'आयरन टेंपल जिम' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं। खासकर युवा वर्ग को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फिटनेस सेंटर युवाओं को अपनी शारीरिक क्षमता बढ़ाने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुदेश महतो ने कहा, "स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को फिट रहने के लिए अनुशासित दिनचर्या और संतुलित जीवनशैली अपनानी चाहिए।" कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो, श्रीमती कौशल्या देवी, वॉटर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन सुरेश साहू, केंद्रीय सचिव मोहसिन खान, बुद्धिजीवी मंच के रांची जिलाध्यक्ष शहजाद खान, मोतीराम महतो, पंकज महतो, पवन कुमार महतो, प्रदीप कुमार महतो, चितरंजन महतो, जिम संचालक अमृत कुमार और सुरेंद्र नाथ महतो सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## फर्श से अर्श तक का सफर तय किया डॉ रामजी यादव

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।डॉ रामजी यादव,संस्थापक अध्यक्ष सह प्रति कुलपति का सकारात्मक सोच, आगे बढ़ने की जज्बा, पिता परमेश्वर, पिता ही परमेश्वर, कर्म ही धर्म, अलग हटकर पहचान बनाने का जुनून, जनहित सेवा ने इन्हें 5 गायों वाली खटाल से मां के नाम से निर्मित कलावती अस्पताल से लेकर वाई बी एन विश्वविद्यालय तक का सफ़र 2017-2026 तक में पूरा किया। एक साक्षात्कार में इन्होंने कहा कि जब तक सांस रहेगी, तबतक शिक्षा जगत में नया कीर्तिमान हासिल करूँगा। उन्होंने कहा कि निर्धन बच्चों के लिए जल्द ही आचार्य कुल की स्थापना कर रहा हूँ। अभी 1200 कर्मचारियों को ढेर करोड़ का वेतन प्रति माह भुगतान करता हूँ। 14 महाविद्यालय और 16 विद्यालय भी संचालित कर रहा हूँ। उत्तर प्रदेश बागी बलिया का यह सपूत झारखंड में झण्डा गाड़ रखा है। पिता बैजनाथ यादव के प्रेरणा से आज वाई बी एन विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ( यू जी सी) से संबद्ध, झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त, इण्डियन नर्सिंग कांसिल ( आई एन सी ) , एसोसिएशन ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी से संबद्ध, फार्मेसी कॉसिल ऑफ इंडिया ( पी सी आई ) , आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नेशनल कांसिल फॉर टीचर एडुकेशन और बार कान्सिल ऑफ इंडिया से संबद्ध और मान्यता प्राप्त है जहाँ विविध कोषांगो का गठन और संचालन किया जा रहा है। यहाँ मैनजमेंट, पी एच डी ( शोध ), नर्सिंग ट्रेनिंग ( ए एन एम / जी एन एम), फार्मेसी ( डी फर्मा, बी फर्मा, एम फर्मा, एफ डी फर्मा, पीएचडी), बीएड, डी ई आई ईडी पीएचडी), कृषि, उद्यान और पशुपालन में ( बी एस सी / एम एस सी / पीएचडी), विधि शाखा में ( बी बी ए /एल एल बी /एल एल एम) समेत कई पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। सैकड़ो एकड़ में फैला वाई बी एन विश्वविद्यालय झारखंड के आकर्षण का केन्द्र है।

## लुत्फ़ल हक ने डीएवी स्कूल को दिए स्मार्ट बोर्ड

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए समाजसेवी लुत्फ़ल हक ने डीएवी स्कूल को चार स्मार्ट बोर्ड दान किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर लुत्फ़ल हक ने कहा कि आज के डिजिटल युग में आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक हो गया है। स्मार्ट बोर्ड के जरिए बच्चों को पढ़ाई में नई-नई चीजें समझने में आसानी होगी और उनकी रुचि भी बढ़ेगी। विद्यालय के प्राचार्य ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्ट बोर्ड के उपयोग से कक्षाओं में शिक्षण का स्तर और बेहतर होगा। इससे छात्रों को दृश्य एवं डिजिटल माध्यम से विषयों को समझने में विशेष सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में भी खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई करना उनके लिए एक नया और रोचक अनुभव होगा। इधर, स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और अन्य लोगों को भी आगे आकर योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आरक्षण कानून जल्द लागू हो, केंद्र पर भ्रामक राजनीति का आरोपः राजद



**साहिबगंज।** महिला आरक्षण कानून को जल्द लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू राज्यभर में दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में उनके साहिबगंज परिसदन पहुंचने पर जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।परिषदन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सत्यनारायण यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सुनील साहू ने केंद्र सरकार पर महिलाओं को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बावजूद अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। उनके अनुसार, सरकार संशोधन के नाम पर सिर्फ चुनावी लाभ लेने की कोशिश कर रही है।साहू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि देश की महिलाएं सरकार की मंशा को भली-भांति समझ रही हैं और भाजपा की कथनी और करनी में फर्क साफ दिख रहा है।उन्होंने मांग की कि अगर केंद्र सरकार वास्तव में महिलाओं के हित में गंभीर है, तो 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू किया जाए। उनका कहना था कि इससे देश में सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और यह ऐतिहासिक कदम साबित होगा।इस दौरान बोरिया से चिरंजीवी प्रसाद राम और बरहेट से नंदलाल साह ने अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही सुनील साहू को साहिबगंज राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष भी बनाया गया। मौके पर प्रदेश सचिव मुन्ना यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, दिनेश यादव, विमल यादव, ब्रह्मदेव यादव, रामावतार सिंह, सुमन कुमार गुप्ता, संनौल शेख, दिलीप प्रामाणिक, सोनू कुमार यादव, सचिन मंडल, नितेश कुमार यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर निगम पर उठे सवालः जब महापौर ही खड़ा करें सवाल



**हजारीबाग।** नगर निगम की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है, और इस बार मामला इसलिए भी खास हो गया है क्योंकि खुद शहर के महापौर अरविन्द कुमार राणा ने ही निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों से सामने आ रही जलजमाव, गंदगी और बदहाल नाली व्यवस्था की तस्वीरें यह बताने के लिए काफी हैं कि जमीनी स्तर पर हालात कितने गंभीर हैं।कोलगट्टी क्षेत्र में रहने वाली तरन्नुम पाकीजा के घर की स्थिति बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, नालियां पूरी तरह जाम हैं, जिससे गंदा पानी गली में बहते हुए सीधे घरों में घुस रहा है। हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उनके घर का कुआं भी दूषित हो गया है। यह सिर्फ एक परिवार की समस्या नहीं, बल्कि पूरे इलाके की स्वास्थ्य सुरक्षा पर खतरा बन चुका है।वहीं मतवारी स्थित होटल ए.के. इंटरनेशनल के पास की स्थिति भी कम गंभीर नहीं है। वहां जलजमाव और गंदगी का आलम यह दर्शाता है कि शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इससे न केवल ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर जिम्मेदार कौन है?क्या जनप्रतिनिधि अपनी निगरानी की भूमिका सही ढंग से नहीं निभा पा रहे हैं?क्या नगर निगम के अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं?या फिर जनता की भी कुछ जिम्मेदारी बनती है, जो अक्सर नालियों में कचरा फेंककर समस्या को और बढ़ा देती है? विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या किसी एक पक्ष की नहीं, बल्कि समन्वय की कमी का परिणाम है। योजनाएं बनती हैं, बजट भी आवंटित होता है, लेकिन उसका सही क्रियान्वयन नहीं हो पाता। वहीं निगरानी और जवाबदेही की कमी भी इस समस्या को और गंभीर बना देती है।अब जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदारी तय की जाए और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित हो। महापौर द्वारा उठाए गए सवाल एक चेतावनी भी हैं और एक अवसर भी, जिससे व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है।शहर की जनता अब यह जानना चाहती है कि क्या इस बार भी मामला सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहेगा, या फिर वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई होगी। हजारीबाग को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए अब सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि जमीन पर काम दिखना जरूरी है।

### राष्ट्र निर्माण में छात्र शक्ति की भूमिका अहम, हर परिसर तक पहुँचेगी परिषद



**पाकुड़।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पाकुड़ जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर कार्यालय में जिला संयोजक सुमित कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड और नगर इकाइयों के पुनर्गठन के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।मुख्य वक्ता प्रदेश सह मंत्री बम भोला उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद का उद्देश्य केवल शैक्षणिक समस्याओं का समाधान करना ही नहीं, बल्कि छात्र शक्ति को संगठित कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना है। उन्होंने 'ज्ञान, शील, एकता' के मंत्र के साथ हर शैक्षणिक परिसर तक पहुँचने का आह्वान किया।बैठक में सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। प्रदेश विकासार्थ विद्यार्थी सहसंयोजक गुंजन तिवारी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए परिसरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था हेतु 'सकोरा अभियान' चलाया जाएगा। वहीं, जिला जनजातीय कार्य प्रमुख चंदन पहाड़िया ने ग्रीष्मावकाश में व्यक्तित्व विकास शिविर और करियर काउंसलिंग आयोजित करने की घोषणा की।

**रचनात्मकता और समस्याओं पर चर्चाः**

**नगर कला मंचः** संयोजक राजेश मंडल ने छात्रों के लिए नृत्य प्रशिक्षण और चित्रांकन प्रतियोगिता का प्रस्ताव रखा।

**महाविद्यालय मुद्देः** कॉलेज अध्यक्ष दुलाल चंद्र दास ने महाविद्यालय की समस्याओं और पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सन्नी तिवारी, विनीत जायसवाल, दिनेश पंडित, अंशु कुमार साहा, सूरज साहा, आयुष चौरसिया, कुणाल सिंह, सूरज चौधरी और राजेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लिट्टीपाड़ा में रैयतों की बैठक, लागान रसीद की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।**लिट्टीपाड़ा प्रखंड के मोहनपुर गांव में रविवार को रैयती संघर्ष समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजाधन सोरेन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू उपस्थित रहे। बैठक में बैजनाथपुर एवं मोहनपुर सहित आसपास के गांवों से पहुंचे हजारों रैयतों ने अपनी जमीन की लागान रसीद कटवाने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। रैयतों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनकी जमीन की लागान रसीद नहीं काटी जा रही है, जिसके कारण वे सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न आवश्यक कार्यों से वंचित हो रहे हैं। खासकर पढ़े-लिखे युवाओं को भी इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रैयतों ने कहा कि छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी उन्हें परेशान होना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए उन्होंने जल्द से जल्द लागान रसीद काटने की मांग की। इस पर विधायक हेमलाल मुर्मू ने रैयतों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बिना रैयतों की सहमति के कोई भी कानून पारित नहीं हो सकता है और वे रैयतों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। जरूरत पड़ने पर इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने की भी बात कही। बैठक में युवा नेता विकास मुर्मू, मोतीलाल मरांडी, प्रेम सोरेन, जगन हांसदा, रंजन साह, साहेब सोरेन, गौपाल मैंड़या, देवीलाल मुर्मू, सुनील मुर्मू सहित हजारों रैयत उपस्थित रहे।

## बास्केंद्री में गेंदरेच बॉल फाइनल संपन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**महेशपुर(पाकुड़)।**प्रखंड के बास्केंद्री गांव स्थित फुटबॉल मैदान में जियाड़ झरना ज्योति क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय गेंदरेच बॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के जिला सह सचिव लाल मुहम्मद अंसारी ने गेंद को किक मारकर किया। इस अवसर पर बास्केंद्री पंचायत के मुखिया निर्मल मुर्मू भी मौजूद रहे। फाइनल मुकाबला बंगाल इलेवन ब्रदर्स और जावाय स्टार के बीच खेला गया, जिसमें बंगाल इलेवन ब्रदर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल की बढ़त से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 30,000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 20,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। मौके पर उपस्थित खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लाल मुहम्मद अंसारी ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर वे झारखंड का नाम रोशन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ युवाओं को उठाना चाहिए। इस अवसर पर भगीरथ पाल, ग्राम प्रधान मोतीलाल हांसदा, क्लब अध्यक्ष साइमन हेंब्रम, सचिव आलोक हांसदा, सुशील सोरेन, राजेश टुडू, इस्माइल अंसारी, हेमंतो, सुलेमान, साहेबजन टुडू, साबिर अंसारी, सरफराज अंसारी, नूर आलम, विनोद हांसदा, नोगेन सोरेन, प्रकाश टुडू, गोलू हांसदा, स्टीफन सोरेन, किशुन मिर्धा सहित कई झामुमो कार्यकर्ता एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# बंगाल चुनाव मतगणना को लेकर बॉर्डर पर अलर्ट, अपराधियों पर नकेल कसने की तैयारी

नई सोच एक्सप्रेस



**महेशपुर(पाकुड़)।**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। इस बैठक में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में होने वाली मतगणना के मद्देनजर एसडीपीओ ने विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को 'अलर्ट मोड' पर रहने का निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना के दिन और उसके बाद झारखंड-बंगाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी जाए। बॉर्डर इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाने और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का आदेश दिया गया है। साथ ही, सोशल मीडिया की गतिविधियों की भी मॉनिटरिंग की जाएगी।सुरक्षा तंत्र को तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए एसडीपीओ ने एक अहम निर्देश जारी किया। उन्होंने क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों और व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठानों एवं घरों के बाहर मुख्य सड़क को कवर करते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से अपराधियों की पहचान करना और उन पर लगाम कसना आसान होगा। एसडीपीओ ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें। बैठक में पुलिस अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश भी दिए गएः नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती सुनिश्चित करना। लंबित कांडों और यूडी (अप्राकृतिक मृत्यु) के मामलों का त्वरित निष्पादन। अवैध परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई। अपराध गोष्ठी में मुख्य रूप से महेशपुर पुलिस निरीक्षक मदन कुमार शर्मा, अमड़ापाड़ा निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भांगड़ा, महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा, पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो और रद्दीपुर ओपी प्रभारी अजय उपाध्याय सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### संगठन विस्तार पर भाजपा का जोरः साहिबगंज ग्रामीण मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को मिला नया दिशा-निर्देश



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज।**भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर साहिबगंज ग्रामीण मंडल में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल ने की, जबकि मंच संचालन मंडल महामंत्री ओम प्रकाश पांडे ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पटेल प्रभारी के रूप में मौजूद रहे।बैठक में कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल ने कहा कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पवन कुमार यादव, अभय कुमार पासवान, निशा देवी, महामंत्री ओम प्रकाश पांडे, ग्राम प्रताप चौधरी, मंत्री किरण देवी, राजीव कुमार मंडल, मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार मंडल, मुरारी कुमार, कन्हाई कुमार मंडल, विकास कुमार यादव, अनूप लाल महतो, अशोक कुमार, भीम ठाकुर, पप्पू रिखयाशन, संजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार यादव, जनार्दन, उज्जवल कुमार यादव, रविंद्र कुमार, मुरारी चौधरी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गनपुरा पंचायत में श्रद्धा और आस्था के साथ हुई प्रार्थना सभा

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़िया(पाकुड़)।**प्रखंड अंतर्गत पंचायत गनपुरा के ग्राम दुंगी बरोमासीय में नबी श्री देवीधन हांसदा द्वारा संचालित मार्शल डाहार प्रार्थना सभा का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने फीता काटकर प्रार्थना सभा की शुरुआत की। प्रार्थना सभा में नबी देवीधन हांसदा ने विशेष आराधना कराई, जहां क्षेत्र की सुख समृद्धि, शांति और भाईचारे के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से प्रभु यीशु मसीह की आराधना में लीन दिखाई दिए और पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। सभा को संबोधित करते हुए उपासना मरांडी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि यह समय ईसाई समुदाय के लिए आत्मिक शुद्धि और ईश्वर के प्रति समर्पण का प्रतीक होता है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर जमाय अनुपम अभिषेक मुर्मू, झामुमो जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, मुन्ना, कमेटी के सदस्य, स्थानीय गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रार्थना सभा को सफल बनाया और क्षेत्र की उन्नति व शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## साहिबगंज को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्पः नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान का नागरिकों से वादा"

नई सोच एक्सप्रेस



**साहिबगंज।**शहर के कुलीपाड़ा स्थित कृष्णा नगर में रविवार को नव-निर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी विजय वर्मा के नेतृत्व में उनके आवास के समीप आयोजित किया गया, जिसमें कृष्णा नगर के बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही नगर परिषद अध्यक्ष का लोगों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी विजय वर्मा ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर रामनाथ पासवान ने मौजूद नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए सुझाव भी लिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वह उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहरवासियों की हर समस्या को अपनी समस्या समझते हुए उसका समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि साहिबगंज को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट और कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या के लिए वे सीधे उनके कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं, हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी।मौके पर मो. कलीमुद्दीन, अनिल पासवान, शेखर पासवान, उदय कुमार सिंह, सज्जाद खान, राजू अंसारी, अशोक सिन्हा, दिनेश वर्मा, संजय पासवान सहित कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# आरपीएफ टीम ने संवेदनशीलता का दिया परिचयःनाबालिग बालिका सुरक्षित, चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा

नई सोच एक्सप्रेस



**बरहरवा।**रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट बरहरवा द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग एवं सुरक्षा अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण मानवीय पहल सामने आई, जिसमें एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार,बीते 2 मई 2026 आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में एएसआई सुरेश पासवान, कांस्टेबल अनिल कुमार साह, एलसी अर्पण कुमार एवं एलसी काजल कुमारी की टीम द्वारा बरहरवा रेलवे स्टेशन परिसर में रात्रि 20:10 बजे से असामाजिक तत्वों, मानव तस्करी, यात्री संबंधी अपराधों एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से सघन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा था।इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 01 से प्लेटफॉर्म संख्या 02 (साहिबगंज छोर) की ओर गश्त के क्रम में टीम की नजर प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर एक नाबालिग बालिका पर पड़ी, जो अकेले संदिग्ध अवस्था में इधर-उधर घूम रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका को अपने संरक्षण में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ में बालिका ने अपनी उम्र लगभग 14 वर्ष बताई तथा थाना काशीचक (बिहार) की निवासी होने की जानकारी दी। उसने बताया कि वह काशीचक रेलवे स्टेशन से अपनी नानी के घर, ग्राम पिंजारी, जिला शेखपुरा (बिहार) जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थी, लेकिन अनजाने में गलत ट्रेन में चढ़ जाने के कारण बरहरवा स्टेशन पहुंच गई। अपरिचित स्थान पर पहुंचकर वह घबरा गई और सहायता के अभाव में स्टेशन परिसर में भटक रही थी।आपको बता दें आरपीएफ टीम ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालिका को सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया और तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन, साहिबगंज को सूचना दी। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन/मंथन संस्था के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और बालिका की काउंसलिंग की गई, जिससे वह मानसिक रूप से सहज हो सकी। आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के पश्चात नाबालिग बालिका को विधिसम्मत तरीके से चाइल्ड हेल्पलाइन/मंथन की प्रतिनिधि श्रीमती अंशु मालाकर को अग्रिम कार्रवाई एवं सुरक्षित पुनर्वास हेतु सुपुर्द कर दिया गया।इस पूरे अभियान के दौरान आरपीएफ की सजगता और त्वरित कार्रवाई से एक संभावित अनहोनी को टालते हुए एक नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों एवं यात्रियों ने आरपीएफ की इस मानवीय पहल की सराहना की है।

## मजबूत बूथ ही पार्टी की असली ताकत, कार्यकर्ताओं से घर घर जुड़ने की अपील

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।**पाकुड़ सदर प्रखंड के चेंगाडांगा पंचायत अंतर्गत चेंगाडांगा गांव में शनिवार को संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बूथ कमेटी एवं बीएलए का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यों को लेकर उत्साह दिखाया और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत अध्यक्ष अली अकबर ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की असली शक्ति उसके मजबूत बूथ संगठन में निहित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें और संगठन की विचारधारा से उन्हें जोड़ें। वहीं, फारुक इस्लाम ने बीएलए की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मतदाता सूची से जुड़े कार्यों और मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा से निभानी चाहिए। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से निम्नलिखित उद्देश्यों पर कार्य करने की सहमति जताई। बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना। मतदाता सूची के कार्यों को सक्रियता से पूर्ण करना। हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और संगठन का सहयोग पहुँचाना। इस सांगठनिक बैठक में मुख्य रूप से राजीबुल शेख, साबिर शेख, इमरान शेख, जहाजुल शेख, गोला शेख, नूरेमाम शेख, अरशादी शेख, लालू शेख, इंसान शेख और निटन शेख सहित भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीतिक दबावों के बीच नेतृत्व का एक अद्वितीय उदाहरण है गुरु तेगबहादुर का जीवन : राज्यपाल

» राज्यपाल ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया

**पटना।**राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने साहित्य अकादमी, नई दिल्ली तथा पटना साहिब गुरुद्वारा द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर श्री गुरु तेग बहादुरः जीवन और शिक्षाएँ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन हमें साहसपूर्वक नेतृत्व करने, न्याय की रक्षा करने और स्वतंत्रता की रक्षा को नैतिक एवं राष्ट्रीय दायित्व के रूप में स्वीकार करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन नैतिक और राजनीतिक दबावों के बीच नेतृत्व का एक अद्वितीय उदाहरण है। वे शक्ति सिद्धांतों के रक्षक के रूप में उभरे। सन् 1675 में उनकी शहादत किसी भौगोलिक विजय या संकीर्ण उद्देश्य के लिए न होकर मानवता के लिए तथा प्रत्येक व्यक्ति के अपने धर्म का पालन करने और उसे सुरक्षित रखने के अधिकार के लिए थी। उन्होंने अपना जीवन सब के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के लिए न्योछावर किया और इस प्रकार नेतृत्व को एक सार्वभौमिक नैतिक स्तर तक ऊँचा उठाया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने अपने नेतृत्व को हथियारों से नहीं, अपितु नैतिक साहस और आंतरिक दृढ़ता के माध्यम से अभिव्यक्त किया। अत्याचार और दबाव के बावजूद उन्होंने बिना किसी बल प्रयोग के राज्य की शक्ति का सामना किया और झुके नहीं। उनका प्रतिरोध शांत, विचारपूर्ण और स्पष्ट था। उन्होंने शहादत को एक सचेत साधन के रूप में अपनाया और एक अत्याचार को समाज के लिए नैतिक जागरण में परिवर्तित किया। राज्यपाल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर के बलिदान ने उस परिवर्तन की नैतिक नींव रखी, जो आगे चलकर गुरु गोविंद सिंह के नेतृत्व में विकसित हुआ। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सभ्यताएँ मूल्यों से टिकती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर के जीवन से हमें कई महत्वपूर्ण शिक्षाएँ मिलती हैं। अंतरात्मा की स्वतंत्रता अटूट है और विविधतापूर्ण समाज में विश्वास तथा असहमति, दोनों के अधिकार की रक्षा आवश्यक है। साथ ही, नैतिक साहस नेतृत्व का सर्वोच्च रूप है, जो कठिन समय में दृढ़ रहने में निहित है। और, शहादत दूरगामी परिवर्तन की प्रेरणा बन सकती है,जो समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा राजनीतिक स्वरूप को प्रभावित करती है।

### राज्यपाल ने बिहार एजुकेशन समिट में भाग लिया

**पटना।**राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने इवेंटजिक मीडिया द्वारा होटल, मौर्या में आयोजित बिहार एजुकेशन समिट में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में। लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है और विकास के कई महत्वपूर्ण आयाम सामने आए हैं। परंतु बिहार के विकास की कहानी को देश और दुनिया में प्रभावी ढंग से पहुँचाने की जरूरत है। किसी भी समाज की प्रगति तभी सार्थक होती है जब उसकी उपलब्धियाँ व्यापक रूप से साझा की जाएँ। राज्यपाल ने कहा कि बिहार की एक विशिष्ट सभ्यतागत विरासत है। पाटलिपुत्र और मगध से ही भारतीय सभ्यता की नींव विकसित हुई। यह समृद्ध इतिहास बिहार को देश के सबसे सशक्त सांस्कृतिक केंद्रों में स्थापित करता है। अब आवश्यकता है कि इस शक्ति को पहचान और प्रतिष्ठा भी मिले। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए बिहार को केवल आर्थिक निवेश ही नहीं, बल्कि बौद्धिक और संस्थागत रुचि को भी आकर्षित करना होगा। बिहार को ऐसे संस्थान विकसित करने चाहिए, जिनके विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकें। साथ ही, शिक्षा को केवल औपचारिक कक्षा-शिक्षण तक सीमित नहीं रखना चाहिए। प्रौद्योगिकी, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नए अवसर प्रदान करती है, लेकिन बिहार की कला और संस्कृति भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। मधुबनी कला जैसी परंपराएँ अपने आप में एक सशक्त शिक्षा हैं। न्होंने कहा कि हमें अनौपचारिक शिक्षा को भी बढ़ावा देना होगा, जैसे सेमिनार, संगोष्ठी और संवाद आदि विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच आवश्यक हैं। जब लोगों को अपने विचार रखने का अवसर मिलता है, तो अद्भुत सोच सामने आती है। इस प्रकार के अवसरों का लोकतंत्रीकरण समाज और शिक्षा दोनों को मजबूत करता है।

### मेट्रो टनल के 20 मीटर दायरे में निर्माण-बोरिंग पर रोक

**पटना।** पटना मेट्रो के अंडरग्राउंड टनल के निर्माण में तेजी लाई गई है। कॉरिडोर-2 में राजेंद्र नगर से पटना जंक्शन तक टनल निर्माण हो रहा है। इसके चलते मेट्रो के दोनों तरफ 20-20 मीटर के दायरे में मकान निर्माण, मकान के जीर्णोद्धार और बोरिंग कराने पर रोक लगा दी गई है।अब कोई भी काम कराने से पहले मेट्रो ऑफिस से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना जरूरी होगा। पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इसकी मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। स्पष्ट किया गया है कि टनल को नुकसान से बचाने के लिए यह रोक लगाई गई है। राजेंद्र नगर, मोइनुल हक स्टेडियम और सैदपुर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में टनल जमीन से महज 16 से 25 मीटर की गहराई पर है। पटना में सामान्यतः पानी के लिए 350 फीट या उससे अधिक गहराई तक बोरिंग की जाती है। इतनी गहराई टनल के स्ट्रक्चर को सीधे तौर पर क्षतिग्रस्त कर सकती है।विशेषज्ञों के अनुसार, मेट्रो परिचालन के दौरान होने वाले कंपन से टनल के ठीक ऊपर या सटे निमार्णों को नुकसान पहुंच सकता है।यदि कोई अपने पुराने मकान का जीर्णोद्धार या नया निर्माण करना चाहता है तो उसे मेट्रो इंजीनियरों की जांच के बाद ही ठडउ दी जाएगी। इसके लिए नगर निगम को भी सूचित कर दिया गया है। राज्य या केंद्र सरकार के भवनों के निर्माण संबंधी निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय कमेटी लेगी। मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल के बीच लगभग 800 मीटर तक टनल निर्माण के लिए खुदाई शुरू हो गई है। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद दिसंबर 2025 से रुका हुआ निर्माण का काम गति पकड़ा है। दरअसल, मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन के पहले तक लगभग 1800 मीटर लंबी टनल तैयार की जानी है।इस हिस्से में खुदाई के लिए पटना मेट्रो ने दो टनल बोरिंग मशीन को लगाया था और काम तेजी से चल रहा था, लेकिन रेलवे से मंजूरी नहीं मिलने के कारण इसे रोकना पड़ा। राजेंद्र नगर टर्मिनल के पहले रेलवे लाइन के समीप टनल बनाने के लिए रेलवे की अनुमति आवश्यक थी। अब तीन महीने बाद मार्च से फिर काम को शुरू किया गया।राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पटना मेट्रो रेल का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। यहां 21 मीटर नीचे से मेट्रो रेल गुजरेगी। इसका कारण राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाला रेलवे ट्रैक है। यह एक विशेष मेट्रो स्टेशन होगा, क्योंकि यह रेलवे टर्मिनल से जुड़ा होगा। इस मेट्रो स्टेशन से लोग आसानी से राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल से ट्रेन भी पकड़ सकेंगे। पटना जंक्शन मेट्रो स्टेशन एक इंटरचेंज स्टेशन है, जो रेड लाइन और ब्लू लाइन को जोड़ेगा। इससे दानापुर से खेमनीचक और न्यू आईएसबीटी तक की यात्रा आसान हो जाएगी।

# पुनपुन पुलिस की बड़ी सफलता, ऑटो चोर गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन।**पुनपुन थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर ऑटो चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कुल तीन चोरी के ऑटो बरामद किए हैं।पुनपुन थाना प्रभारी बेबी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक चोरी का ऑटो हबीबपुर मार्ग से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक ऑटो चालक पुलिस को देखकर अचानक वाहन मोड़कर भागने लगा। उसके इस संदिग्ध व्यवहार से पुलिस को शक हुआ और तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान सुधीर कुमार, पिता उमेश यादव, ग्राम हबीबपुर, थाना पुनपुन, जिला पटना निवासी के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दानापुर से चोरी किए गए ऑटो को ठिकाने लगाने जा रहा था।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक अन्य चोरी का ऑटो अलाउद्दीनचक से बरामद किया। इस प्रकार कुल तीन चोरी के ऑटो बरामद किए गए हैं। बरामद वाहनों के संबंध में फुलवारी शरीफ थाना, नगर थाना जहानाबाद तथा मसौढ़ी थाना में पूर्व से मामले दर्ज हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस कार्रवाई से वाहन चोर गिरोह में हड़कंप मच गया है।

# पुनपुन पुलिस की सतर्कता से महिला की जान बची, लक्ष्मण झूला से नदी में कूदने जा रही थी

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन।**पुनपुन में एक बार फिर पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता देखने को मिली। पुनपुन स्थित लक्ष्मण झूला के पास एक महिला पुनपुन नदी में कूदकर आत्महत्या करने जा रही थी, तभी मौके पर मौजूद पुनपुन थाना के पुलिसकर्मियों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसकी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, रजनी देवी, पति राजीव कुमार, ग्राम नवरतनपुर, थाना कंकड़बाग, पटना की निवासी हैं। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद और पति से हुए झगड़े के कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान थीं। इसी तनाव में आकर वह पुनपुन के लक्ष्मण झूला पर पहुंचीं और नदी में कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास करने लगीं।इसी दौरान पुनपुन थाना के पुलिसकर्मियों की नजर उन पर पड़ी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला को सुरक्षित बचा लिया। इसके बाद उन्हें पुनपुन थाना लाया गया, जहां थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने महिला को समझाया-बुझाया। बाद में उनके परिजनों को बुलाकर आवश्यक समझाइश के बाद महिला को उनके हवाले कर दिया गया। थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन का लक्ष्मण झूला आत्महत्या की घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील स्थल बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों में पुनपुन थाना की पुलिस ने इस स्थान से लगभग 10 लोगों की जान बचाई है।पुनपुन पुलिस की यह कार्रवाई न केवल उनकी सतर्कता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत पड़ने पर लोगों के जीवन की रक्षा के लिए भी पूरी तत्परता से कार्य करती है।

# कश्मीर सोसाइटी इंटरनेशनल, विश्वग्राम और पीस फाउंडेशन ग्लोबल ने श्रीनगर के प्रतिष्ठित टैगोर हॉल में ऑपरेशन सिंदूर पर भव्य सम्मेलन का आयोजन किया

नई सोच एक्सप्रेस



**श्रीनगर।**कुख्यात "खूनी लाल चौक" का नाम बदलकर "आदिल शाह चौक" करना न केवल पहलगाम के शहीदों की याद दिलाता है, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर का उत्सव भी है, जिसने 22 अप्रैल से 11 मई तक इस क्षेत्र को आकार दिया। 3 मई 2026 को ग्रेटर श्रीनगर और कश्मीर क्षेत्र के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों का एक समूह ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में आयोजित एक प्रतिष्ठित सम्मेलन के लिए प्रतिष्ठित टैगोर हॉल में एकत्रित हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर सोसाइटी इंटरनेशनल, विश्वग्राम और पीस फाउंडेशन ग्लोबल द्वारा किया गया था। उपस्थित उल्लेखनीय हस्तियों में डॉ. ख्वाजा फारूक रेन्जुशाह, डॉ. गीता सिंह, अलामा फैयाज अहमद भट, कन्याकुमारी से महाराज लक्ष्मी महरानी और तसलीमा जी शामिल थे, जिन्होंने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र निकायों में कश्मीर पर भारत के रुख का प्रतिनिधित्व किया था। अतिरिक्त सम्मानित अतिथि प्रतिभागियों में जेनब अब्दुल अजीज, जेनब मोहम्मद अब्दुल्ला बटवारी, जेनब नगराद साहब, जेनब फारूक दून इब्न ए गुलदून, जेनब सरवर बुलबुल साहिब, चरार शरीफ के शोले जेनब अब्दुल अजीज शेख नूर उद दीन वली के भक्त, जेनब मोहम्मद अब्दुल्ला बटवारी साहब, जेनब नगराद साहब, जेनब फारूक दून इब्न ए गुलदून, जेनब सरवर बुलबुल साहब, जेनब शामिल थे। चास्ती साहब, जेनब गुलाम मोहम्मद मलरू साहब, जेनब तारिक साहब, शहर ए खास के फकीर ए मिल्लत जेनब मोहम्मद यूसुफ बांगरो साहब, जुबैदा खातून साहिबा, सरखाब डेलनवी साहिबा, बेमिना से जेनब मंजूर साहिब सूफी विद्वान, जेनब मीर जहूर साहब इब्न ए मुश्ताक मीर, जेनब मीर यूनिस साहब प्रमुख हस्तशिल्प संघ, जनाब हामिद साहब, सजादा, निशीन होली शाहबाज कलेंद्र शेरी बारामूला ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। विभिन्न क्षेत्रों और विशेषज्ञताओं से जुड़े कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। दिल्ली विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष और विश्वग्राम की प्रमुख डॉ. गीता सिंह ने 13 मई को डॉ. रेनज़ुशाह और स्वयं द्वारा सह-लेखिका के रूप में लिखित शोध पुस्तक "शारदा - दुनिया का पहला विश्वविद्यालय" के विमोचन की घोषणा की। उन्होंने 22 अप्रैल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदानों को रेखांकित किया, जिनमें बहादुर कश्मीरी आदिल शाह का बलिदान भी शामिल है। डॉ. सिंह ने शहीदों के सम्मान में घंटाघर का नाम बदलने की कश्मीर सोसाइटी और पीस फाउंडेशन की पहल का समर्थन किया और प्रतिज्ञा की कि पहलगाम में भी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए लोगों की याद में इसी तरह का एक स्मारक स्थापित किया जाएगा। इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवाद के केंद्र को काफी हद तक प्रभावित किया था। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के भारतीयों के बीच एकजुट भावना पर जोर दिया, जो भारत माता के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीस फाउंडेशन के प्रमुख अल्लामा फैयाज अहमद भट ने कश्मीर में स्थित स्थानीय संगठनों और शांति पहलों में शामिल प्रतिष्ठित हस्तियों के बारे में भावुकतापूर्वक बात की, जो अटल बिहारी वाजपेयी से सीधे प्रभावित थीं, ऐसे समय में जब शांति पर चर्चा को शत्रुतापूर्ण माना जाता था। उन्होंने पूर्व आतंकी लाल चौक पर भारतीय ध्वज फहराने में आई चुनौतियों का वर्णन करते हुए कहा कि कश्मीर सोसाइटी और पीस फाउंडेशन के प्रयासों, जिन्हें अटल बिहारी वाजपेयी जी और इंद्रेश कुमार का समर्थन प्राप्त था, के कारण ही भारतीय ध्वज कश्मीरी लोगों के दिलों में जगह बना पाया। उन्होंने विभाजनकारी विचारधाराओं को बढ़ावा देने वालों की निंदा की जो सांप्रदायिक सद्भाव को कमजोर करती हैं और शांति के सच्चे नायकों को मान्यता देने का आग्रह किया। अपने संबोधन में, डॉ. ख्वाजा फारूक रेनज़ुशाह ने ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन के लिए सभी विशिष्ट प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के खिलाफ प्रयासों की सराहना की और शराब की समस्या से निपटने की आवश्यकता पर जोर दिया, इसे अनेक सामाजिक समस्याओं की जड़ बताया। डॉ. रेनज़ुशाह ने सभी होटलों के लिए शराब लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि होटल हीमल बुलेवार्ड के पास शराब की मौजूदगी नाग अर्जुन और उनकी रानी हीमल की विरासत का अपमान है, जिन्होंने कश्मीर में शराब के सेवन का विरोध किया था। उन्होंने कहा, "कश्मीर भारत है और भारत कश्मीर है," और एकीकृत ग्रेटर इंडिया की बहाली के लिए ग्वादर, बाल्टिस्तान और पीओके से क्षेत्र की वापसी की वकालत की। डॉ. रेनज़ुशाह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पहली बौद्ध सभा पहली शताब्दी में हावन पर्वतमाला में आयोजित की गई थी, जो शारदा जैसे ज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान था। उन्होंने हज़रत बुलबुलशाह और शाह हमदान की शिक्षाओं से पोषित, अपनी बौद्धिकता और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध सभ्यता के पुनरुद्धार की आशा व्यक्त की और क्षेत्र में ज्ञान के पुनर्जागरण का आह्वान किया।

# संघ परिवार ने भाजपा को तरुण चुग के रूप में एक अनमोल रत्न दिया है – गुरुजी चंदेल

नई सोच एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर के पार्टी प्रभारी तरुण चुग के 55वें जन्मदिन के अवसर पर, देश के कोने-कोने से आए सैकड़ों भाजपा समर्थक और मित्र उन्हें बधाई देने के लिए साउथ एवेन्यू स्थित उनके आवास पर एकत्रित हुए। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट हस्तियों में गुरुजी राजू चंदेल (अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्राचारि महंत और अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया सह-प्रभारी), वरिष्ठ भाजपा नेता के.एस. दुग्गल, विजय वाल्मीकि और अधिवक्ता गोविंदा गौतम शामिल थे। इस कार्यक्रम के दौरान, वरिष्ठ भाजपा नेता के.एस. दुग्गल और गुरुजी राजू चंदेल ने अपने राष्ट्रीय नेता तरुण चुग को एक पारंपरिक अंग वस्त्रम (सम्मान-वस्त्र) और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया; उन्होंने उनके साथ मिलकर जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस जन्मदिन के अवसर पर, गुरुजी राजू चंदेल ने अपनी ओर से भगवान वाल्मीकि से प्रार्थना करते हुए कहाः "भगवान वाल्मीकि हमारे तरुण चुघ जी को पंजाब के मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचाएं। क्योंकि तरुण चुघ जी भारत माता के सच्चे सपूत हैं और संघ परिवार के एक कर्मठ, समर्पित कार्यकर्ता हैं।" गुरुजी ने आगे कहा कि तरुण चुघ के पिता पंजाब में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सबसे सम्मानित और विशिष्ट व्यक्तियों में से एक थे—एक ऐसे व्यक्ति जिन्होंने तरुण चुघ में बेहतरीन मूल्यों का संचार किया और उनकी एक विशिष्ट पहचान बनाने में मदद की। "वे भाजपा के लिए एक अनमोल

» गुरुजी चंदेल की प्रार्थनाः भगवान वाल्मीकि तरुण चुग को उनके 55वें जन्मदिन पर पंजाब का मुख्यमंत्री बनने का अवसर प्रदान करें

रत्न से कम नहीं हैं; वे गहरी जड़ों वाले मूल्यों और संस्कारों से ओत-प्रोत हैं। वे समाज के हर वर्ग के साथ सम्मान और गरिमा से पेश आते हैं, हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अथक परिश्रम करते हैं, और पार्टी को मज़बूत बनाने के लिए दिन-रात समर्पित रहते हैं। उनकी इस अटूट निष्ठा को देखते हुए, मैं भगवान वाल्मीकि से प्रार्थना करता हूँ कि वे उन पर अपनी कृपा बरसाएँ, और यह सुनिश्चित करें कि वे जल्द से जल्द पंजाब के मुख्यमंत्री बनें।" इस प्रार्थना और इन हार्दिक शुभकामनाओं के साथ, गुरुजी चंदेल ने तरुण चुग के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु और कामयाबी के लिए भगवान वाल्मीकि का आशीर्वाद माँगा।

# हिरणपुर में JLKM पंचायत कमिटी का गठन



नई सोच एक्सप्रेस

**हिरणपुर(पाकुड़)।**हिरणपुर प्रखण्ड के बिपतपुर स्थित तोड़ाई पंचायत में रविवार को जे.एल.के.एम. (JLKM) पंचायत कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। आयोजित बैठक में पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से राजेन्द्र रविदास को पंचायत अध्यक्ष, विकास कुमार को सचिव, संतोष राउत को कोषाध्यक्ष, माइकल मुर्मू को उपाध्यक्ष तथा दिलीप रविदास को उप सचिव चुना गया। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष चूड़का मुर्मू, जिला उपाध्यक्ष राजू राय, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सोरेन, प्रखण्ड उपाध्यक्ष लालचंद राय, श्यामचंद्र रविदास सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, जनसमस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के विकास को लेकर भी चर्चा की गई।

# "जब पुलिस ही असुरक्षित, तो जनता किसके भरोसे?" ,नौबतपुर में पुलिस टीम पर हमला

नई सोच एक्सप्रेस





**फतुहा।** नौबतपुर की घटना ने खोली कानून-व्यवस्था की पोल, अपराधियों के हौसले बुलंद नौबतपुर में आरोपी को पकड़ने गई बिहटा पुलिस टीम पर हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि यह बिहार की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का खौफनाक आईना है। जब वर्दीधारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का दावा करना सिर्फ एक राजनीतिक मज़ाक बनकर रह गया है। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पुलिस का मनोबल जिस तरह से गिरा है, वह बेहद चिंताजनक है। एक समय था जब एक चौकीदार से अपराधी कांपते थे, और आज हालात यह हैं कि पुलिस अधिकारियों पर खुलेआम हमले हो रहे हैं।

**यह सवाल सीधा सरकार से है—** क्या अपराधियों में कानून का डर खत्म हो चुका है? या फिर सरकार ने ही अपराधियों के सामने घुटने टेक दिए हैं? जब एक कड़क दरोगा इलाके में आता था, तो अपराधी अपना ठिकाना बदल लेते थे। लेकिन आज अपराधी न सिर्फ खुलेआम घूम रहे हैं, बल्कि पुलिस को चुनौती देने का दुस्साहस भी कर रहे हैं। यह स्थिति प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट प्रमाण है। डॉ. पटेल ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि पुलिस विभाग में ऐसे जांबाज़ और कड़क अधिकारियों की भर्ती की जाए, जिनकी मौजूदगी मात्र से अपराधी क्षेत्र छोड़कर भागने को मजबूर हो जाएं। फतुहा में पुर्व थाना प्रभारी के के साहु, रघुनाथ सिंह, जितेंद्र सिंह यादव जैसे अधिकारियों की जरूरत है। सिर्फ कागजी कार्रवाई और खानापूर्ति से अपराध नहीं रुकने वाला। सरकार को यह समझना होगा कि "जीरो टॉलरेंस" सिर्फ भाषणों में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए। आज जरूरत है कठोर कार्रवाई की, तेज़ निर्णय लेने की और अपराधियों के खिलाफ ऐसा अभियान चलाने की, जिससे उनका मनोबल पूरी तरह टूट जाए। वरना वह दिन दूर नहीं जब जनता खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएगी।

**अंतिम प्रहारः** अगर वर्दी पर हमला जारी रहा, तो यह सिर्फ पुलिस की नहीं, पूरे सिस्टम की हार होगी। अब भी वक्त है—सरकार जागे, वरना हालात हाथ से निकल जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पांचवां नन्हक महतो स्मृति अंडर-15 क्रिकेट टूनार्मेंट अब 7 मई से

**पटना।** सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउन्डेशन के तत्वावधान में स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड खेमनीचक पर समाज सेवी नन्हक महतो मेमोरियल अंडर-15 अंतर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट के पांचवें संस्करण का आयोजन अब 7 मई से किया जायेगा। पहले यह टूनार्मेंट 2 मई से शुरू होना था पर बारिश के कारण इसकी तिथि को विस्तारित की गई है। यह जानकारी देते हुए आयोजन अध्यक्ष सह फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन दो-दो मैचों का आयोजन किया जायेगा और वह 21-21 ओवरों का होगा। कुल 24 टीमों को इंट्री दी जायेगी। टीमों की संख्या अधिक होने पर लॉटरी के जरिए भाग लेने वाली टीमों का निर्धारण किया जायेगा। इसमें स्कूल, क्रिकेट एकेडमी व अन्य शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले सकती हैं।फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने बताया कि इस आयोजन में पुरस्कारों की बरसात होगी। विजेता तथा उप विजेता टीमों को ट्राफी सहित कई पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतिदिन मैन आफ द मैच समेत मैन ऑफ द टूनार्मेंट, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर समेत कई अन्य पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में खेलने हेतु आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाना जरूरी होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमें संतोष तिवारी से 9386962380 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### विद्यालय के कई महत्वपूर्ण सामग्री की चोरी

**राजापाकर \वैशाली।**थाना क्षेत्र अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, पचई मुबारक में अज्ञात चोरों ने विद्यालय कार्यालय का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सरकारी सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी कर ली है। घटना की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधान शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 की सुबह जब वे विद्यालय पहुंचे, तो उन्होंने कार्यालय के ताले के साथ छेड़छाड़ देखी। ग्रामीणों और विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों की मौजूदगी में जब ताला खोला गया, तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था और कई महत्वपूर्ण वस्तुएं गायब थीं। चोरी गए सामानों में विभाग द्वारा दिया गया एक टैबलेट, सिम कार्ड, म्यूजिक सिस्टम, दो वायरलेस माइक, ढोलक, खेल सामग्री, दो पंखे, बिजली का एक्सटेंशन बोर्ड और भंडार पंजी जैसे महत्वपूर्ण विद्यालयी दस्तावेज शामिल हैं। इस संबंध में प्रधान शिक्षक द्वारा राजापाकर थाने में लिखित शिकायत दी गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने केस नंबर 210/26 दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और चोरी गई सामग्री की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### वियतनाम राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गया जी में प्रशासन हुआ अलर्ट



**गया जी।**वियतनाम के राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वियतनाम के राष्ट्रपति का चार्टर्ड विमान सुबह लगभग 11:10 बजे गया एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। एयरपोर्ट से वे सड़क मार्ग से सीधे महाबोधि मंदिर पहुंचेंगे जहां भगवान बुद्ध की पूजा करेंगे। उसके बाद वे वहां से वियतनाम मंदिर जायेंगे। लगभग दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बोधगया और गया में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। समाहरणालय सभाकक्ष में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. बैठक में सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए

### सरिसवा बाजार में अतिक्रमण हटाने को प्रशासन सख्त, एक सप्ताह का अल्टीमेटम



**बेतिया/मझौलिया।** प्रखंड के प्रसिद्ध सरिसवा बाजार में प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दुकानदारों को एक सप्ताह के भीतर सड़क किनारे से अपना अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. राजीव रंजन के नेतृत्व में मझौलिया पुलिस बल के साथ बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से भी दुकानदारों को चेतावनी दी गई। प्रशासनिक टीम ने बाजार में घूम-घूमकर सड़क किनारे दुकान लगाए हुए लोगों को स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए हटाया जाएगा और संबंधित दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन के इस कदम से बाजार क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है और दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

# रामधुन अष्टयाम यज्ञ हेतु कलश शोभायात्रा निकाली

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर, वैशाली।** प्रखंड के भलुई पंचायत के पचई महेश गांव स्थित काली स्थान परिसर में आयोजित 24 घंटे का अखंड श्री रामधुन अष्टयाम महायज्ञ को लेकर 251 महिलाओं द्वारा रविवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। चेचर घाट से गंगाजल लेकर भलुई हाट लाया गया। जहां से आचार्य हरेंद्र झा, कन्हाई झा द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश में गंगाजल भरा गया और विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां यज्ञ स्थल का पांच बार परिक्रमा कर धार्मिक अनुष्ठान के बीच कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। विदित हो कि पचई महेश निवासी हरेंद्र झा उर्फ हल्लाह बाबा द्वारा हर साल काली स्थान परिसर में अखंड श्री रामधुन अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया जाता है।कलश यात्रा के बाद आज से ही अखंड श्री रामधुन अष्टम महायज्ञ 24 घंटे का शुरू हुआ जो कल समाप्त होगा। सोमवार के अष्टयाम यज्ञ के समाप्ति उपरांत रात्रि में दरभंगा के प्रसिद्ध व्यास खुशबू झा द्वारा विवाह कीर्तन का आयोजन किया गया है। भक्तिमय गानों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है. यह कार्यक्रम संपूर्ण ग्राम वासियों के सहयोग से हो रहा है। यज्ञ के व्यवस्थापकों में ललन झा, उमेश झा, शुभनाथ झा, विवेक झा, कन्हाई झा, हरिशंकर झा आदि शामिल है।



राजापाकर फोटो 03 यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित करते श्रद्धालु

# शिक्षा का अलख जगाने का संकल्प लें विधायक महेंद्र राम

नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर,वैशाली।**प्रखंड के भलुई पंचायत अंतर्गत अल्लीपुर डुमरी गांव के रविदास चौक परिसर मे रविदास समाज उत्थान समिति वैशाली की प्रखंड इकाई के तत्वावधान में एक भव्य छात्र प्रोत्साहन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना और उनके मनोबल को बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बिजली राम ने की तव मंच संचालन समिति के संयोजक प्रोफेसर अकल राम ने किया।समारोह का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजापाकर विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र राम, शंभू कुमार दास, एडीएम वैशाली रामदुलार राम, प्रोफेसर अकल राम एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरंभ में सांस्कृतिक मंडली के बीरेंद्र राम व राजेश राम ने शानदार स्वागत गान प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का समिति के सदस्यों ने बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वैशाली के एडीएम राम दुलार राम ने शिरकत की और छात्रों का मार्गदर्शन किया।उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। विधायक शिवचंद्र राम ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने का एकमात्र रास्ता शिक्षा ही है। वही विधायक महेंद्र राम ने ऐसे कार्यक्रम प्रस्तुत करने एवं शिक्षा का अलख जगाने के लिए समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। कहा कि समाज के विकास के लिए जो भी जरूरी होगा मैं करने के तैयार हूं।मौके पर रविदास समाज से चौरासी स्तर पर मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल ,प्रशस्ति पत्र, संविधान का किताब देकर विधायक महेंद्र राम और पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने पुरस्कृत किया। सम्मान पाने वाले छात्रों में सत्यम भारती, कृतिका कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रशांत कुमार, शिल्पा सुमन, शिवानी, अमित, रितिक, सुमित, काजल एवं अन्य शामिल थे।मौके पर समिति के सदस्यों में नंदलाल राम, अजय कुमार,सुखारी दास, संजीत कुमार, जगजीवन राम, राम प्रवेश राम, सुशीला देवी, अकल राम, हरिहर दास, विजय दास, वीरेंद्र राम, श्याम बाबू राम, सुमित कुमार, जोगेंद्र राम, रणबीर कुमार राम सहित अनेक लोग उपस्थित हुए।

## मैजिक वाहन चोरी करते युवक रंगेहाथ पकड़ा गया, लोगों ने की पिटाई



नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।**पाटलीपुत्रा रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग से मैजिक वाहन चोरी कर रहे एक युवक रंगेहाथ पकड़ पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची रूपसपुर थाना की पुलिस आरोपित युवक को पकड़ थाने ले आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पाटलीपुत्रा रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़े मैजिक वाहन को एक युवक चाबी से जबरन खोलने का प्रयास कर रहा था। तभी वाहन मालिक की नजर उस युवक पर पड़ी। वे शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोग इकट्ठे होकर उसे पकड़ पिटाई कर दी। लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी जो मौके पर पहुंच युवक को हिरासत में ले लिया। पकड़ा गया युवक रुपसपुर इलाके के रहने वाले अभिषेक कुमार के रुप में हुई है। पकड़े गए आरोपित के पास से मास्टर चाबी के साथ कई अन्य चाबी बरामद किया गया है। एसआई नीतू कुमारी ने बताया कि लोगों ने युवक को पकड़ कर रखा था थाने की 112 की टीम मौके पर पहुंच युवक को पकड़ थाने ले आई है। आरोपित युवक पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# समाज में प्रेम, शांति व भाईचारे का संदेश फैलाते हैं पुरोहितः भूषण बाड़ा

नई सोच एक्सप्रेस



**सिमडेगा।**जिला के सलगापोस पारिस में दिल्ली महाधर्मप्रांत के लिए उपयाजक रवि सोरेंग का पावन पुरोहिताभिषेक समारोह सम्पन्न हुआ। पुरोहित अभिषेक समारोह का नेतृत्व दिल्ली आर्चडायोसीस के सहायक बिशप दीपक वालेरियन ताऊरो ने किया। उनके साथ पल्ली पुरोहित फादर यूजीन टोप्पो सहित दर्जनो य सहयोगी फादरगण उपस्थित थे। इस अवसर पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी मुख्य रूप में शामिल हुए। मिस्सा पूजा के बाद विधायक ने बिशप एवं नव-अभिषिक्त फादर रवि सोरेंग को बुके भेंट कर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि फादर रवि सोरेंग का पुरोहिताभिषेक पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पुरोहितों का जीवन सेवा, त्याग व समर्पण का सजीव उदाहरण होता है। वे समाज में प्रेम, शांति व भाईचारे का संदेश फैलाने का कार्य करते हैं। विधायक ने कहा कि पुरोहित का जीवन हमें सिखाता है कि दूसरों के लिए जीना ही सच्ची मानवता है। ऐसे समर्पित व्यक्तित्व समाज को सही दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। हम सभी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरोहित अभिषेक समारोह समाज में नैतिकता, एकता व सेवा की भावना को मजबूत करने का अवसर है। ऐसे आयोजन हमें आपसी भाईचारे व मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि चर्च व समाज मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं व भविष्य में भी इस सहयोग को व मजबूत किया जाएगा। सेवा, त्याग व समर्पण का जीवन है पुरोहिताई जीवनः बिशप दीपक वालेरियन ताऊरो बिशप दीपक वालेरियन ताऊरो ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि पुरोहित बनना केवल एक पद नहीं बल्कि सेवा, त्याग व समर्पण का जीवन है। फादर रवि सोरेंग अब ईश्वर की वाणी को जन-जन तक पहुँचाने व समाज के हर वर्ग के लिए करुणा व प्रेम का संदेश देने का दायित्व निभाएंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उनका जीवन लोगों के लिए मार्गदर्शन व प्रेरणा बने। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, जिला सचिव संजय तिर्की, यूथ प्रतिनिधि समीर कुल्लू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, धर्म बहनें व हजारों की संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

# उपायुक्त व एसएसपी ने किया पुलिस केंद्र में मैगजीन गार्ड भवन का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**धनबाद।**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से आज पुलिस केंद्र में नवनिर्मित मैगजीन गार्ड भवन का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस नए भवन के निर्माण से पुलिस विभाग को काफी सहूलियत मिलेगी। पहले जहां हथियारों के रख-रखाव और प्रबंधन में कई व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आती थीं, वहीं अब आधुनिक सुविधाओं से लैस इस भवन में सभी कार्य अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि हथियारों का वैज्ञानिक और सुरक्षित भंडारण किसी भी पुलिस व्यवस्था की रीढ़ होता है, और इस दिशा में यह नया भवन एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पुराना शास्त्रगार भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। इससे सुरक्षा और रख-रखाव को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो रही थीं। इसको ध्यान में रखते हुए नए भवन का निर्माण कराया गया है। इसमें हथियारों की संख्या और उनकी संवेदनशीलता को देखते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों ने नए भवन के सफल संचालन और बेहतर उपयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई तथा इसे पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, डीएसपी मुख्यालय धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी विधि-व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, डीएसपी सुनील कुमार सिंह, डीएसपी प्रदीप कुमार, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार, सार्जेंट मेजर विनोद कुजूर, सार्जेन्ट मेजर राकेश दुबे, धनबाद थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय, सरायढेला थाना प्रभारी मंजीत कुमार, ट्रैफिक थाना प्रभारी जय प्रकाश, सार्जेंट अर्जुन महथा, सार्जेंट लक्ष्मण मेहता सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## धीरज प्रसाद साहू ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया

नई सोच एक्सप्रेस

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में शामिल किए जाने पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय संगठन की मजबूती, आपसी विश्वास व समर्पित कार्यकतार्ओं के प्रति नेतृत्व की सकारात्मक सोच को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस भरोसे के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों व संगठनात्मक मजबूती के लिए जानी जाती रही है, व पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कमेटी राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों, रणनीतियों व संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। झारखंड जैसे राज्य में, जहां सामाजिक व राजनीतिक विविधता है, वहां पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्पित नेतृत्व व सक्रिय कार्यकतार्ओं की आवश्यकता है। इस कमेटी के माध्यम से पार्टी जमीनी स्तर पर कार्यकतार्ओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सकेगी व जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना ही उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि वे इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ कार्य करेंगे तथा झारखंड में कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग,9 की मौत,कुछ के सिर्फ कंकाल मिले;10 से 15 लोग बचाए गए,AC में ब्लास्ट से हुई वारदात

2 1500KM रेंज, आवाज से 10 गुना तेज रफ्तार;भारत ने युद्धपोत किलर मिसाइल का सफल परीक्षण किया

3 तीन मई का दिन पूरी दुनिया में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का मुख्य मकसद प्रेस की आजादी और पत्रकारों के अधिकारों की बात करना है। लेकिन इस बार इस मौके पर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एक बहुत बड़ा मुद्दा उठा दिया है। भारत में मीडिया की आजादी को लेकर कांग्रेस ने गहरी चिंता जताई है और इसे देश के लोकतंत्र के लिए एक खतरे की घंटी बताया है।

4 बिहार मंत्रिमंडल विस्तार से पहले हलचल तेज,दिल्ली में सम्राट चौधरी की अमित शाह समेत कई नेताओं से मीटिंग

5 बिधाननगर स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर BJP-TMC समर्थकों में झड़प,काउंटिंग से पहले बढ़ा तनाव

6 विनेश फोगाट बोलीं:बृजभूषण के शोषण की मैं भी विक्टिम,गोंडा में कुश्ती लड़ना मुश्किल होगा,वहां मेरे साथ गलत हुआ तो भारत सरकार जिम्मेदार

7 यूपी:2 बच्चों का एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू,रील बनाने पानी की टंकी पर चढ़े थे;सीढ़ी टूटने से 3 नीचे गिरे,एक की मौत

8 चेन्नई में यात्री ने चलती फ्लाइट का इमरजेंसी गेट खोला, विमान रनवे से टर्मिनल की तरफ जा रहा था,पायलट ने तुरंत रोका;आरोपी गिरफ्तार

9 पुणे में 4 साल की बच्ची से रेप-हत्या,65 साल का आरोपी गिरफ्तार;सैकड़ों लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु हाईवे जाम किया,4 घंटे तक ठप रही आवाजाही

10 हिमाचल प्रदेशः चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, नूरपुर में सड़क पर पलटी,कई घायल; अस्पताल में भर्ती

11 ट्रम्प की चेतावनी:ईरान ने गलती की तो फिर हमला,उनके 14-पॉइंट प्रस्ताव का रीव्यू कर रहे,लेकिन नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगा

12 ईरान जंग के 2 महीने,दुनिया में मंदी का संकट,दावा:अमेरिका ने 95 लाख करोड़ खर्चे,ईरान में 3,600+ मौतें;चीन-रूस फायदे में रहे

13 शेयर बाजार की चाल कल से सप्ताह में कई फैक्टर्स पर फोकस करेगा,इनमें सबसे अहम है,बीते दिनों कई राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे की पैनी नजर चुनाव रिजल्ट पर रहेगी,इसके अलावा अमेरिका और ईरान में तनातनी कम नहीं हो रही है, शांति वार्ता के लिए ईरानी प्रस्ताव पर ट्रंप संदेह जता रहे हैं इसके अलावा क्रूड की कीमतों में तेज इजाफे का डर सता रहा है,और तमाम कंपनियां के तिमाही नतीजे भी बाजार की चाल तय करने वाले साबित होंगे

14 IPL में आज पहला मैच हैदराबाद vs कोलकाता,सीजन में दूसरी बार होगा सामना,सनराइजर्स ने पिछले पांच मैच लगातार जीत

15 IPL का गणितःचेन्नई की उम्मीदें कायम,मुंबई मुश्किल में,सभी मैच जीतने ही होंगे;आज हैदराबाद के पास टॉप पर आने का मौका

16 टूटने की कगार पर पाकिस्तान:बलूचिस्तान बनने जा रहा स्वतंत्र देश ! डर कर चीनी कंपनी ने समेटा बोरिया बिस्तर

17 CPEC:चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट को PAK में लगा झटका,घाटे में डूबी कंपनी तो जड़ा ताला;निकाले सारे कर्मचारी

18 ईरानी सेना की खुली चेतावनीः अमेरिका के साथ फिर भड़क सकता युद्ध! कहाःहर कार्रवाई का देंगे जवाब

19 Supreme Court से ममता बनर्जी को बड़ा झटका,मतगणना के नियमों में बदलाव से किया इनकार

20 पंजाबःशंभू रेल ब्लास्ट का मास्टरमाइंड 'बाबा बेअंत' गिरफ्तार,3 आतंकी घटनाएं सुलझीं

21 दिल्ली की लोअर कोर्ट में तैनात जज ने सुसाइड किया,पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगाई;मरने से पहले पिता से कहा थाःजीना मुश्किल हो गया है

22 पत्नी-साली परेशान कर रहे';पिता ने बताया जज अमन शर्मा ने क्यों की आत्महत्या

23 देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें,सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों से दोगुनी होगी रफ्तार; कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा

24 उत्तराखंड में तूफान का तांडव, महिलाओं-बच्चों समेत टिहरी झील में फंसे 30 टूरिस्ट,SDRF ने बचाया

25 जम्मू और श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू,50 मिनट में 272 KM का सफर

26 हज यात्रियों की जेब पर 'मिसाइल अटैक'! खाड़ी युद्ध के बहाने हवाई किराए में भारी बढ़ोतरी,कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

27 नासिक TCS केस की आरोपी निदा को अग्रिम जमानत नहीं,प्रॉसिक्यूशन ने कोर्ट में कहाःआरोप गंभीर;कस्टडी में पूछताछ करना जरूरी

28 ED की 2025-26 में सबसे ज्यादा 2,892 रेडः गिरफ्तारी में 27% की कमी आई,81 हजार करोड़ की संपत्ति अटैच,32 हजार करोड़ लौटाए

29 जबलपुर क्रूज हादसाःएनडीआरएफ ने दो बच्चों के शव निकाले,बेटे की आखिरी जिद याद कर रो पड़े विराज के पिता;अब तक 11 मौतें,दो लापता

30 बंगाल की फालता सीट पर वोटिंग EC ने रद्द की,21 मई को दोबारा मतदान,24 को रिजल्ट;हिंसा गड़बड़ियों की शिकायत पर फैसला

31 देशभर के जंगलों में आग का कहर, उत्तराखंड से आंध्र प्रदेश तक 12 राज्य धधके;मध्य प्रदेश के जंगल सबसे ज्यादा प्रभावित

32 ईरान के साथ समझौता न हो तो बेहतर,बातचीत विफल रही तो अमेरिका उठाएगा कठोर सैन्य कदम,ट्रंप बोलेःईरान को उड़ा देंगे

33 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिला कुम्हार-कुमावत- प्रजापत समाज का प्रतिनिधिमंडल,माटी राजस्थान री' पुस्तक का विमोचन

34 अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में किया बड़ा हंगामा,दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष पेश होने से किया इनकार

35 बच्चे चिल्लाए-मम्मी बचाओ...पापा मत जलाओ,छतरपुर में पिता ने कमरे में बंद कर लगाई आग;मां ने फोन पर चीखें सुनी, पड़ोसियों ने जान बचाई

36 तिरुपति लड्डू घोटालाःबिना जांच किए इस्तेमाल हुआ 70 लाख किलो घी;न सप्लायर्स को ब्लैक लिस्ट किया,न खरीद रोकी

37 IPL 2026:CSK ने MI को 8 विकेट से हराया, गायकवाड़-कार्तिक ने दिलाई शानदार जीत

38 चुनाव आयोग ने 21 मई को बंगाल की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 बूथों पर पुनर्मतदान का दिया आदेश,24 मई को आएंगे नतीजे

39 बंगालः15 बूथ पर दोबारा वोटिंग खत्म,लगभग 87% मतदान,साउथ 24 परगना में BJP-TMC कार्यकर्ताओं में झड़प;ममता बोलीं:200+ सीट जीतेंगे

40 देश की आत्मा आदिवासियों ने सुरक्षित रखी,RSS प्रमुख मोहन भागवत बोलेःसेवा उपकार नहीं,हमारा धर्म है

# एल्बम यादों और अनुभवों का अनूठा कलेक्शनः श्रेया घोषाल



बॉ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित गायिका श्रेया घोषाल ने अपने बेहद खास ऑल हार्ट्स टूर को एक लाइव एल्बम के रूप में अपने प्रशंसकों के लिए पेश किया है, जो उनके वैश्विक संगीत सफर की एक यादगार कड़ी है। यह एल्बम उन यादों, भावनाओं और अनुभवों का एक अनूठा कलेक्शन है, जिन्हें उन्होंने अपने वर्ल्ड टूर के दौरान विभिन्न शहरों और मंचों पर महसूस किया। यह लाइव एल्बम अब सोनी म्यूजिक इंडिया के तहत जारी किया गया है। श्रेया घोषाल ने बताया कि यह सफर उनके जीवन के सबसे खास और यादगार अनुभवों में से एक रहा है। श्रेया घोषाल ने इस एल्बम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यह सफर एक साल से भी ज्यादा समय तक चला और इस दौरान मैंने दुनिया के कई बड़े शहरों में परफॉर्म किया। हर शहर, हर मंच और हर दर्शक मेरे दिल के करीब बनता चला गया। कहीं कार्यक्रम का माहौल इतना ऊर्जावान था कि वह यादगार बन गया, कहीं दर्शकों का अपार प्यार दिल छू लेने वाला था, और कहीं गानों की लिस्ट इतनी खास थी कि वह पल हमेशा के लिए स्मृति में बस गया। यही वजह थी कि मैं और मेरी टीम ने सोचा कि इन सभी खास पलों को सिर्फ यादों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इन्हें एक एल्बम के रूप में हमेशा के लिए सुरक्षित कर लेना चाहिए ताकि मेरे प्रशंसक भी इसका हिस्सा बन सकें। उन्होंने आगे कहा, इस एल्बम के लिए गानों का चुनाव करना आसान नहीं था। अलग-अलग शहरों में हुए कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग में कई खूबसूरत पल थे। ऐसे में यह तय करना काफी मुश्किल था कि किन परफॉर्मेंस को चुना जाए, जो उस पल की सही भावना को कैप्चर कर सकें। मेरी कोशिश यही रही कि हर जगह से सबसे बेहतरीन रिकॉर्डिंग को लिया जाए ताकि उस मंच की भावना और ऊर्जा लोगों तक पहुंच सके और वे उस अनुभव को महसूस कर सकें। श्रेया घोषाल ने अपने टूर के कुछ खास इवेंट्स और मंचों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, डॉल्बी थिएटर में परफॉर्म देना मेरे लिए बेहद भावुकता भरा अनुभव था। यह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मंचों में गिना जाता है और यहां बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित होते हैं। ऐसे मंच पर गाना किसी भी कलाकार के लिए एक सपना होता है। इसके अलावा, उन्होंने फॉक्स थिएटर की यादों को भी खास बताया, यह ऐतिहासिक थिएटर बेहद खूबसूरत है और भारतीय संगीत जगत की महान गायिका लता मंगेशकर भी यहां परफॉर्म कर चुकी हैं। ऐसे मंचों पर गाना मेरे लिए इतिहास और भावनाओं से जुड़ने जैसा अनुभव था। श्रेया घोषाल ने कहा कि इस टूर के दौरान गाए गए गानों को हर बार थोड़ा अलग अंदाज में पेश किया गया। मैं और मेरी टीम हमेशा कोशिश करते थे कि हर परफॉर्मेंस में कुछ नया जोड़ा जाए। कभी म्यूजिक में बदलाव किया जाता, तो कभी गाने की धुन या परफॉर्मेंस में नया एहसास लाया जाता। स्टेज पर गाए गए कई गाने ऐसे थे, जो उसी पल के लिए खास बन गए और हमेशा याद रखे जाएंगे। यह एल्बम उनकी कलात्मकता और वैश्विक प्रभाव का एक प्रमाण है। बता दें कि भारतीय संगीत जगत की मशहूर और प्रतिष्ठित गायिका श्रेया घोषाल ने अपनी सुरीली आवाज और जादुई गानों के जरिए लाखों लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है।

## फिल्म

### मैं अपना काम ईमानदारी से करता हूंः राहुल रॉय



90 के दशक में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म आशिकी ने अभिनेता राहुल रॉय को रातोंरात स्टारडम के शिखर पर पहुंचा दिया था। आज वही अभिनेता अपने जीवन के एक अलग पड़ाव पर ट्रोलिंग का सामना कर रहे हैं। उनके प्रशंसक लगातार यह सवाल उठा रहे हैं कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन्हें कंटेंट क्रिएटर्स के साथ रील बनाकर गुजारा करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें दुख हो रहा है। लेकिन अब अभिनेता ने ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जो उनके मजबूत इरादों को दर्शाता है। राहुल रॉय आमतौर पर मीडिया अपीरियंस से दूर ही रहते हैं और अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से बचाकर रखते हैं। शायद यह पहला मौका है जब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इतने गुस्से और निराशा का इजहार किया है। उन्होंने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखकर ट्रोल करने वालों की जमकर क्लास लगा दी है, और अपनी स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, मैं अपना काम ईमानदारी और विनम्रता से करता हूं। मुझे कुछ कानूनी मामलों का भुगतान करना है और ये आज के नहीं हैं, ये उस समय के हैं, जब ब्रेन स्ट्रोक नहीं हुआ था। यह उनकी आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को उजागर करता है, जिनके बारे में कई लोग अनजान थे। उन्होंने आगे कहा, अगर आप मेरी सादगी या मेरी परेशानियों का मजाक उड़ाते हैं, ट्रोल करते हैं तो यह मेरे बारे में कम और आपके बारे में ज्यादा बताता है। यह एक शक्तिशाली बयान है जो ट्रोलर्स की मानसिकता पर सवाल उठाता है। राहुल ने अपनी बात जारी रखते हुए ट्रोलर्स को एक चुनौती भी दी, अगर आपको सच में इतनी चिंता है, तो मुझे कोई अच्छा और सही काम दिलाने में मदद कीजिए, ताकि मैं अपने केसों का भुगतान कर सकूं। कम से कम मैं मेहनत करके कमा रहा हूं, दूसरों का मजाक उड़ाकर नहीं। यह उनके स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। अभिनेता का कहना है कि जब तक वे जिंदा रहेंगे, तब तक काम करने की कोशिश करते रहेंगे क्योंकि काम करने से उनका मन और तन दोनों सक्रिय रहता है और वे खुद को जिम्मेदार महसूस करते हैं। यह उनकी जीवन के प्रति सकारात्मक सोच और काम के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अभिनेता इस ट्रोलिंग से दुखी जरूर हैं, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें कोई भी परिस्थिति तोड़ नहीं सकती। दरअसल, अभिनेता पिछले कुछ समय से दोबारा लाइमलाइट में आने और अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए अनजान इंटरनेट क्रिएटर्स के साथ रील बना रहे हैं।

## अनुपम खेर ने किया नई फिल्म का ऐलान, शीर्षक के साथ दिखाई पहली झलक

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर पिछले काफी समय से खोसला की घोसला 2 में व्यस्त चल रहे थे। कुछ दिन पहले इसकी रिलीज तारीख का ऐलान हुआ था कि फिल्म 28 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इस बीच, अनुपम ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा करते हुए बताया है कि यह उनकी 551वीं फिल्म होगी। साथ में फिल्म का शीर्षक और पहली झलक भी फैंस को दिखाई है। उन्होंने फिल्म का शीर्षक बताते हुए लिखा, फिलकर! फिल्म नंबर 551। और फिर भी... ऐसा लगता है जैसे मैं फिर से पहला कदम उठा रही हूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद को चुनौती नहीं देते... तो आप धीरे-धीरे खुद को दोहराने लगते हैं। इसलिए मैंने कठिन रास्ता चुना। खुद को फिर से गढ़ने के लिए... न सिर्फ अपने अंदर के अभिनेता को... बल्कि उस इंसान को भी जो मैं बन रहा हूं। अनुपम ने आगे लिखा, कहानी... फिलहाल... एक रहस्य रहेगी। लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि जब यह आप तक पहुंचेगी, तो यह आपके साथ रहेगी। आज पहला दिन है। एक नई शुरुआत। हमेशा की तरह... मुझे आपके प्यार की ज़रूरत है। मुझे शुभकामनाएं दीजिए। मुझे इसकी जरूरत है! पोस्टर में दिग्गज अभिनेता को लंबी गाउन के साथ भारी गहने पहने देखा जा सकता है। बता दें, अनुपम को आखिरी बार तन्वी द ग्रेट (2025) में देखा गया था।






## अनन्या पांडे-लक्ष्य की फिल्म चांद मेरा दिल के टाइटल ट्रैक ने स्पॉटिफाई पर जमाया कब्जा

अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की फिल्म चांद मेरा दिल ने रिलीज से पहले एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 14 अप्रैल को फिल्म के निर्माता धर्मा प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक जारी किया था, जिसे फहीम अब्दुल्ला ने अपनी आवाज दी है, जबकि संगीत सचिन-जिगर का है। वीडियो में अनन्या और लक्ष्य की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया जा रहा है। इसी लोकप्रियता की बदौलत इस टाइटल ट्रैक ने स्पॉटिफाई इंडिया में अपनी धाक जमा ली है। संगीत एल्बम चांद मेरा दिल लगातार लोगों का दिल जीतते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह गाना स्पॉटिफाई इंडिया के



टॉप 50 में शामिल हो गया है। यह खासकर युवाओं के बीच और आने वाले समय में और भी हिट गानों के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर रहा है। फिल्म की बात करें, तो विवेक सोनी द्वारा निर्देशित और करण जौहर द्वारा निर्मित यह 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# मेरे लिए भावनात्मक सफर रहा है इंस्पेक्टर अविनाशः उर्वशी रौतेला





मे मेकर्स क्राइम और सस्पेंस से भरपूर वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश के दूसरे सीजन के साथ पुनः दर्शकों के बीच लौटने की तैयारी कर रहे हैं। सीरीज में एक बार फिर उर्वशी रौतेला एक अहम और दमदार किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे वह अपने करियर के सबसे खास और परिवर्तनकारी किरदारों में से एक मानती हैं। इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा रोमांच और गहराई से भरी होगी। अपने किरदार और सीरीज के बारे में बात करते हुए उर्वशी रौतेला ने कहा, मेरे लिए इंस्पेक्टर अविनाश सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर रहा है। मेरा किरदार असली जिंदगी से प्रेरित है, इसलिए इसे मैंने जिम्मेदारी के साथ निभाने की कोशिश की है। निर्देशक नीरज पाठक की लिखी स्क्रिप्ट ने मुझपर काफी प्रभाव डाला है। जैसे ही मैंने कहानी पढ़ी, मुझे महसूस हुआ कि यह किरदार सिर्फ अभिनय करने का मौका नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा, सीरीज का दूसरा सीजन अपराध और पुलिस की दुनिया को गहराई से दिखाएगा। हालांकि, इस बार कहानी सिर्फ अपराध और जांच तक सीमित नहीं रहेगी। इसमें उन परिवारों की जिंदगी को भी दिखाया जाएगा, जो पुलिस अधिकारियों के साथ हर मुश्किल दौर में खड़े रहते हैं। मेरा किरदार इसी भावनात्मक पक्ष को सामने लाएगा। सीरीज यह दिखाने की कोशिश करेगी कि एक पुलिस अधिकारी की नौकरी सिर्फ उसी इंसान को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करती है। उनके परिवारों को भी डर, तनाव और त्याग के साथ जीना पड़ता है, जिसकी झलक अक्सर पर्दे पर नहीं दिखाई जाती। यह नई परत सीरीज को और अधिक मानवीय और रिलेटेबल बनाएगी। अपने किरदार को पूरी तरह असली और विश्वसनीय बनाने के लिए उर्वशी ने काफी मेहनत की। उन्होंने बताया, तैयारी के दौरान मैं असली इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की पत्नी से मिलीं। मुझे उनकी सादगी, धैर्य और मानसिक मजबूती ने काफी प्रभावित किया। उनके साथ समय बिताने के बाद मुझे समझ आया कि पुलिस अधिकारी की पत्नी होना कितना मुश्किल होता है। बाहर से यह जिंदगी सामान्य दिख सकती है, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत संघर्ष और चिंता छिपी होती है। इसी अनुभव ने मुझे अपने किरदार को और बेहतर तरीके से समझने में मदद की। उर्वशी ने कहा, मैंने इस किरदार के लिए करीब दो साल तक तैयारी की। मैंने छोटी-छोटी आदतों और व्यवहार को समझने की कोशिश की। बोलने का तरीका, बॉडी लैंग्वेज, चलने का अंदाज और यहां तक कि साड़ी पहनने के तरीके तक पर भी ध्यान दिया। मैं चाहती हूं कि दर्शकों को मेरा किरदार पूरी तरह असली लगे और वे उससे जुड़ाव महसूस करें। उन्होंने अंत में कहा, यह किरदार मेरे पिछले सभी किरदारों से काफी अलग है और यही बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मैं हमेशा से ऐसे किरदार निभाना चाहती थी जिनमें भावनात्मक गहराई हो, और इंस्पेक्टर अविनाश ने मुझे वह मौका दिया है।

## भूत बंगला का किला 14वें दिन डगमगाया, 150 करोड़ रुपये कमाने से इतनी दूर फिल्म

अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला अपने दूसरे हफ्ते में पहुंचकर डगमगाने लगी है। आगे का रास्ता और भी मुश्किल होने वाला है, क्योंकि धनुष की फिल्म कारा ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। हालांकि ध्रुव सरजा की फिल्म केडी: द डेविल का जोर अक्षय की फिल्म के आगे नहीं चला। उधर माइकल जैक्सन की बायोपिक फिल्म माइकल भी पहले हफ्ते में गिरावट का मुंह देख रही है। चलिए इन सभी फिल्मों की कमाई पर एक नजर डालते हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, भूत बंगला ने दूसरे हफ्ते में 14वें दिन 3.50 करोड़ रुपये कमाए हैं। वहीं 13वें दिन इसने 3.40 करोड़ रुपये कमाए थे। इस तरह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अब तक सिर्फ 1,28.15 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर पाई है। यह 150 करोड़ के क्लब में जगह बनाने से काफी दूर है। हालांकि धनुष की फिल्म कारा ने पहले दिन 5.75 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला है। यह शुरुआत सकारात्मक मानी जा रही है। ध्रुव, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी और नोरा फतेही जैसे सितारों से सजी केडी: द डेविल भी 30 अप्रैल को रिलीज हुई। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 3.50 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला है।

# अगस्त में शुरू होगी रणवीर सिंह की प्रलय की शूटिंग

धु धुरंधर और धुरंधर 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अभिनेता रणवीर सिंह की आगामी फिल्म प्रलय दर्शकों को रोमांच डोज देने के लिए तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग अगस्त से शुरू होने वाली है। कुछ रिपोर्टों में हाल ही में दावा किया गया था कि रणवीर सिंह और निर्देशक जय मेहता के बीच क्रिएटिव मतभेदों के कारण फिल्म के निर्माण में रुकावट आ गई है, लेकिन फिल्म से जुड़े विश्वसनीय सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, प्रलय को लेकर फैलाई जा रही अनिश्चितता वाली खबरें पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार हैं। सूत्र ने स्पष्ट किया कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम पहले ही जोर-शोर से शुरू हो चुका है और रणवीर सिंह व



निर्देशक जय मेहता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने और फिल्म को भव्य पैमाने पर बनाने के लिए लगातार चर्चा कर रहे हैं। यह उनकी प्रतिबद्धता और प्रोजेक्ट के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। प्रलय एक पोस्ट-एपोकैलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें जॉम्बी ड्रामा को पूरी तरह नए और अनोखे अंदाज में फिल्माया जाएगा। यह फिल्म वीएफएक्स पर आधारित एक भव्य एक्शन थ्रिलर होगी, जिसका अनुमानित बजट लगभग 300 करोड़ रुपए है। फिल्ममेकर इसे भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे बड़े और शानदार प्रोजेक्ट्स में से एक बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जो दर्शकों को एक विस्मयकारी अनुभव देगा। फिल्म धुरंधर फ्रेंचाइजी की अपार सफलता के बाद, रणवीर सिंह इस फिल्म में एकदम नए और अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एक डिस्टोपियन दुनिया पर आधारित है, जहां अस्तित्व के लिए संघर्ष और रोमांचक मोड़ दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। फिल्म की कहानी को जय मेहता और विशाल कपूर ने मिलकर लिखा है, जो एक दमदार पटकथा का वादा करता है।

# महिलाओं में कोलेजन की कमी की चेतावनी देते हैं ये 5 शुरुआती संकेत, न करें नजरअंदाज

को कोलेजन एक ऐसा प्रोटीन है, जो हमारे शरीर में त्वचा, बाल, नाखून और हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं के शरीर में कोलेजन की मात्रा कम होने लगती है, जिससे त्वचा में झुर्रियां, बालों का झड़ना और नाखूनों के कमजोर होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको कोलेजन की कमी के 5 ऐसे संकेत बताते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, महिलाओं के चेहरे पर झुर्रियां आना आम बात है। हालांकि, अगर आपको 30 की उम्र से पहले ही झुर्रियां दिखाई देने लगें तो यह कोलेजन की कमी का संकेत हो सकता है। कोलेजन की कमी के कारण त्वचा में लचीलापन कम हो जाता है, जिससे झुर्रियां जल्दी दिखने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि



आप अपनी त्वचा की देखभाल पर ध्यान दें और कोलेजन वाले उत्पादों का उपयोग करें। अगर आपकी त्वचा पहले से ढीली होने लगी है तो यह भी कोलेजन की कमी का एक संकेत हो सकता है। कोलेजन की कमी होने पर त्वचा का आधार कमजोर हो जाता है, जिससे वह ढीली और सुस्त दिखने लगती है। इस समस्या से बचने के लिए नियमित रूप से अपनी त्वचा की सफाई करें और नमी देने वाले उत्पाद का उपयोग करें। इसके अलावा हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पिएं और पौष्टिक आहार लें। आंखों के नीचे काले घेरे होना भी कोलेजन की कमी का एक आम संकेत है। यह समस्या नींद की कमी, तनाव या उम्र बढ़ने के कारण हो सकती है। हालांकि, अगर आप इन कारणों से प्रभावित नहीं हैं तो यह कोलेजन की कमी का संकेत हो सकता है। इस समस्या से बचने के लिए पर्याप्त नींद लें, तनाव कम करें और आंखों की देखभाल के लिए खास ध्यान दें। ज्यादा परेशानी होने पर विशेषज्ञ से मिलें। अगर आपके बाल तेजी से पतले हो रहे हैं तो यह भी कोलेजन की कमी का एक अहम संकेत हो सकता है। कोलेजन न होने पर बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं, जिससे उनका घनत्व कम हो जाता है और वे पतले दिखने लगते हैं। इस समस्या से



बचने के लिए बालों की देखभाल पर खास ध्यान दें और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें, ताकि आपके बाल स्वस्थ रहें और टूटें नहीं। अगर आपके नाखून कमजोर होकर टूटने लगते हैं तो यह भी कोलेजन की कमी का एक अहम संकेत हो सकता है। कोलेजन न होने पर नाखून कमजोर होकर टूटने लगते हैं, जिससे उनका आकार बिगड़ जाता है और वे सुंदर नहीं दिखते। इस समस्या से बचने के लिए नियमित रूप से नाखूनों की सफाई करें और उन्हें नमी दें। इसके अलावा हाइड्रेटेड रहने के लिए पर्याप्त पानी पिएं और पौष्टिक आहार लें।

# वैभव को योग्यता के आधार पर आंकना चाहिए, न कि उम्र से, अभी बच्चा है, पर बल्लेबाजी कमाल की : शिखर धवन

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने राजस्थान रॉयल्स के युवा और तूफानी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के भारत के लिए पदार्पण की संभावनाओं पर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। धवन ने कहा है कि भले ही वैभव की उम्र मात्र 15 साल है, लेकिन जब कोई खिलाड़ी उच्च स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहा हो तो उम्र कोई बाधा नहीं रहती। उन्होंने वैभव के निडर रवैये की जमकर सराहना की, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के खिलाफ भी बेखौफ होकर खेलते हैं। धवन ने इस बात पर जोर दिया कि इतनी कम उम्र में ऐसा आत्मविश्वास बहुत कम खिलाड़ियों में देखने को मिलता है, जो वैभव के खेल में साफ झलकता है। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में बात करते हुए शिखर धवन ने कहा, अगर वैभव सूर्यवंशी सीनियर लेवल पर लाजवाब प्रदर्शन कर रहा है तो उसे उसकी योग्यता के आधार पर आंकना चाहिए, न कि उसकी उम्र के आधार पर। हां, वह अभी बच्चा है, लेकिन जिस तरह से वह जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह जैसे शीर्ष गेंदबाजों की गेंदों पर इतने बड़े छक्के मारता है, वह वाकई कमाल का है। बहुत से बड़े खिलाड़ी इतनी कम उम्र में वह हासिल नहीं कर पाए जो उसने किया है। जाहिर है, उसका समय आएगा। यह आना ही है। आईपीएल 2025 के बाद से लगातार युवा क्रिकेट और फिर आईपीएल में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से धूम मचा रहे वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे पहले 400 रनों का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज बने हैं। उनका स्ट्राइक रेट 238.10 का है, जो किसी भी लीग में असाधारण है। वह अब तक 37 छक्के जड़ चुके हैं, जबकि उनके चौकों की संख्या छक्कों से कम है, जो उनकी आक्रामक खेल शैली को दर्शाता है। इस शानदार प्रदर्शन के बाद से ही हर कोई इस बात की वकालत कर रहा है कि वैभव को जल्द से जल्द भारत की सीनियर टीम में शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, शिखर धवन का मानना है कि इस युवा प्रतिभा के लिए अभी भारतीय टॉप ऑर्डर में जगह बनाना एक बड़ी चुनौती है।

धवन ने स्वीकार किया कि भारतीय टीम के स्थापित टॉप ऑर्डर में सेंध लगाना वैभव सूर्यवंशी के लिए फिलहाल मुश्किल है। भारत ने हाल ही में 2026 टी20 विश्व कप जीता है और संजू सैमसन व अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं, ऐसे में इस युवा खिलाड़ी को आसानी से मौका नहीं मिलेगा। वनडे क्रिकेट में कप्तान शुभमन गिल और रोहित शर्मा ओपनर के तौर पर अपनी जगह मजबूत कर चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल भी अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

## रुतुराज ने कार्तिक, कंबोज और नूर की जमकर प्रशंसा की

एजेंसी, चेन्नई



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत पर खुशी जतायी है। रुतुराज में मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा कार्तिक शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। रुतुराज ने कहा कि कार्तिक लंबे छक्के लगाने वाला खिलाड़ी है। इससे अलावा उन्होंने तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और स्पिनर नर अहमद की कसी हुई गेंदबाजी की भी प्रशंसा की है। अंशुल ने 3 जबकि नूर ने 2 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में प्रमुख भूमिका निभाई। इस मैच में जीत के साथ ही सीएसके की प्लेऑफ के लिए संभावनाएं बढ़ी हैं। इस मैच में सीएसके के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई को 159 रनों पर ही रोक दिया। सीएसके ने कप्तान रुतुराज और कार्तिक के अर्धशतकों की सहायता से 11 गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 159 रन बनाये। सीएसके की ओर से कम्बोज ने तीन विकेट जबकि नूर ने दो विकेट लिए। इन गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मुंबई की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। । सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन 11 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद उर्विल पटेल ने 12 गेंदों में तेजी से 24 रन बनाए। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने शानदार साझेदारी करते हुए स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। रुतुराज ने अपना लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया, जबकि कार्तिक शर्मा ने आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक बनाकर टीम की जीत तय कर दी। मैच के बाद कप्तान रुतुराज ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा, "हमने शुरुआत झटकों के बाद लय हासिल की।" उन्होंने अंशुल कम्बोज की तारीफ करते हुए कहा कि वह चीजों को सरल रखता है और प्रक्रिया पर टिका रहता है, उसका दिमाग एक बल्लेबाज की तरह सोचता है।

## सीन एबॉट ने बयां किया फिलिप ह्यूज़ की मौत का दर्द

एजेंसी, नई दिल्ली



सीन एबॉट अपने दोस्त फिलिप ह्यूज़ की दर्दनाक मौत को याद कर एक बार फिर भावुक हो गए। यह घटना कई बार उन्हें भावुक कर देती हैं। क्रिकेट इतिहास के सबसे डरावने और रूह कंपा देने वाले पलों में ऑस्ट्रेलिया के उभरते स्टार फिलिप ह्यूज़ की दर्दनाक मौत को हमेशा याद किया जाता है, जो 25 नवंबर 2014 को सीन एबॉट के एक बाउंसर के कारण हुई थी। सिडनी में एक घरेलू मैच के दौरान यह घातक घटना घटी, जब एबॉट की गेंद ह्यूज़ की गर्दन के पास लगी, जिससे उनकी धमनी को चोट पहुंची और दो दिन बाद सेंट विंसेंट अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। इस त्रासदी ने दुनिया भर के खेल प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना का सबसे गहरा असर गेंदबाज़ सीन एबॉट पर पड़ा था। वे कई महीनों तक ह्यूज़ की मौत के सदमे में रहे, और उस पल की यादें उनके मन में गहराई तक बस गईं। एबॉट ने उस भयानक पल को याद करते हुए लिखा था कि उन्हें लगा था कि फिलिप ने शॉट खेलने में थोड़ी जल्दी कर दी थी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है फिलिप ने शॉट खेलने में थोड़ी जल्दी कर दी थी। अगर बल्लेबाज़ शॉट में जल्दी करता है तो लगता है कि गेंद उतनी तेज़ नहीं थी जितनी उसने सोची थी। मुझे याद नहीं कि गेंद तेज़ थी या धीमी। शायद उस दिन पिच थोड़ी धीमी थी। एससीजी की पिच ऐसी ही होती है।" एबॉट ने अपने दर्द को व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने उस दिन क्या महसूस किया: "जब फिलिप को गेंद लगी, मैंने देखा कि वे लड़खड़ाने लगे और मैं पिच के दूसरे छोर पर दौड़ा। अपने बाएं हाथ से उनके सिर के दाहिने हिस्से को पकड़ा।

## पाकिस्तान कप्तान ने एशिया कप हैंडशेक विवाद पर खोला राज

एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने पिछले साल एशिया कप के दौरान भारतीय टीम के साथ हुए हैंडशेक विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने एक पॉडकास्ट में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उनकी टीम मैच खत्म होने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम तक हाथ मिलाने गई थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने ऐसा नहीं किया। सलमान ने याद दिलाया कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच कुल तीन भिड़ंत हुई थीं, और तीनों ही मौकों पर भारतीय टीम ने हाथ मिलाने से परहेज किया। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट से पहले हुए फोटोशूट और प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने निश्चित रूप से हाथ मिलाए थे। पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले गए उस एशिया कप में, सलमान अली आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम को भारत से लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय खेमे ने यह नीति पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के सम्मान में और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के उद्देश्य से अपनाई थी।

## प्रीति जिंटा का अटूट भरोसा ने बदली केएल राहुल की किस्मत?

एजेंसी, नई दिल्ली



एक अटूट विश्वास पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने साल 2018 में युवा बल्लेबाज केएल राहुल पर दिखाया था, जिसने उनके आईपीएल करियर को पूरी तरह से नया मोड़ दे दिया। उसके बाद उन्होंने पीछे मुडकर नहीं देखा। एक समय 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' का टैग झेल रहे राहुल के लिए यह दांव किसी संजीवनी से कम नहीं था। केएल राहुल का आईपीएल सफर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ 10 लाख रुपये में शुरू हुआ था। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद और फिर से आरसीबी के लिए खेले, लेकिन शुरुआती चार सीजन (2013-2016) में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और वह 200 रन का आंकड़ा भी मुश्किल से छू पाते थे। साल 2017 में कंधे की गंभीर चोट ने उन्हें पूरे आईपीएल सीजन से बाहर कर दिया, जिससे लगने लगा कि उनका आईपीएल करियर अब समाप्त हो जाएगा। उनकी टेस्ट क्रिकेट में शानदार तकनीक और शतकों ने उन्हें 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' का टैग दिया था, जबकि टी20 में वह अपनी छाप छोड़ने में नाकामयाब रहे थे।

# बिजनेस

## ऋण वसूली तंत्र को सुदृढ़ बनाने को डीआरएटी अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का आयोजन

एजेंसी, नई दिल्ली




वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने शनिवार को ऋण वसूली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए डीआरएटी अध्यक्षों और डीआरटी पीठासीन अधिकारियों का एक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करना और मामलों के निपटान में तेजी लाना था।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने यहां के विज्ञान भवन में ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरणों (डीआरएटी) के अध्यक्षों और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) के पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन को डीएफएस सचिव एम. नागराजू ने प्रतिभागियों को संबोधित किया, जिनमें डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधि और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन शामिल थे। मंत्रालय के मुताबिक चर्चाओं का मुख्य केंद्र लंबित मामलों को कम करना और मामलों के निपटान में तेजी लाना था। लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर नए सिरे से जोर दिए जाने के कारण, डीआरटी के मासिक निपटान दरों में उत्साहजनक वृद्धि देखी गई है। न्यायाधिकरणों से आग्रह किया गया कि वे अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीआरटी द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का अनुकरण करें। मंत्रालय ने कहा कि वित्तीय सेवा विभाग नीतिगत संवाद, सुधार और कामकाज में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के तौर पर ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरणों के अध्यक्षों और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों की नियमित बैठकें आयोजित करता रहता है। इन प्रयासों ने विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है, जिनमें से कई न्यायाधिकरणों के कामकाज में ठोस सुधारों में परिणत हुए हैं, जिससे न्यायाधिकरणों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना भी संभव हुआ है और उन्हें सफल मॉडलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## वित्त मंत्रालय ने बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई को किया अधिसूचित

एजेंसी, नई दिल्ली




वित्त मंत्रालय ने शनिवार को स्वचालित मार्ग के तहत बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अधिसूचित कर दिया है, जो पिछले 74 फीसदी की सीमा को प्रतिस्थापित करती है।

वित्त मंत्रालय की ओर से 2 मई 2026 को स्वचालित मार्ग के तहत बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई की अधिसूचना जारी की गई है, जो पिछले 74 फीसदी की सीमा को प्रतिस्थापित करती है। यह नियम सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक-2025 के तहत आया है, जिसका उद्देश्य विदेशी पूंजी, तकनीक और बेहतर उत्पाद लाना है। हालांकि एलआईसी के लिए यह सीमा 20 फीसदी ही रहेगी।

अधिसूचना के मुताबिक विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण लिखत) (द्वितीय संशोधन) नियम-2026 के अनुसार बीमा कंपनियों और ब्रोकरों सहित बिचौलियों में स्वचालित मार्ग के तहत 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति होगी। वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए ये सीमा 20 फीसदी तय की गई है। उल्लेखनीय है कि संसद ने दिसंबर 2025 में सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक-2025 को पारित किया था। इसने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को पहले के 74 फीसदी से बढ़ाकर स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत करने का रास्ता साफ किया है। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह विधेयक कानून बन गया था। इसके बाद फरवरी 2026 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई को अधिसूचित किया था।

## सरकार ने रोहित जैन को आरबीआई का डिप्टी गवर्नर किया नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने रोहित जैन को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तीन साल की अवधि के लिए की गई है। जैन वर्तमान डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रोहित जैन को भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। एसीसी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि रोहित जैन को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के पद पर तीन साल के लिए नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल पद संभालने की तारीख यानी 3 मई, 2026 से शुरू होगा यानी अगले आदेश तक लागू रहेगा, जो भी पहले हो। रोहित जैन इस पद पर टी रबी शंकर का स्थान लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल आज को समाप्त हो गया। जैन इससे पहले दिसंबर 2020 से आरबीआई में कार्यकारी निदेशक (ईडी) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कार्यकारी निदेशक के तौर पर जैन ने सुपरविजन विभाग (रिस्क, एनालिटिक्स और वल्नरेबिलिटी असेसमेंट) की जिम्मेदारी संभाली है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले महीने डिप्टी गवर्नर पद के लिए चार कार्यकारी निदेशकों का इंटरव्यू लिया था, जिसमें से रोहित जैन के नाम पर भी मुहर लगी है।

## एक्सिस बैंक की पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा की शुरुआत

एजेंसी, नई दिल्ली

एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा खोली। बैंक के इस नई सुविधा का मकसद ऑटोमेटेड लॉकर सेवाओं के जरिए बेहतर सुरक्षा और ग्राहक अनुभव देना है। एक्सिस बैंक ने शनिवार को एक बयान में कहा कि ये शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है। इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। साथ ही बैंक खासकर शहरी इलाकों में सेफ डिपॉजिट लॉकरों की बढ़ती मांग को पूरा कर रहा है। इस नई ब्रांच में डिजिटल और ऑटोमेटेड लॉकर सिस्टम को दिया गया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित और आसान एक्सेस मिलेगा। इसमें मल्टी-लेयर सिक्योरिटी, सेंसर बेस्ड प्रोटेक्शन और सेंट्रली मॉनिटर वॉल्ट जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिसकी खास बात यह है कि ग्राहक 24×7 अपने लॉकर तक पहुंच बना सकते हैं। इस ब्रांच का उद्घाटन एम नागराजू ने किया।

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड ने अपना 63वां स्थापना दिवस मनाया

एजेंसी, नई दिल्ली



वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने शनिवार को अपना 63वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर आईआईएफटी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों और इस संस्थान में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण आईआईएफटी की नई वेबसाइट का लॉन्च था, जिसका उद्देश्य छात्रों, फैकल्टी, शोधकर्ताओं और हितधारकों के लिए उपयोगकर्ता अनुभव, पहुंच और डिजिटल जुड़ाव को बेहतर बनाना है। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक संदेश के माध्यम से इस अवसर पर अपनी बधाई दी। केंद्रीय मंत्री ने भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और प्रबंधन परिदृश्य को आकार देने में संस्थान की निरंतर उत्कृष्टता की सराहना की, और वैश्विक व्यापार में नीति, अनुसंधान और क्षमता निर्माण में योगदान देने वाली एक प्रमुख संस्था के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित किया।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।